■ औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ■ बिहार एवं झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 34, अंक : 268
पृष्ठ : 14

औरंगाबाद, शनिवार
2 मार्च 2024

मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1807:** अमेरिकी कांग्रेस ने एक कानून पास कर देश में गुलामों के आयात पर रोक लगा दी थी।

**1969:** सुपरसॉनिक विमान कॉनकॉर्ड की पहली उड़ान सफल रही। ये विमान टॉलूज से उड़ा और सिर्फ 27 मिनट की उड़ान के बाद पायलट ने उसे उतारने का फैसला किया।

**1991:** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में हुए कार बम विस्फोट में देश के रक्षा उपमंत्री रंजन विजयरत्ने सहित 19 लोग मारे गए।




# यात्राओं की नौटंकी के बीच कांग्रेस और राजद में टूट की प्रक्रिया तेज : सुशील मोदी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि जिस समय कांग्रेस और राजद के राजकुमार परिवार बचाओ यात्राओं की नौटंकी कर रहे हैं, उसी समय इन दोनों दलों में टूटने की प्रक्रिया तेज हो गई। अब यह कहना कठिन है कि संसदीय चुनाव तक इन दलों में कौन टिका रहेगा। श्री मोदी ने कहा कि बिहार विधानसभा के इसी सत्र में दो सप्ताह के भीतर राजद कांग्रेस के 7 विधायक महागठबंधन छोड़ कर एनडीए के साथ आ गए जो लोग विश्वास-मत से पहले खेला होने के दावे कर रहे थे, वे अपना घर ठीक नहीं रख पाए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस और सपा के राजनीतिक प्रबंधन की गलती से क्रास-वोटिंग हुई जबकि भाजपा दूसरे दलों के विधायकों का विश्वास पाने में सफल रही। श्री मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चह्वाण और मिलिंद देवड़ा जैसे नेताओं ने कांग्रेस छोड़ दी। उन्होंने कहा कि पिछले साल के अंत में तीन हिंदी भाषी राज्यों में कांग्रेस की पराजय और इस चुनावी वर्ष के दौरान देश भर में कांग्रेस का टूटना लोकसभा के कांग्रेस-मुक्त होने का संकेत है। 17वीं लोकसभा राजद मुक्त थी और 18 वीं लोकसभा में भी उसका कोई नामलेवा नहीं रहेगा।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हुए 73 साल के, प्रधानमंत्री सहित कई लोगों ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज 73 साल के हो गए। ऐसे में जन्मदिन के मौके पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में मुलाकात कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंटकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा सुदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री आरसीपी सिंह, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, विधान परिषद के सभापति देवेशचंद्र ठाकुर समेत तमाम नेताओं की ओर से बधाई दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हार्दिक शुभकामनाएं। लोगों की सेवा में उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं। वहीं गृह मंत्री अमित शाह ने लिखा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर आपको दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन प्रदान करें। वहीं यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माता जानकी से प्रार्थना करते हुए एक्स पर लिखा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। माता जानकी से आपके लिए उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन की प्रार्थना है। इसके अलावा बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने बधाई देते हुए कहा कि अप्रतिम नेतृत्व से बिहार का नवनिर्माण करने वाले बिहार के मुख्यमंत्री व कुशल राजनेता नीतीश कुमार को जन्मदिवस की बहुत-बहुत शभकामनाएं एवं बधाई। आपके जन्मदिवस के शुभ अवसर पर ईश्वर से आपके स्वस्थ, समृद्ध एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हैं। साथ ही आपके नेतृत्व में बिहार तरक्की के नए सोपान चढ़े, यही मंगलकामना है।

# पीएम मोदी बिहार को दें विशेष राज्य का दर्जा : राबड़ी देवी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर शनिवार को बिहार आ रहे हैं। पीएम मोदी दोपहर 2:30 बजे औरंगाबाद आएंगे, उसके बाद देर शाम वह बेगूसराय जाएंगे। इस दौरान पीएम मोदी लाखों करोड़ों रुपए की योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। वहीं पीएम मोदी के आगमन से पहले विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा पीएम नरेंद्र मोदी कल बिहार आ रहे हैं तो अच्छी बात है। हम पीएम मोदी से मांग करेंगे कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाए। हम लोगों की शुरू से यह मांग रही है। उन्होंने कहा कि जब स्वर्गीय वाजपेयी जी थे, तभी हमने यह मांग कही थी, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ। अब मोदी जी आ रहे हैं तो उनसे भी यही मांग करती हूं। राबड़ी देवी ने कहा कि उनके सामने गांधी मैदान में जोगबनी में जाकर, गया में जाकर अटल बिहारी वाजपेयी जी से विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की थी और अब यही मांग पीएम मोदी से कर रही हूं। लेकिन, देखिए कब तक पूरा होता है और होता है भी या नहीं इस बार में कुछ नहीं कहा जा सकता है। लेकिन पूरा होगा, इसकी उम्मीद बेहद कम है। उन्होंने कहा कि केंद्र में अब भाजपा की सरकार है तो मैं उनसे कहना चाहता हूं कि देश में जहां-जहां गरीबी है और जो गरीब राज्य है। उसे विशेष राज्य का दर्जा देना चाहिए, बिहार सबसे गरीब राज्य है तो इसे यह पहले मिलना चाहिए, लेकिन मुझे लगता है कि जब तक भाजपा की सरकार रहेगी, तब तक यह मांग पूरी होने वाली नहीं है। उधर, महागठबंधन की रैली को लेकर राबड़ी देवी ने कहा कि लोगों की भीड़ जुट रही है, हमारी पार्टी को सभी लोग सपोर्ट कर रहे हैं। राहुल गांधी और बड़े नेता भी आ रहे हैं तो अच्छी बात है। हम लोगों की तीन तारीख की रैली में लाखों लोगों की भीड़ होगी और पूरा बिहार देखेगा कि हमलोगों को कितना लोग पसंद करता है और लोकसभा चुनाव कौन जीतेगा।

# औरंगाबाद में पीएम की सभा में शामिल होंगे पशुपति पारस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस कल औरंगाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में शामिल होंगे। इस संबंध में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल ने बताया कि पशुपति कुमार पारस शनिवार को औरंगाबाद में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शुक्रवार को नई दिल्ली से पटना पहुंचे। राष्ट्रीय प्रवक्ता अग्रवाल ने कहा कि औरंगाबाद में प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर आम जनमानस में भारी उत्साह दिख रहा है। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राज्य स्तर और स्थानीय स्तर के सभी नेता और कार्यकर्ता औरंगाबाद में घर-घर जाकर नरेंद्र मोदी की जनसभा में शामिल होने के लिए आम लोगों का आमंत्रित कर रहे हैं। कल औरंगाबाद में होने वाली प्रधानमंत्री की सभा अभूतपूर्व होगी, पिछली सारी सभाओं का कल औरंगाबाद में रिकॉर्ड टूटेगा लाखों की संख्या में नरेंद्र मोदी की सभा में लोग पहुंचेंगे।

# माल लदान में पूर्व मध्य रेल ने किया नया कीर्तिमान स्थापित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

हाजीपुर। माल लदान के क्षेत्र में पूर्व मध्य रेल द्वारा एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में फरवरी माह तक पिछले सर्वश्रेष्ठ लोडिंग का आंकड़ा पार करते हुए 178.94 मिलियन टन का माल लदान कर माल लदान के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। यह लदान पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10.43 प्रतिशत की उत्साहवर्द्धक वृद्धि के साथ 16.90 मिलियन टन अधिक है। विदित हो कि पिछले वित्त वर्ष अर्थात 2022-23 में फरवरी माह तक 162.04 मीलियन टन की माल ढुलाई की गयी थी। यह पहली बार है जब पूर्व मध्य रेल ने किसी वित्तीय वर्ष में इतने कम दिनों में यह उपलब्धि हासिल की है।

# कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पर्यटन मंत्रालय के अधीन स्वायत्तशासी संस्था होटल प्रबंधन संस्थान, हाजीपुर (आई एचएम हाजीपुर) के त्रिवर्षीय बीएससी इन एच एंड एचए पाठ्यक्रम के बैच 2021-24 के लिए आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कैंपस प्लेसमेन्ट ड्राइव में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्टार कैटेगरी होटल ग्रुप सहित विख्यात व्यवसायिक संस्थाओं ने हिस्सा लिया। इनमें ओबरॉय ग्रुप होटल्स, ताज ग्रुप होटल्स, ग्रांड हयात गोवा, जे पी पैलेस आगरा, लेमन ट्री होटल्स, जूरी होटल एंड रिसोर्ट, मेफेयर होटल्स, बारवेक्यू नेशंस, एसएमसी, प्लानेट स्पार्क आदि कंपनियों शामिल थीं। वरीय व्याख्याता सह प्लेसमेन्ट कॉडिनेटर प्रमोद सहनी एवं सहायक व्याख्याता मो. हलीम ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बताया कि कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव में आई एच एम हाजीपुर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें विभिन्न स्टार कैटेगरी होटलों तथा कंपनियों में संस्थान के बच्चों का प्लेसमेन्ट मैनेजमेन्ट ट्रेनी, होटल ऑपरेशन ट्रेनी, एसोसिएट, शिष्ट मैनेजर आदि पदों पर अधिकतम पैकेज के साथ हो चुका है तथा अभी कुछ और कंपनियां रिक्रूटमेन्ट के लिए आने वाली हैं। प्राचार्य पूलक मंडल ने कैंपस प्लेसमेन्ट ड्राइव में सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि आई एच एम हाजीपुर बिहार का एकमात्र पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था है जो विद्यार्थियों को आतिथ्य एवं होटल प्रशासन में डिग्री के साथ-साथ पर्यटन, स्किल डेवलपमेन्ट की भी जानकारी देकर देश एवं विदेशों के होटल इण्डस्ट्री में रोजगार मुहैया करा रहा है। उन्होंने बताया कि बिहार के छात्रों की डिमांड होटल इण्डस्ट्री में अधिक है क्यूंकि वे बहुत ही अधिक मेहनती होते हैं और सफलतापूर्वक कार्य करते हैं। स. प्रशासनिक अधिकारी मुर्तजा कमाल ने बताया कि विद्यार्थियों के रोजगार क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए यहां के विद्यार्थियों को देश-विदेश की संस्कृति, भाषा से भी समय-समय पर रूबरू कराया जाता है। ताकि रोजगार क्षेत्र में उन्हें भाषा एवं संस्कृति की परेशानी नहीं हो।

# जल-जीवन-हरियाली कार्यक्रम में वैश्विक जलवायु परिवर्त्तन के दुष्प्रभावों से निपटने का बेहतर प्रयास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मानवीय गतिविधियों व भौगोलिक कारणों से जनित वैश्विक जलवायु परिवर्त्तन का दुष्प्रभाव कमोबेश विश्व के अधिकांश देशों में दृष्टिगोचर हो रहा है। अपना राज्य बिहार भी इससे अछूता नहीं है। बेतरतीब तापमान वृद्धि, वर्षापात, आंधी, तूफान, लू आदि के प्रभाव से कृषि फसलों की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। राज्य सरकार द्वारा वैश्विक जलवायु परिवर्त्तन के दुष्प्रभावों से निपटने का बेहतर प्रयास जल-जीवन-हरियाली कार्यक्रम का प्रारंभ कर किया जा रहा है। साथ ही बिहार राज्य ने जलवायु अनुकूल और न्यून कार्बन विकास रणनीति तैयार कर सन् 2070 तक राज्य को जलवायु अनुकूल और कार्बन तटस्थ इकाई में बदलने की यात्रा शुरूकी है। इस परियोजना के तहत पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग, बिहार सरकार द्वारा बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् और यू.एन.ई.पी. के साथ मिलकर शक्ति सस्टेनेबल एनर्जी फाउन्डेशन, डब्लू.आर.आई. इंडिया एवं सी.ई.ई.डब्लू सहित अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त संगठनों की सहायता से एक अययन किया जा रहा है। इस हेतु पिछले दो वर्षों के अध्ययन के फलस्वरूप राज्य के लिए एक रणनीति विकसित की गई है जो जलवायु अनुकूल और न्यून कार्बन विकास मार्गों पर शमन और अनुकूलन दोनों क्षेत्रों के लिए अल्पकालिक, मध्यम और दीर्घकालिक अनुशंसायें प्रदान करती हैं। इस रणनीति को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग और बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा डब्लू.आर.आई. इंडिया के सहयोग से 04 मार्च को पटना के ज्ञान भवन में आयोजित बिहार जलवायु अनुकूल कार्रवाई सम्मेलन में विमोचित किया जा रहा है ताकि संबंधित हितधारकों को आगे के रास्ते पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ लाया जा सके। इस सम्मेलन में बिहार के लिए नवीन जलवायु वित्त-तंत्र पर चर्चा को सुविधाजनक बनाने, सार्वजनिक निजी भागीदारों के माध्यम से बिहार के ऊर्जा परिवर्त्तन को उत्प्रेरित करने, अक्षय ऊर्जा परियोजना के पैमाने को बढ़ाने, सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से बिहार के ऊर्जा परिवर्त्तन को उत्प्रेरित करना, अक्षय ऊर्जा परियोजना के पैमाने को बढ़ाने के लिए नीतियों को प्रोत्साहित करने, सभी स्तरों पर हितधारकों को शामिल करते हुए सहयोगी जलवायु कार्रवाई को बढ़ावा देने और राज्य को न्यून कार्बन मार्ग को संचालित करने में बहु-हितधारक साझेदारी की प्रभावकारिता का पता लगाना होगा।

# बोर्ड में 75 प्रतिशत नहीं होने पर मिल सकती है बड़े इंजीनियरिंग संस्थानों में एंट्री

## आईआईटी, एनआईटी में प्रवेश के लिए ही 12वीं बोर्ड में 75 प्रतिशत की बाध्यता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान में शामिल आईआईटी व एनआईटी में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली जेईई में 14 लाख से अधिक स्टूडेंट्स उपस्थित हो रहे हैं। जेईई क्रेक करने के बाद भी हजारों स्टूडेंट्स ऐसे सामने आते हैं जो कि बोर्ड पात्रता पूरी नहीं कर पाने के कारण इन संस्थानों में प्रवेश नहीं ले पाते। बड़ी बात यह होती है कि ये स्टूडेंट्स जानकारी के अभाव में ऐसे स्टूडेंट्स उन संस्थानों में भी प्रवेश से वंचित रह जाते हैं जो कि देश में ख्याति प्राप्त हैं और वहां बोर्ड पात्रता आईआईटी एनआईटी में प्रवेश के समान नहीं होती है। एलन पटना के मेंटोर, जोनल हेड एवं वाइस प्रसीडेंट डॉ.विपिन योगी ने बताया कि जेईई में बैठने के लिए बोर्ड पात्रता की जरूरत नहीं होती है, लेकिन आईआईटी व एनआईटी में प्रवेश के लिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 75 प्रतिशत की बोर्ड पात्रता निर्धारित की हुई है जो कि कई वर्षों से चली आ रही है। इस पात्रता के चलते कई स्टूडेंट्स जेईई में शामिल होने से कतराते हैं। देश में आईआईटी-एनआईटी के अतिरिक्त भी कई ऐसे बड़े ख्यातनाम इंजीनियरिंग संस्थान हैं जहां बोर्ड पात्रता 75 प्रतिशत से कम होने के बावजूद प्रवेश प्राप्त किया जा सकता है। इनमें से बहुत से संस्थानों की प्रवेश प्रक्रिया जेईई-मेन एवं एडवांस्ड की रैंक के आधार होती है। साथ ही बहुत से इंजीनियरिंग संस्थान ऐसे भी हैं जिनमें प्रवेश के लिए स्वयं की परीक्षाएं होती हैं। देश में कई बड़े इंजीनियरिंग संस्थान जैसे मनीपाल मैंगलुरू, वीआईटी वैल्लुर, अमृता चैन्नई, एसआरएम चैन्नई, कलिंगा भुवनेश्वर, पीईएस बैंगलुरू, शिवनादार नोएडा, नर्सीमुंजी मुम्बई, आईएसआई कोलकाता, सीएमआई चैन्नई, एनआईएफटी दिल्ली, एमआईटी पुणे, यूपीईएस देहरादून, एलपीयू, चितकारा चंडीगढ़ पंजाब, बैनेट नोएडा, क्यूसेट केरला, बीवीपी पुणे, बनस्थली विद्यापीठ आदि इंजीनियरिंग संस्थानों में बोर्ड पात्रता फीजिक्स, कैमेस्ट्री, मैथ्स में औसतन 60 प्रतिशत रहती है। इसके साथ ही कोमेडके प्रवेश परीक्षा के माध्यम से बैंगलुरू के शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए विकल्प दिए जाते हैं। इसके लिए भी बोर्ड पात्रता 60 प्रतिशत से कम है। यही नहीं ट्रिपलआईटी हैदराबाद के कुछ कोर्सेज में प्रवेश के लिए बोर्ड पात्रता मात्र 12वीं पास ही है। दो वर्ष पहले शुरू हुई सीयूईटी के माध्यम से इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश पर भी बोर्ड पात्रता 75 प्रतिशत से कम है। डॉ.विपिन योगी ने बताया कि टॉप संस्थानों में शामिल ट्रिपलआईटी हैदराबाद, बैंगलुरू, दिल्ली, डिटीयू, एनएसआईटी दिल्ली, थापर पटियाला, एलएनएमआईटी जयपुर, निरमा अहमदाबाद, जेपी नोएडा, धीरूभाई अंबानी अहमदाबाद, आईसीटी मुम्बई, एआईटी पुणे आदि संस्थानों में जेईई-मेन के आधार पर प्रवेश मिलता है जहां बोर्ड पात्रता 75 प्रतिशत से कम चाहिए होती है। अधिकांश कॉलेजों में बोर्ड पात्रता 12वीं में पीसीएम में औसतन 60 प्रतिशत प्राप्तांक माना जाता है। इसी प्रकार जेईई-एडवांस्ड की परीक्षा के माध्यम से कई श्रेष्ठ संस्थान आईआईएससी बैंगलुरु, आईआईएसटी त्रिवेंद्रम, आईआईएससीआर पुणे, राजीव गांधी पेट्रोलियम रायबरैली, आईआईपीई विशाखापट्टनम में प्रवेश मिलता है जिसमें 75 प्रतिशत की बोर्ड पात्रता लागू नहीं है। इसके अतिरिक्त देश के कई स्टेट इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए स्टेट लेवल एंट्रेंस एग्जाम होते हैं और जेईई-मेन के आधार पर भी प्रवेश दिया जाता है, लेकिन यहां भी बोर्ड पात्रता 60 प्रतिशत से कम है।

# देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता

## कैरम प्रतियोगिता का बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश करेंगे उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के आज के परिणाम इस प्रकार हैं- 200मीटर दौड़ पुरूष वर्ग, प्रथम अमरजीत (डी एल एड 1), द्वितीय ज्ञान गौरव (बी एड 2), तृतीय किशलय कश्यप (बी एड 2), 200मीटर दौड़ महिला वर्ग, प्रथम आयुषी (बी एड 1), द्वितीय स्वाति। द्वितीय खेलों का संचालन सहायक प्राध्यापिका मिताली मित्रा ने किया तथा सहायक के रूप में चंद्रकांत आर्य और विकास कुमार ने योगदान दिया। इस अवसर पर एथलेटिक्स के राष्ट्रीय स्तर के तकनीकी पदाधिकारी रामरतन सिंह मौजूद थे। इस क्रीड़ा प्रतियोगिता में टग ऑफ वॉर खेल का भी आयोजन किया गया। क्रीड़ा प्रतियोगिता के समय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर पूनम वर्मा, वित्त मंत्री विवेक रंजन, सहायक मंत्री उर्मिला कुमारी, सहायक प्राध्यापिका रिंपल कुमारी, डॉक्टर प्रतिमा कुमारी, डॉक्टर शादमा शाहीन, डॉक्टर रीना चौधरी, रीना रंजन, रजनी रंजन, मंजरी चौधरी, सुधीर पाठक, अमित कुमार, कमलेश कुमार ये सभी उपस्थित थे। 2 मार्च को कैरम प्रतियोगिता का उद्घाटन बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश के द्वारा किया जाएगा।

# दीपंकर भट्टाचार्य ने भाजपा पर लगाया विधायकों को खरीदने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाकपा-माले ने महागठबंधन में विधायकों के टूटने पर गहरी आपत्ति जताई है। तीन मार्च को आयोजित होने वाली महागठबंधन की रैली में शामिल होने के लिए पटना पहुंचे भाकपा-माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने भाजपा को देश की सबसे बड़ी भ्रष्टाचारी पार्टी बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार से जमा किए गए पैसों से विधायकों की फरीद फरोख्त कर रही है। दरअसल, बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद से ही विपक्ष के विधायक पाला बदलकर एनडीए में शामिल हो रहे हैं। विधायकों के लगातार पाला बदलने को लेकर विपक्ष आरोप लगा रहा है कि भाजपा विधायकों को पैसे देकर पाला बदलवा रही है। ऐसे में दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा है कि देश के सबसे बड़ी भ्रष्टाचारी पार्टी अगर कोई है तो वह भाजपा है। उन्होंने कहा कि विधायकों को डरा धमकाकर या पैसे का लालच देकर भाजपा पार्टी में शामिल करा रही है जिन्होंने दल बदला है, इसके खिलाफ उन क्षेत्रों के विधायकों को समर्थन नहीं करने की अपील जनता से करेंगे।

# कटिहार-खगड़िया-मुंगेर-सुलतानगंज-भागलपुर के रास्ते डिब्रूगढ़ और देवघर के मध्य एक नई ट्रेन का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कटिहार-खगड़िया-मुंगेर- सुलतानगंज-भागलपुर के रास्ते डिब्रूगढ़ और देवघर के बीच एक नई ट्रेन 15925/15926 देवघर-डिब्रूगढ़-देवघर एक्सप्रेस (साप्ताहिक) का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। इस नई ट्रेन का शुभारंभ 1 मार्च 2024 को मोहनपुर से 03509 देवघर-डिब्रूगढ़ उद्घाटन स्पेशल के रूप में किया गया। इस नई ट्रेन का नियमित परिचालन डिब्रूगढ़ से 05.03.24 से सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को तथा देवघर से 07.03.24 से सप्ताह के प्रत्येक गुरुवार को किया जायेगा। गाड़ी संख्या 15926 डिब्रूगढ़-देवघर एक्सप्रेस 05.03.2024 से सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को डिब्रूगढ़ से 23.30 बजे खुलकर गुरुवार को 06.00 बजे देवघर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 15925 देवघर-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस 07.03.2024 से सप्ताह के प्रत्येक गुरुवार को देवघर से 20.05 बजे खुलकर शुक्रवार को 23.00 बजे डिब्रूगढ़ पहुंचेगी। इस नई ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02 कोच, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 06 कोच, शयनयान श्रेणी के 07 कोच, साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे ।

# भाजपा के बहुत सारे लोग कांग्रेस में आना चाहते हैं : डा.अखिलेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** कभी-कभी शिकारी खुद शिकार बन जाता है। तोड़फोड़ की जो सियासत भाजपा ने शुरू की उसका शिकार खुद भाजपा बन रही है। बहुत लोग मेरे सम्पर्क में हैं जो भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आना चाहते हैं, लेकिन मैंने यह शर्त रख दिया है कि कांग्रेस में वगैर शर्त ही प्रवेश संभव होगा। भाजपा ने प्रजातंत्र को मंडी समझती है इसका खामियाजा उसको भुगतना होगा। उक्त बातें बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डा. अखिलेश प्रसाद सिंह ने पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम में शुक्रवार को आयोजित एक मिलन समारोह में कही। मिलन समारोह में भाजपा नेता मंटू शर्मा ने आज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थाम लिया। इसके अलावा पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अचला सिंह ने भी हाथ के साथ चलने का निर्णय लिया। प्रदेश अध्यक्ष ने दोनों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। मंटू शर्मा बिक्रम विधान सभा क्षेत्र से आते हैं और पूर्व में कांग्रेस के पटना ग्रामीण जिला के अध्यक्ष रह चुके हैं। इस अवसर पर डा. सिंह ने कहा कि इन दोनों के पार्टी में आने से पार्टी मजबूत होगी। अधिवक्ता अचला सिंह ने कहा कि कांग्रेस न्याय की बात करती है और राहुल जी के यात्रा का नाम भी न्याय यात्रा है इसलिए केवल कांग्रेस ही हमारे लिये उपयुक्त जगह थी। दोनों को तीन मार्च की महारैली में अपना दमखम दिखाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे उनमें प्रमुख हैं-पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, डा. अशोक कुमार, अवधेश कुमार सिंह, लाल बाबू लाल, प्रमोद कुमार सिंह, कपिलदेव प्रसाद यादव, ब्रजेश प्रसाद मुनन, राजेश राठौड़, ब्रजेश पाण्डेय, डा. विनोद शर्मा, आईपी गुप्ता, वीके रवि, मिन्नत रहमानी, नागेन्द्र कुमार विकल, संजय यादव, सुदय शर्मा, रामाशंकर पाण्डेय।

# माले विधायक ने उठाया बिहार में डॉक्टरों की कम संख्या होने का सवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा में आज प्रश्नोत्तर काल के दौरान सवाल उठाते हुए भाकपा-माले विधायक अजीत कुमार ने कहा कि राज्य में कई जगह डॉक्टरों की संख्या कम रहने से इमरजेंसी सेवा प्रभावित हो रही है। ऐसे में सरकार को इस बारे में विचार करना चाहिए। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री सम्राट चौधरी ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस पर जल्द ध्यान दिया जाएगा। दरअसल, विधायक अजीत कुमार ने कहा कि अलग-अलग अस्पतालों में डॉक्टर की संख्या कम रहने से ओपीडी सेवा प्रभावित होती है या नहीं मैं यह सवाल करना चाहता हूं, लेकिन इसका जवाब मुझे नहीं मिला है जिसके बाद स्वास्थ्य मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जवाब बिल्कुल साफ है, सदस्य इधर-उधर नहीं घुमाएं। उन्होंने कहा कि हकीकत यह है कि डुमरा अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सकों की स्वीकृत पदों की संख्या के 9 पद पर मौजूद हैं जबकि वहां एक हड्डी रोग विशेषज्ञ भी मौजूद हैं। उन्होंने यह सवाल किया है कि यदि किसी का दुर्घटना के दौरान हड्डी टूट जाता है तो उनका इलाज नहीं होता। इस बारे में ध्यान दिया जाए। उसके बाद विधायक ने कहा कि ऑपरेशन के बारे में जवाब देते हुए सरकार की तरफ से कहा गया है कि कभी-कभी होता है, लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि कभी नहीं होता है यहां जो डॉक्टर की ड्यूटी लगी है, वह अस्पताल के बाहर प्राइवेट क्लिनिक चलाते हैं तो क्या उनपर तुरंत यानी यथाशीघ्र एक्शन होगा।

CMYK

■ औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ■ बिहार एवं झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 34, अंक : 268
पृष्ठ : 14
औरंगाबाद, शनिवार
2 मार्च 2024
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1807:** अमेरिकी कांग्रेस ने एक कानून पास कर देश में गुलामों के आयात पर रोक लगा दी थी।

**1969:** सुपरसॉनिक विमान कॉनकॉर्ड की पहली उड़ान सफल रही। ये विमान टॉलूज से उड़ा और सिर्फ 27 मिनट की उड़ान के बाद पायलट ने उसे उतारने का फैसला किया।

**1991:** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में हुए कार बम विस्फोट में देश के रक्षा उपमंत्री रंजन विजयरत्ने सहित 19 लोग मारे गए।


**शुरुआत करने का तरीका है कि बातें बंद करें और काम शुरू करें।**

# बिहार में सस्ती होगी बिजली

## विद्युत विनियामक आयोग ने दिया बिजली की कीमत में कमी लाने का आदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य विद्युत विनियामक आय़ोग ने बिहार के लोगों को मिल रही बिजली के कीमत में कमी लाने का संकेत दिया है। अर्थात अब पहले के मुकाबले सस्ती बिजली मिलेगी। बिजली का दर तय करने के लिए बने बिहार राज्य विद्युत विनियामक आयोग ने बिहार में मौजूदा बिजली की दर में इजाफा करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। साउथ और नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने 36 से 40 पैसे तक प्रति यूनिट वृद्धि का प्रस्ताव दिया था। इस प्रस्ताव पर सुनवाई के बाद आज विद्युत विनियामक आयोग ने अपने फैसले में कहा है कि बिजली के मौजूदा दर में 2 परसेंट की कटौती की जाएगी। नए रेट 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगा। इसका मतलब यह है कि अगर आप पहले 100 रूपये बिजली बिल चुका रहे थे तो 1 अप्रैल 2024 के बाद आपको 98 रूपये ही देने होंगे। बिल में दो रूपये की कमी आयेगी। विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली कंपनियों के रेट बढाने के प्रस्ताव पर आम लोगों, व्यापारिक संगठनों और उद्योग चलाने वालों से सुझाव मांगा था। आयोग ने पटना सहित 4 जिलों में जनसुनवाई कर बिजली उपभोक्ताओं, संगठनों और बिजली कंपनी के अधिकारियों का पक्ष सुना था। आज अपने फैसले में आयोग ने कहा है कि बिहार में बिजली सप्लाई कर रही कंपनियां अगर नुकसान में है तो इसकी वजह उनकी लापरवाही है। उपभोक्ता बाजिव पैसा चुका रहे हैं। अब इसमें इजाफा करने के बजाय रेट को कम करना चाहिये। हालांकि बिहार में कम आय वालों को फ्री बिजली देने की मांग उठ रही थी। देश के कई राज्यों में मुफ्त बिजली दिया जा रहा है। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल में ही विधानसभा में कहा था कि उनकी सरकार लोगों को फ्री में बिजली नहीं देगी। नीतीश कुमार ने कहा कि हम कम पैसा ले रहे हैं और लोगों को सब्सिडी दे रहे हैं। आम लोगों को सस्ती बिजली मिले इसके लिए राज्य सरकार अभी 14 हजार करोड़ रुपए की सब्सिडी दे रही है। वहीं बिजली विभाग के बजट पर चर्चा करते हुए ऊर्ज़ा मंत्री बिजेन्द यादव ने कहा था कि पैसा गाछ (पेड़) में नहीं फलता।



# पीएम मोदी आज बिहार को देंगे करोड़ों की सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच दिनों के भीतर दो बार बिहार आएंगे। आगामी दो मार्च को पीएम औरंगाबाद और बेगूसराय जबकि 6 मार्च को बेतिया में दो लाख करोड़ से अधिक की योजनाओं की सौगात देंगे। इसके साथ ही वह जनसभा को भी संबोधित करेंगे पीएम मोदी का लगभग 20 महीने बाद बिहार दौरा होगा। पिछली बार जब पीएम बिहार आए थे तो उस समय एनडीए की ही सरकार थी। महागठबंधन सरकार के दौरान पीएम मोदी बिहार का दौरा नहीं हुआ। अब जबकि सरकार बदल गई है, तो उनका राज्य में पहला दौरा होने जा रहा है। अधिकारिक जानकारी के अनुसार औरंगाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्रालय की 11 परियोजनाओं की सौगात बिहारवासियों को देंगे। इसकी लागत 18 हजार 188 करोड़ है। इसी तरह रेलवे की चार परियोजनाओं की लागत 826 करोड़ है। जलशक्ति मंत्रालय की 12 योजनाओं की लागत 2188 करोड़ है। इस तरह औरंगाबाद में पीएम मोदी कुल 21 हजार 203 करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे। वहीं बेगूसराय में प्रधानमंत्री रेलवे की 3917 करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे। इसके अलावा इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन व अन्य केंद्रीय मंत्रालयों की एक लाख 56 हजार करोड़ की योजनाओं की सौगात बिहारवासियों को देंगे। इस तरह बेगूसराय में कुल एक लाख 60 हजार करोड़ की योजनाओं की सौगात पीएम मोदी बिहार को देंगे। बेगूसराय से लॉन्च होने वाली राष्ट्रव्यापी योजना में से 29 हजार करोड़ की परियोजना बिहार के लिए है। इसके साथ ही पीएम मोदी आयुष्मान भारत की योजना को भी लॉन्च करेंगे। जिनके पास राशन कार्ड हैं यानी जिन्हें अभी अनाज मुफ्त में मिल रहा है, उन सभी परिवारों को मुफ्त में इलाज मिलेगा। वहीं, आगामी 6 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेतिया आएंगे। बेतिया में वह लगभग 19 हजार करोड़ की योजनाओं की सौगात बिहारवासियों को देंगे। बिहार दौरे के दौरान पीएम मोदी के साथ नगर विकास सह पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पूरी, रसायन-उर्वरक, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया, रेल, डाक और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव के अलावा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह भी शामिल होंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम में विभागों के राज्यमंत्री भी आ रहे हैं। इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और दोनों उपमुख्यमंत्री क्रमशः सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी मौजूद रहेंगे।

**औरंगाबाद से शुरू होगा सिलसिला**



## भभुआ विधायक भरत बिंद एनडीए में शामिल

**पटना।** लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में राजद को एक बार फिर से झटका लगा है। भभुआ से राजद विधायक भरत बिंद ने भी पाला बदल लिया है। शुक्रवार को विधानसभा सत्र के दौरान वह सत्ता पक्ष के पास जाकर बैठ गये। इसके बाद अब यह साफ हो गया है कि वह एनडीए में शामिल हो गए हैं। लेकिन अभी तक यह साफ नहीं है कि वह किस पार्टी में शामिल होंगे। बिहार विधानसभा बजट सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को भरत बिंद सत्ता पक्ष के खेमे में आकर बैठ गये। वह बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ विधानसभा पहुंचे और सदन से बाहर निकलकर वापस सम्राट चौधरी के केबिन में वापस चले गये। इस बीच नवादा जिले के हिसुआ से कांग्रेस की विधायक नीतू सिंह ने कहा कि अगर उन्हें बीजेपी से लोकसभा चुनाव का टिकट मिल गया तो वह उस पार्टी में चली जाएंगी।

# झारखंड का विकास मोदी की गारंटी : प्रधानमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनबाद में कहा कि झारखंड का विकास होगा। यह मोदी की गारंटी है। वर्तमान सरकार के पास कोई विजन नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में करीब 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं। अभी भी जो लोग गरीबी में जी रहे हैं, उनकी गरीबी भी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी का संकल्प है- 'विकसित भारत' के लिए 'विकसित झारखंड'। प्रधानमंत्री ने धनबाद की विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झामुमो और कांग्रेस ने जनजातियों को सिर्फ वोट बैंक समझा। ये लोग यहां के प्रतिभाशाली नौजवानों को कभी आगे नहीं बढ़ाएंगे, क्योंकि परिवारवादी अपने ही परिवार के बारे में सोचते हैं। मोदी आपके बारे में सोचता है, आपके भविष्य के बारे में सोचता है। आप ही मेरे परिवारजन हैं, आपके बच्चों का भविष्य, मेरी गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि ये इंडी गठबंधन वाले कितना भी दबाव बना लें, लेकिन ये मोदी न दबने वाला है और न ही हटने वाला है। उन्होंने कहा कि मुफ्त अनाज की योजना मोदी चालू रखेगा, ताकि गरीब के घर का चूल्हा जलता रहे। पीएम मोदी ने धनबाद में भाजपा की विजय संकल्प महारैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का एक ही मकसद है- विकास, विकास और तेज विकास। वहीं, कांग्रेस हो या उसके सहयोगी दल, सभी विकास के सबसे बड़े दुश्मन हैं। उन्होंने कहा कि देश कह रहा है- जहां दूसरों से उम्मीद खत्म हो जाती है, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। झारखंड के लोग मोदी की ऐसी अनेक गारंटियों के गवाह हैं, जो बीते वर्षों में पूरी हुई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि झारखंड में तेज विकास के लिए जरूरी है कि यहां कानून व्यवस्था अच्छी हो। शासन-प्रशासन ईमानदार हो। लेकिन जब से यहां झामुमो और कांग्रेस की सरकार बनी है, तब से यहां स्थितियां बदल गईं हैं। उन्होंने झामुमो और कांग्रेस को परिवारवादी, भ्रष्टाचारी और तुष्टिकरण वाली सरकार करार दिया। उन्होंने कहा कि जेएमएम का मतलब हो गया है- जमकर खाओ।




## बोलेरो ने मां-बेटे को रौंदा, मौत


**गया।** बेलागंज थाना क्षेत्र के नीमा गांव के पास एनएच-83 पर सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गयी। मृतक रिश्ते में मां-बेटे थे। वहीं सड़क हादसे में हुई दो मौत के विरोध में ग्रामीण आक्रोशित होकर सड़क पर प्रदर्शन करने लगे। आक्रोशित ग्रामीणों ने गया-पटना मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और चालक की गिरफ्तारी व मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार गया-पटना मुख्य मार्ग पर बेलालंज थाना क्षेत्र के नीमा गांव के पास एक तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो ने महिला व मासूम को कुचल दिया। मृतक महिला की पहचान बेलागंज थाना क्षेत्र के बेलाडीह गांव की रहने वाली बजरंती देवी के रूप मे हुई है। महिला के साथ उसके तीन वर्षीय बेटे को भी बोलेरो ने रौंद दिया जिससे मासूम की मौत भी मौके पर ही हो गयी। बताया गया कि महिला अपने मासूम बेटे के साथ मायके से आ रही थी। इसी क्रम में तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो की चपेट में पड़ गयी।

## संजय मयूख ने सीएम को दी जन्मदिन की बधाई, की विकास कार्यों की सराहना



**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह विधान पार्षद संजय मयूख ने शुक्रवार को सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मुख्यमंत्री के स्व्रस्थ जीवन की कामना की। साथ ही, विकास कार्यों की सराहना की।



## बोलेरो ने मां-बेटे को रौंदा, मौत

**गया।** बेलागंज थाना क्षेत्र के नीमा गांव के पास एनएच-83 पर भीषण सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गयी। सड़क हादसे में हुई दो मौत के विरोध में ग्रामीण आक्रोशित होकर सड़क पर प्रदर्शन करने लगे। आक्रोशित ग्रामीणों ने गया-पटना मुख्य मार्ग एनएच -83 को जाम कर दिया और चालक की गिरफ्तारी व मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, गया-पटना मुख्य मार्ग पर बेलागंज थाना क्षेत्र के नीमा गांव के पास एक तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो ने महिला व मासूम को कुचल दिया। मृतक महिला की पहचान बेलागंज थाना क्षेत्र के बेलाडीह गांव की रहने वाली बजरंती देवी के रूप मे हुई है। महिला के साथ उसके तीन वर्षीय बेटे को भी बोलेरो ने रौंद दिया जिससे मासूम की मौत भी मौके पर ही हो गयी। बताया गया कि महिला अपने मासूम बेटे के साथ मायके से आ रही थी। इसी क्रम में वो सड़क पार कर रही थी। लेकिन तेज रफ्तार से आ रही एक बोलेरो की चपेट में पड़ गयी और बोलेरो ने दोनों को रौंद डाला। दोनों की मौत मौके पर ही हो गयी। बोलेरो का चालक हादसे के बाद फरार हो गया। वहीं मृतक महिला व बच्चे के शव को बेलागंज पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया। वहीं इस घटना के बाद परिजनों को सूचना मिली जिसके बाद गांव मे हड़कंप मच गया। एक साथ घर में दो-दो मौत के बाद गांव मे मातम पसरा हुआ है।

# नवादा में आयुष्मान भारत के लिए जागरुकता रथ रवाना




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** बिहार के नवादा में समाहरणालय परिसर से जागरुकता रथ निकाला गया। जागरुकता रथ को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार, उप विकास आयुक्त दीपक मिश्रा और सिविल सर्जन रामप्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान भारत के लिए लोगों को जागरुक किया जाएगा।

**आयुष्मान भारत कार्ड के लिए लगेगा शिविर :** इस दौरान जिलाधिकारी आशुतोष कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत दो मार्च से सभी पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाना है। इस शिविर को लेकर पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की गई थी। बैठक में शिविर को सफल बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

**जागरुकता रथ लोगों को करेगा जागरूक :** डीएम ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जो भी लाभार्थी हैं, उन सभी को आयुष्मान भारत कार्ड का लाभ देना है। उन्होंने बताया कि यह प्रचार-प्रसार रथ जिले के विभिन्न पंचायत में जाकर लोगों को जागरूक करेगी, ताकि वे इस योजना का लाभ ले सकें। इस कार्यक्रम में चिकित्सक डॉक्टर बीवी सिंह, जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी संजय प्रसाद, डॉक्टर अशोक कुमार के साथ अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## रविवार से शुरू होगा बालू का उठाव

**नारदीगंज(नारदीगंज)।** प्रखंड क्षेत्र के लोगों को बालू के समस्या से जल्द निजात मिलने वाला है। बालू की समस्या तीन प्रखंडवासी झेल रहे थे। बालू का उठाव नहीं होने के कारण विकास का बहुत सा कार्य ठप्प पड़ गया था। लोगों को मकान दुकान भी बनाना मुश्किल हो गया था क्योंकि कोई भी ट्रैक्टर वाला बालू लाने के लिए नदी में नहीं जा रहा था। चोरी छिपे बालू उठाव के क्रम में खनन विभाग के द्वारा सैकड़ों ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया था, साथ ही सभी ट्रैक्टर मालिकों पर प्राथमिकी भी दर्ज करवा दिया गया था। बालू खनन के लिए शुक्रवार से नदी में जेसीबी मशीन से रास्ता बनाया जा रहा है, ताकि बालू उठाव में परेशानी नहीं हो सके। इस सम्बंध में कंट्रक्सन कंपनी के ठीकेदार प्रीतम कुमार ने कहा कि नारदीगंज प्रखंड के प्रतापपुर बालू घाट से बालू उठाव का सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** अज्ञात वाहन के चपेट में आने से ई-रिक्शा चालक की मौत हो गयी। यह घटना जिले के रजौली थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेव मोड़ के पास हुई, जहां अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा में जोरदार ठोकर मार दिया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर ही ई-रिक्शा चालक की मौत हो गयी। मौत के बाद ग्रामीणों में मचा अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया जाएगा। मृतक की पहचान रजौली थाना क्षेत्र के चौथा गांव निवासी चोबू साहू के 52 वर्षीय पुत्र भागीरद साहू के रूप में किया गया है।



## 145 लीटर महुआ शराब के साथ बाइक जब्त

**नवादा।** जिले की पुलिस अवैध शराब को लेकर एक्टिव मोड में है। लगातार शराब को लेकर धरपकड़ और छापेमारी किया जा रहा है। इसी कड़ी में हिसुआ थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने खदेड़ कर एक मोटरसाइकिल पर रहे दो बोरे में देसी शराब को जब्त किया है। अपर थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार पप्पू ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शराब कारोबारी डिलेवरी के लिए महुआ शराब ले जा रहा है। जिसकी निशानदेही पर जाल बिछाया गया। कारोबारी सरतकिया रोड में एक मोटरसाइकिल से शराब ले जा रहा था, जिसका पीछा कर पकड़ने का प्रयास किया। इतने में शराब कारोबारी मोटरसाइकिल समेत शराब छोड़कर भागने में सफल रहा। पुलिस मौके से शराब एवं मोटरसाईकिल को जब्त कर हिसुआ थाने लायी है।

# डीएम ने जनता दरबार में मामलों का किया ऑन स्पॉट निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

नवादा। आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में कुल 33 आवेदन आये, जिसमें कई आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया।

जनता दरबार में आपूर्ति, भूमि विवाद, राजस्व, मद्य निषेध, शिक्षा, भू अर्जन, पारिवारिक विवाद, अतिक्रमण, आईसीडीएस आदि से संबंधित मामले आए।

जनता दरबार में प्रखंड-कौआकोल, ग्राम-पाण्डेय गंगोट, पो0-फुलडीह के मन्टु कुमार, प्रखंड-नवादा, थाना-मुफस्सिल, ग्राम-बीबीपुरा के विद्या देवी, प्रखंड-पकरीबरावां के किरण देवी, प्रखंड-नारदीगंज, पंचायत-कोशला, ग्राम-मियां विगहा के रिंकु देवी, थाना-अकबरपुर, ग्राम-पकरी के प्रिती प्रिया द्वारा आवेदन दिया गया। जिलाधिकारी ने न केवल आये हुए परिवादियों से उनकी समस्याओं को सुना बल्कि समस्याओं के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त जन शिकायतों को पूरी गंभीरता से लेकर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ उसका त्वरित निष्पादन भी करें। जनता दरबार में दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त, चन्द्रशेखर आजाद अपर समाहर्ता उपस्थित थे।

## नवादा क्रिकेट क्लब ने आंबेडकर क्लब को 48 रनों से हराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा के तत्वाधान में जिला क्रिकेट लीग 2023- 24 का आज का मुकाबला लौन्द के उच्च विद्यालय मैदान में नवादा क्रिकेट क्लब एवं अंबेडकर क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। सुबह में नवादा क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 31.3 ओवर में 141 रनों पर आल आउट हो गई। नवादा क्रिकेट क्लब की ओर से बल्लेबाजी करते हुए रविकांत कुमार ने 34 पृथ्वी ने 33 और बादल ने 28 रनों का योगदान दिया। वहीं गेंदबाजी में अंबेडकर क्रिकेट क्लब के गेंदबाज सनी ने तीन, वीर ने दो ,सुमंत तेजस सौरभ और हर्ष ने एक-एक विकेट हासिल किया। जवाब में उत्तरी अंबेडकर क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 24 ओवर में 93 रनों पर ढेर हो गई। अंबेडकर क्रिकेट क्लब की ओर से बल्लेबाजी करते हुए सौरभ रंजन ने 30 जबकि हर्ष राज ने 20 रनों का योगदान दिया।

## नारदीगंज में चलाया गया वित्तीय जागरुकता अभियान

**नवादा ।** शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार नवादा जिला के नारदीगंज प्रखण्ड में पेशनर्स समाज के भवन में पेशनर्स एवं वरीय नागरिकों के साथ वित्तीय साक्षरता सप्ताह के अंतिम दिन का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। दूसरी जगह उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोतरायण में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उक्त अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक संजीव कुमार दास, डॉ सुबोध कुमार वितीय साक्षरता समन्वयक नवादा, नारदीगंज पीएन बी वरीय प्रबंधक शशिभूषणप्रसाद, बैंक के विपिन कुमार एवं पेंशनर्स समाज नारदीगंज के अध्यक्ष रामधनी प्रसाद सचिव श्रीकान्त शर्मा कोषाध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद सिंह के साथ पेशनर्स साथी उपस्थित रहे।

# चिल्ड्रेन पार्क एवं तालाब निर्माण को ले स्थलीय जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नगर स्थित हरिश्चंद्र स्टेडियम के उत्तर, गोवर्द्धन मंदिर के सामने आधुनिक साज-सज्जा के साथ चिल्ड्रेन पार्क एवं तालाब निर्माण हेतु नवादा विधायक विभा देवी का प्रयास फलीभूत होने लगा है। इस संदर्भ में शुक्रवार को नवादा डीएफओ एवं जिला विकास आयुक्त ने स्थल निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से विचार विमर्श किया। स्थल का सर्वे रिपोर्ट के अनुसार यहां कुल 4.54 एकड़ जमीन उपलब्ध है, किन्तु कुछ हिस्सा तालाब में रहने के कारण कहीं-कहीं 15 फीट तक गड्ढा है। जिसे भरने की विभागीय इजाजत मिलना शेष है। दूसरी ओर इस जमीन पर मतस्य विभाग का कार्यालय भी है जो अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं दे रहा है। डीएफओ ने बताया कि अगर मतस्य विभाग प्रमाणपत्र निर्गत कर देता है तो दो



महीने में ही पार्क बनकर तैयार हो सकता है। मतस्य विभाग के अधिकारियौं ने विभागीय आदेश का हवाला देकर अनापत्ति प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है। हालांकि विधायक विभा देवी तमाम अड़चनों को दूर करने की कोशिश कर रहीं हैं ताकि शीघ्र-अतिशीघ्र यहां सुंदर पार्क और तालाब निर्माण कराया जा सके। डीडीसी एवं डीएफओ ने कहा कि अगर बिना किसी ओल-झोल के जमीन उपलब्ध होता तो निर्माण कार्य शुरू हो गया होता। उन्होंने उम्मीद जाहिर की है कि विभागीय पत्राचार एवं विधायक की कोशिशो के बाद सारी बाधायें दूर होगी और निर्माण कार्य प्रारंभ हो सकेगा। मौके पर संबंधित अभियन्ता, अमीन आदि भी मौजूद थे जिन्होंने स्थल निरीक्षण में मदद की। इसके अलावे विधायक के निजी सचिव राकेश सिन्हा, प्रतिनिधि सह मीडिया प्रभारी शंभु विश्वकर्मा भी मौके पर उपस्थित रहकर पार्क की उपादेयता से अवगत कराया।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिले की हिसुआ पुलिस ने अवैध खनन मामले में एक बालू लदा ट्रैक्टर क़ो जब्त किया है। हिसुआ थाना अपर थानाध्यक्ष एसआई हिमांशु कुमार पप्पू ने बताया कि थानाक्षेत्र के धनार्जय नदी में बालू माफियाओं द्वारा अवैध खनन कर बालू की चोरी की जा रही है। जिसके बाद एसआई धनवीर कुमार एवं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर एक बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है, वहीं कई अन्य ट्रैक्टर को चालक लेकर फरार हो गया है। पुलिस ने एक बालू लदा ट्रैक्टर क़ो जब्त किया और अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।

# महिला सहकर्मी को शादी का झांसा देकर किया यौन शोषण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिले के वारिसलीगंज प्रखंड में कार्यरत एक कार्यपालक सहायक पर उसकी महिला सहकर्मी ने ही यौन शोषण का आरोप लगा है। आरोप है कि पहले प्रेम जाल में फंसाया, फिर शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद जब प्रेग्नेंट हो गई, तो उसे गर्भपात करा दिया। अब वह शादी से ही मुकर गया है। पीड़िता द्वारा शादी के लिए दवाब बनाने पर आरोपित ने पीड़िता की नौकरी से हटाने से लेकर तरह -तरह की धमकियां देता है। परेशान होकर पीड़िता ने 28 फरवरी को वारिसलीगंज थाने में लिखित शिकायत दी है। यह आरोप वारिसलीगंज प्रखंड में कार्यरत कार्यपालक सहायक सूरज कुमार पिता राजेंद्र विश्वकर्मा के ऊपर लगा है। आरोपित युवक और पीड़िता

**गर्भवती होने पर शादी से मुकरा**

दोनों साथ काम करते हैं। दोनों वारिसलीगंज में ही अलग-अलग मोहल्ले में किराए के मकान में रहते हैं। पीड़िता ने कहा कि हम दोनों लंबे समय से एक ही कार्य स्थल पर काम कर कर रहे हैं। इस दौरान हम लोगों का आपस में प्रेम-प्रसंग हो गया। इसके बाद सूरज ने शादी का भरोसा दिलाकर मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया। जब मैं गर्भवती हो गई, तो उसने शादी से इनकार कर दिया। काफी आरजू-मिन्नत के बाद भी वह शादी को राजी नहीं हुआ, तब 28 फरवरी 2024 को मैं वारिसलीगंज थाने पहुंचकर शिकायत दी। थाना में उस दौरान थानाध्यक्ष मौजूद नहीं थे, ऐसे में वहां कार्यरत एक महिला कर्मी के द्वारा कल आने की बात कर कर वापस भेज दी। हालांकि शिकायत पत्र को उस महिला कर्मी ने अपने पास रख लिया। पीड़िता आगे बताती हैं कि 29 फरवरी की सुबह जब मैं थाना जा रही थी, तब थाना चौक पर सूरज के कुछ लोगों ने यह कहकर रोक लिया कि हमलोग बैठकर समस्या का हल निकाल लेंगे। लेकिन, बाद में फिर सूरज शादी से मुकर गया। उसने पूर्व की भांति ही देख लेने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार पहली बार उसके साथ 8 फरवरी को भी सूरज ने दुर्व्यवहार किया था। तब हमने अपने नियंत्री अधिकारी से शिकायत की थी, लेकिन सभी सूरज के पक्ष में खड़ा दिखते हैं। सारी बात को भूल जाने को कहते हैं। सूरज शादी करने की बजाय नौकरी खा जाने, देख लेने, कुछ नहीं बिगड़ने आदि-आदि की धमकी दे रहा है। कोई रास्ता नहीं सूझा तब थाना जाकर शिकायत दर्ज कराई।

## लावारिस अवस्था में विदेशी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिले की हिसुआ थाने की पुलिस ने छापेमारी करते हुए लावारिश अवस्था में रहे विदेशी शराब क़ो जब्त किया है। अपर थानाध्यक्ष एसआई हिमांशु कुमार पप्पू ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शराब कारोबारी द्वारा विदेशी शराब सड़क किनारे छिपाकर रखी गयी है। जिसके बाद हिसुआ थाने की पुलिस ने हिसुआ-नवादा पथ पर टीएस कॉलेज के समीप से सड़क किनारे रहे विदेशी शराब को जब्त कर थाने लायी है। उन्होंने बताया कि जब्त कुल शराब की मात्रा 11.355 लीटर है। पुलिस इस बाबत अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

## म्यूटेशन के लिए पंचायत स्तर पर लगेंगे कैंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** राजस्व एवं भूमि सुधारराज कपूर विभाग ने जमीनों की शत फीसद दाखिल-खारिज किए जाने के कार्यो में तेजी लाए जाने की पहल की है। खासकर ऐसे जमीन धारक जिसने अभी तक स्वयं के नाम से जमाबंदी नहीं की है। विभाग के सचिव जय सिंह ने जिला प्रशासन को पत्र जारी कर सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, बुधवार व गुरुवार को कैंप लगाने का आदेश दिया है। सुविधा के अनुसार पंचायत भवन, ग्राम कचहरी, सामुदायिक भवन व हलका मुख्यालय में कैंप लगाने को कहा गया है। प्रतिक्षारत राजस्व अधिकारियों को भी आयोजित शिविर में पर्यवेक्षण के प्रतिनियुक्त करने को कहा गया है। शिविर में स्वघोषित वंशावली के साथ बंटवारानामा (शेड्यूल) आवेदन ग्रामीण दें सकते है।

# 300 से अधिक दुकानों पर बनेंगे आयुष्मान कार्ड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** योग्य लाभुकों का अब जनवितरण प्रणाली की दुकानों पर वसुधा केंद्र के ऑपरेटर आयुष्मान कार्ड बनाएंगे। जिले की 300 से अधिक दुकानों पर यह सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए शुक्रवार को सदर अस्पताल से जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। डीपीएम श्याम कुमार निर्मल ने बताया कि यह रथ लोगों को आयुष्मान योजना की पूरी जानकारी देगा। साथ ही इसके बनाने के लिए तय केंद्रों के बारे में बताकर लोगों को जागरूक करेगा। मौके पर एसीएमओ डॉ. कुमकुम प्रसाद, मुकेश कुमार व अन्य मौजूद थे। आयुष्मान भारत की जिला समन्वयक शबनम ने बताया कि नालंदा में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 14 लाख 61 हजार 95 लाभुक हैं। मिशन मोड में अभियान चलाकर कई बार लोगों



का कार्ड बनाया गया है। अबतक 22.23 फीसद यानि तीन लाख 24 हजार 736 से अधिक लोगों का कार्ड बन चुका है। इनमें जिस भी व्यक्ति का रजिस्ट्रेशन करना है, उन्हें नारंगी रंग में लिखा जाएगा। उसके सामने लिखे हुए डू ई- केवाईसी पर क्लिक करें। उसके बाद सत्यापन के लिए आधार ओटीपी पर क्लिक करें और लाभार्थी के आधार में दर्ज नंबर की ओटीपी लिखें तब ओके कर दें। इसके बाद मोबाइल स्क्रीन पर एक प्रमाणीकरण संदेश आएगा कि आपने परिवार के रूप में सफलतापूर्वक प्रमाणीकरण कर लिया है। आपका कार्ड बनकर तैयार है। अब कार्ड बनाने के लिए आगे बढ़ें। ई-केवाईसी पूरा होने के बाद आपका नाम, जो पहले नारंगी रंग में था अब वह ई-केवाईसी होने के बाद हरे रंग में आ जाएगा। इसके बाद 15 से 20 मिनट बाद आप अपने नाम के आगे लिखे आयुष्मान कार्ड को डाउनलोड कर सकते है।

# वोट को लेकर मतदाताओं को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इसलामपुर (नालंदा)।** इसलामपुर प्रखंड मे नेहरू युवा केंद्र नालंदा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के तत्वधान राजकुमार में, जिला युवा अधिकारी पिंकी गिरी के निर्देसा अनुसार, महाराणा युवा क्लब के सहयोग से खरज्जमा कोबिल गांव मे मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। लोक चुनाव को देखते हुए जिले के गांवों मे जाकर लगातार मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा हैं। नेयूके प्रखण्ड प्रभारी धमेंद्र कुमार ने कहा कि युवा मतदाता ही राष्ट्र के भूमि आंदोलन असली निर्माता हैं चुनाव के समय कई लोग वोट नहीं देने जाते हैं, जिसके कारण वोटिंग का प्रतिशत बहुत कर रहता है। युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि ये मेरी ही जिमेदारी सिर्फ नही है आप लोगों को भी समाज में जागरुकता फैलाना सभी का दायित्व है आप लोग गांव पड़ोस में लोगों के मतदान के प्रति जागरूक कीजिए, और कई युवाओं को वोटर हेल्प लाइन ऑनलाइन के माध्यम से रजिस्ट्रेशन भी किया गया।

## नामजद आरोपित धराया

**इसलामपुर (नालंदा)।** खुदागंज थाना थानाध्यक्ष पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर खुदागंज थाना क्षेत्र के अर्जुन सेरथुआ डीह मे छापेमारी कर पुलिस पर जानलेवा हमला करने का नामजद आरोपित संजय यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे हिलसा भेज दिया।

# ब्रह्मस्थान में 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** प्रखंड क्षेत्र के नेशनल हाईवे 20 के किनारे स्थित ब्रह्मा मंदिर परिसर में शुक्रवार से 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। कार्यकर्ता मुरारी प्रसाद ने बताया कि धमौली डीह और सिहूली गांव के ग्रामीणों के सहयोग से नेशनल हाईवे 20 के किनारे स्थित ब्रह्मस्थान मंदिर परिसर में अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। हरे राम हरे कृष्ण के जाप से आसपास में भक्ति मय का माहौल बना हुआ है। सभी भक्तजन मंदिर परिसर के चारों तरफ परिक्रमा लगाते हुए तन मन से हरे राम हरे कृष्ण के जाप करने में जुटे हुए हैं। इस मौके पर दिवाकर पांडेय, राहुल पांडेय, गोपाल कुमार, जनार्दन कुमार, सुमन यादव, रामाश्रय यादव, संजीव, सुमंगल यादव, छोटे समेत दर्जनों कार्यकर्ता तन मन से लगे हुए हैं।

# किशोरावस्था में आये बदलाव के बारे में बच्चों को दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय हंडिया में शुक्रवार को किशोरावस्था में आये बदलाव विषय पर जागरुकता कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता प्राचार्य मनोज कुमार झा ने की। आयोजित कार्यक्रम में सीएचसी नारदीगंज में कार्यरत डॉ . नीरज भारती ने किशोरावस्था में आये बदलाव के बारे में बच्चों को जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि किशोरावस्था में किस प्रकार बच्चों के शारीरिक और मानसिक परिवर्तन होते हैं, इसके साथ ही सही



वृद्धि के लिए पौष्टिक आहार लेने की जानकारी साझा की,साथ ही पौष्टिक आहार के महत्व को भी बताया। इस कार्यक्रम में नव्या कुमारी, अस्मिता मनीषा, गोलू समेत अन्य छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के उपरांत उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिका रजनी कुमारी, सोनम कुमारी व नेहा कुमारी उपस्थित थी।

# अस्पताल में चिकित्सकों की लापरवाही से कभी भी हो सकती है अप्रिय घटना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल विगत तीन-चार वर्षों से अपने कर्मियों की लापरवाही की वजह से चर्चा में रहता आ रहा है। स्थनीय समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशन होने के बाद जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वारा थोड़ी बहुत कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर शांत पड़ जाते हैं। जिससे अनुमंडलीय अस्पताल अल्पकालिक सुधार तो होता है, किन्तु थोड़े ही दिन बाद अस्पताल पुनः कुव्यवस्था का शिकार हो जाता है। अनुमंडलीय अस्पताल में कभी चिकित्सकों की लापरवाही से बच्चों की मौत हो जाती है, तो कभी पीकू बन्द रहता है, एनआरसी का संचालन नियमित रूप से नहीं होता है। यहां तक की अस्पताल परिसर में दिन के उजालों में आसपास के आवारा पशु भी प्रसव कक्ष, रजिस्ट्रेशन काउंटर एवं ओपीडी परिसर में बेरोकटोक घूमते फिरते रहते हैं। कभी-कभी अस्पताल में आने वाले लोगों को लगता है कि वे जानवर के अस्पताल में अपना इलाज कराने पहुंच गए हैं।

**क्या है ताजा मामला :** गुरुवार की देर रात्रि महादेव मोड़ निवासी सुरेंद्र लाल पेट दर्द से काफी परेशान थे। घर में रहते हुए उन्होंने गर्म पानी पीने के अलावे गैस की दवाई भी ली किन्तु उन्हें राहत नहीं मिला तब वे हारकर रात्रि को ही लगभग 1:22 बजे अपने परिजनों के साथ अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। अस्पताल पहुंचने के बाद उन्होंने जीएनएम कक्ष एवं चिकित्सक कक्ष बन्द पाया। परिजनों ने मरीज को बेड पर सुला दिया एवं बन्द कमरों को खुलाने की कोशिश करने लगे। इस दौरान लगभग आधे घण्टे बाद जीएनएम अपने कमरे से बाहर निकलकर परिजनों पर झल्लाकर बोली क्या हुआ है और इतना हल्ला क्यों कर रहे हैं साथ ही कही कि कमरा बन्द कर इसलिए सोते हैं क्योंकि रात्रि में अस्पताल में चोर आकर मोबाइल चोरी कर लेता है। उसके बाद परिजनों द्वारा ड्यूटी में रही जीएनएम को मरीज की स्थिति से अवगत कराया गया। तब जीएनएम ने मरीज का पर्ची बनाकर पहली मंजिला पर सो रहे चिकित्सक को जगाया। जब चिकित्सक जागे उसके बाद मरीज का इलाज शुरू




हो पाया। वहीं स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा किये गए दुर्व्यवहार को देखते हुए परिजनों ने कहा कि सरकार द्वारा सारी सुविधाएं देने के बाद भी कर्मियों द्वारा बहुत ही अनियमितता बरती जाती है।ऐसे में कैसे लोग सरकारी अस्पताल आकर अपना इलाज करवाएंगे, साथ ही कहा कि अस्पताल में यदि दुर्घटनाग्रस्त मरीज इलाज कराने पहुंचेंगे तो उनके साथ कभी भी अनहोनी हो सकती है।

**क्या कहते हैं ग्रामीण :** गोपालनगर मोहल्ले निवासी सेवानिवृत्त सब मेजर रामरतन यादव ने कहा कि आये दिन अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सक,जीएनएम,गार्ड एवं सफाई कर्मियों आदि के द्वारा काफी अनियमितता बरती जाती है। साथ ही कहा कि चिकित्सकों द्वारा अस्पताल में आनेवाले मरीजों का ढ़ंग से इलाज तक नहीं हो पाता है। छोटी मोटी दुर्घटना में घायल रहे मरीजों को टेटवेट, डायलोना एवं स्लाइन चढ़ा कर तुरंत रेफर कर दिया जाता है। इससे बिना परिजन के इलाजरत मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।उन्होंने यह भी कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल में सिर्फ ट्रामा सेंटर का बोर्ड लगा दिया गया है और ट्रामा सेंटर में मिलने वाली सुविधाओं से मरीजों को वंचित रखा जा रहा है।

**क्या कहते हैं प्रभारी डीएस :** इस बाबत पर प्रभारी डीएस डॉ दिलीप कुमार ने कहा कि गुरुवार की रात्रि डॉ नीरज कुमार की ड्यूटी थी। उन्होंने कहा कि ड्यूटी में रहने वाले चिकित्सक को अपने चैंबर में रहना चाहिए था। साथ ही जीएनएम को दरवाजा खोलकर रहने की हिदायत पूर्व में भी दी गई थी ताकि अस्पताल आनेवाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशनी न हो।

# पशुपालकों के बीच बकरी एवं मुर्गी का किया वितरण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के जेपी आश्रम परिसर सोखोदेवरा में कृषि विज्ञान केंद्र ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा नवादा के द्वारा अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत कौआकोल प्रखण्ड के महुडर पंचायत के महुलियाटांड़ गांव के तीन पशुपालकों के बीच दस बकरी एवं चौसठ सोनाली नस्ल के मुर्गियों का निःशुल्क वितरण किया गया साथ ही कार्यक्रम के संचालक सह विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. धनंजय कुमार के द्वारा बकरियों एवं मुर्गियों के रख-रखाव, खान-पान एवं बीमारी प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं महत्वपूर्ण इनपुट्स के रूप में लीवर टॉनिक, मल्टी विटामिन, मिनरल मिक्सचर, कृमिनाशक दवाई, दस्त की दवाई आदि का भी वितरण किया गया।




# औरंगाबाद की धरती से ₹21 हज़ार करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उपहार

## शिलान्यास

6 लेन शेरपुर-दिघवारा पटना रिंग रोड़ का निर्माण
(NH-131G, लंबाई 15 किमी, लागत ₹4300 करोड़)

4 लेन बिहटा – दानापुर एलिवेटेड खण्ड का निर्माण
(NH-922, लंबाई 25 किमी, लागत ₹3000 करोड़)

4 लेन बलभद्रपुर – बेला नवादा खण्ड का निर्माण
(NH-119D, लंबाई 42 किमी, लागत ₹2200 करोड़)

4 लेन कल्याणपुर – बलभद्रपुर खण्ड का निर्माण
(NH-119D, लंबाई 47 किमी, लागत ₹1900 करोड़)

4 लेन आमस – शिवरामपुर खण्ड का निर्माण
(NH-119D, लंबाई 54 किमी, लागत ₹1500 करोड़)

4 लेन शिवरामपुर – रामनगर खण्ड का निर्माण
(NH-119D, लंबाई 55 किमी, लागत ₹1400 करोड़)

आरा बाई पास लाईन
(लंबाई 3.06 किमी, लागत ₹ 119 करोड़)

पी एम एकता मॉल-पटना
(लागत ₹ 213 करोड़)

## उद्घाटन

4 लेन बख्तियारपुर – रजौली खण्ड का निर्माण
(NH-20, लंबाई 47 किमी, लागत ₹1400 करोड़)

6 लेन पटना रिंग रोड़ के कन्हौली – रामनगर खण्ड का निर्माण
(NH-131G, लंबाई 40 किमी, लागत ₹990 करोड़)

4 लेन आरा – पररिया खण्ड का निर्माण
(NH-319, लंबाई 50.00 किमी, लागत ₹800 करोड़)

2 लेन जयनगर – नरहिया खण्ड का निर्माण
(NH-227, लंबाई 64 किमी, लागत ₹710 करोड़)

किशनगंज में 2-लेन फ्लाईओवर का निर्माण
(NH-31, लंबाई 3 किमी, लागत ₹150 करोड़)

पहाड़ी जोन V, पटना में सीवरेज योजना
(लागत ₹ 360 करोड़)

सीवर नेटवर्क के साथ सीवरेज प्रणाली करमालीचक, पटना
(लागत ₹ 280 करोड़)

सैदपुर, पटना में सीवरेज नेटवर्क
(लागत ₹ 270 करोड़)

छपरा में इंटरसेप्शन एवं डायवर्जन एवं एसटीपी का कार्य
(लागत ₹ 240 करोड़)

बेउर, पटना के लिए सीवरेज नेटवर्क
(लागत ₹ 230 करोड़)

सीवरेज नेटवर्क-जोन IV A, पहाड़ी, पटना
(लागत ₹ 230 करोड़)

पहाड़ी, पटना में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (60 MLD)
(लागत ₹ 192 करोड़)

सैदपुर, पटना के लिए एसटीपी और निकटवर्ती नेटवर्क
(लागत ₹ 185 करोड़)

इंटरसेप्शन और डायवर्जन एवं एसटीपी का कार्य बाढ़, पटना
(लागत ₹ 60 करोड़)

नवगछिया शहर में इंटरसेप्शन और डायवर्जन एवं एसटीपी का कार्य
(लागत ₹ 60 करोड़)

सुलतानगंज शहर में इंटरसेप्शन और डायवर्जन एवं एसटीपी का कार्य
(लागत ₹ 60 करोड़)

सोनपुर शहर में इंटरसेप्शन और डायवर्जन एवं एसटीपी का कार्य
(लागत ₹ 40 करोड़)

## राष्ट्र को समर्पण

बंधुआ-पैमार नई लाईन
(लंबाई 26 किमी, लागत ₹360 करोड़)

पाटलिपुत्र – पहलेजा लाईन के दोहरीकरण और विद्युतीकरण
(लंबाई 19 किमी, लागत ₹230 करोड़)

मेमू शेड, गया
(लागत ₹120 करोड़)

## परियोजनाओं से लाभ

- पटना रिंग रोड़ के निर्माण से भारी वाहनों के कारण शहर में लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी
- चार लेन एलिवेटेड कोरिडोर के निर्माण से दानापुर से बिहटा हवाई अड्डे (प्रस्तावित) की 1 घंटे की यात्रा 15 मिनट रह जाएगी
- कृषि उपजों की नए बाजारों तक पहुंच आसान हो जाएगी
- कृषि उत्पाद एवं अभ्रक, लोहा, माइका, कोयला आदि खनिज पदार्थों की ढुलाई सुगम, लॉजिस्टिक लागत में कमी
- समय और ईंधन की बचत, प्रदूषण में कमी एवं रोजगार के नए अवसरों का सृजन
- राष्ट्रीय राजमर्गों के विकास से होगा हर क्षेत्र का विकास
- कुशल राजमार्ग ईंधन संरक्षण से पर्यावरण स्वच्छ होगा
- पर्यटन, सुदूर जिलों, धार्मिक स्थलों यथा गया, वैशाली, नालन्दा, राजगीर, पावापुरी से बेहतर सम्पर्क
- आमस – दरभंगा परियोजना से दरभंगा हवाई अड्डे का सीधा संपर्क
- इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह और इंटेलिजेंट यातायात प्रबंधन से आधुनिक सड़क नेटवर्क होगा तैयार
- एक जिला एक उत्पाद आधुनिक, भौगोलिक संकेतक (जीआई) उत्पादों और हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा
- पारंपरिक और आधुनिक खरीदारी का एक साथ अनुभव
- स्थानीय उद्यमिता, कारीगरों, सूक्ष्म-लघु-मध्यम उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा
- किशनगंज शहर मे फलाईओवर के निर्माण से शहर में होने वाले जाम से मुक्ति
- बड़े और लघु पुलों से भारी एवं हल्के वाहनों का परिवहन सुगम होगा
- रेल लाईन के दोहरीकरण से रेल मार्ग पर एक साथ अधिक ट्रेनें संचालित होने से, भीड़भाड़ कम होगी
- रेल लाईन के विद्युतीकरण से ट्रेनों के समग्र सिस्टम क्षमता में सुधार
- नेपाल के साथ सुगम आवगमन
- पाटलिपुत्र-पहलेजा रेल-खंड के दोहरीकरण से गंगा नदी पर रेलगाड़ियों के परिचालन में सुगमता
- सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के द्वारा किफायती तरीके से हानिकारक प्रदूषकों की समाप्ति
- सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के द्वारा प्रतिदिन गंगा नदी में जाने वाली लगभग 150 मिलियन लिटर प्रदूषित पानी का संशोधन
- सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से स्वास्थ्य जोखिम कम होंगे
- सीवेज ट्रीटमेंट के द्वारा प्रदूषण से राहत मिलेगी

# नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

के कर कमलों द्वारा

2 मार्च, 2024, शनिवार, समयः अपराह्न 02:00 बजे, स्थानः रतनुआ, औरंगाबाद, बिहार

## गरिमामयी उपस्थिति

**राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर**
राज्यपाल, बिहार सरकार

**नीतीश कुमार**
मुख्यमंत्री, बिहार सरकार

**नितिन गडकरी**
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार

**राज कुमार सिंह**
केन्द्रीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, भारत सरकार

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**गजेंद्र सिंह शेखावत**
केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, भारत सरकार

**नित्यानंद राय**
गृह राज्यमंत्री, भारत सरकार

**जनरल (डॉ.) वी. के. सिंह (सेवानिवृत)**
राज्य मंत्री, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार

**अश्विनी कुमार चौबे**
राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले और वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार

**सम्राट चौधरी**
उप मुख्यमंत्री, बिहार

**विजय कुमार सिन्हा**
उप मुख्यमंत्री, बिहार

**प्रेम कुमार**
मंत्री, वन एवं पर्यावरण, बिहार

और सभी माननीय जनप्रतिनिधि

साथ ही बेगुसराय से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बिहार सहित
देश भर में ₹1 लाख 62 हज़ार करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पण

DD NEWS पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें

cbc 37107/15/0051/2324

संपादकीय

# रास चुनाव में भाजपा का 'खेला'

देश में हाल में राज्यसभा सीटों के लिए हुए चुनाव में जो खेला हुआ है, वह राजनीति में घर कर चुकी अनैतिकता और सत्ता स्वार्थ का ही एक और नमूना है। हालांकि इन चुनावों में भाजपा ने दो सीटें ज्यादा जीत ली हैं और वह अब राज्यसभा में भी बहुमत के करीब पहुंच गई है। दूसरी तरफ इस चुनाव में उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में जमकर क्रॉस वोटिंग हुई। उसके बाद हिमाचल में कांग्रेस की सुक्खू सरकार संकट में आ गई है। लोकसभा चुनाव के पहले हुए इन चुनावों ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी में अंतर्कलह को सामने ला दिया है, वहीं भाजपा की साम दाम दंड भेद की नीति को और मजबूती दी है। हालांकि भाजपा को भी कर्नाटक में क्रॉस वोटिंग का सामना करना पड़ा है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने जनवरी में अधिसूचना जारी करके 15 राज्यों में 56 सीटों के लिए चुनावों की घोषणा की थी। इनमें से चुनाव सिर्फ तीन राज्यों में हुए। बाकी 41 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। इन चुनाव के पहले 250 सीटों वाली राज्य सभा में एनडीए के पास 109 सांसद थे। वहीं विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के पास 89 सांसद थे। उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के लिए 10 सांसद चुने गए हैं। इनमें आठ बीजेपी और 2 समाजवादी पार्टी के हैं। चुनाव में सपा के 7 विधायकों की क्रॉस वोटिंग के कारण पार्टी के प्रत्याशी आलोक रंजन चुनाव हार गए हैं। इसके पीछे बीजेपी की ही बड़ी भूमिका रही है और इसे मुख्यीमंत्री योगी आदित्यनाथ की राजनीतिक चतुराई के रूप में देखा जा रहा है। चुनाव में भाजपा के तो आठों प्रत्याशी जीत गए, लेकिन सपा का एक उम्मीदवार हार गया। सपा के 7 विधायकों राकेश पांडेय, राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह, विनोद चतुर्वेदी, मनोज पांडेय, पूजा पाल और आशुतोष मौर्य ने क्रॉस वोटिंग की। इसके साथ ही जनसत्ता लोकतांत्रिक के 2 विधायक और बसपा के इकलौते विधायक ने एनडीए प्रत्याशी को वोट दिया है। बीजेपी को कुल 294 यानी 42 वोट ज्यादा मिले। लेकिन इस चुनाव में सबसे बड़ा झटका हिमाचल की सुक्खू सरकार को लगा है। वहां 6 कांग्रेस विधायकों की क्रॉस वोटिंग से भाजपा के हर्ष महाजन राज्यसभा सदस्य चुने गए और कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी हार गए हैं। ऐसे में सरकार बचाने के लिए कांग्रेस ने छह बागी विधायकों को पार्टी की ओर से व्हिप जारी किया है। भाजपा ने इसे गैर कानूनी बताते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू से इस्तीफे की मांग कर दी है। राज्य का बजट पारित होना है और सदन में मत विभाजन मांगे तो सुक्खू सरकार गिर सकती है। राज्य में कांग्रेस के पास 68 में से 40 विधायक हैं। हिमाचल प्रदेश में जो कुछ हुआ है, वह कांग्रेस की आंतरिक कलह का उदाहरण है। पार्टी ने विधानसभा चुनाव जीतने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री वीर भद्रसिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह को मुख्यमंत्री बनाने से इंकार कर दिया था, उसके बाद प्रतिभा सिंह के समर्थकों में गहरी नाराजी है। इसके अलावा पार्टी ने वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी को भी राज्य सभा भेजने से इंकार कर दिया, क्योंकि वो गांधी परिवार के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले जी 23 गैंग में थे। दूसरी तरफ भाजपा ने वीरभद्रसिंह के चुनावी रणनीतिकार हर्ष महाजन को ही अपने पाले में खींचकर राज्यसभा का टिकट दे दिया। 6 कांग्रेस विधायकों ने पार्टी लाइन के खिलाफ जाकर वोट किया। डेमेज कंट्रोल के तहत अगर बागी विधायक मान गए तो ठीक, वरना हिमाचल प्रदेश सरकार विधानसभा सत्र में ही गिर सकती है। भाजपा के पास 35 विधायक हैं। कांग्रेस के बागी 6 और 3 निर्दलीय विधायकों को मिलाकर सरकार बन सकती हैं।

# अंतरिक्ष की फिक्र बाद में पहले धरती बचाएं

**जलवायु परिवर्तन की समस्या से निजात पाने में हर व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। चूँकि इस समस्या के उत्पन्न होने में हर व्यक्ति का हाथ है, इसलिए इसके समाधान में भी हर व्यक्ति को भागीदार होना होगा। जिस प्रकार से हमने पर्यावरण को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, ठीक वैसे ही हम सबको पर्यावरण को ठीक करने के लिए कमर कस लेना चाहिए। यदि अभी भी आप इस समस्या को हल्के में लेना चाहते हैं तो भविष्य में आने वाले खतरों का सामना करने के लिए तैयार रहें। महँगाई से मुकाबला करने के लिए तैयार रहें, खाद्यान्न संकट के लिए तैयार रहें, जल संकट के लिए तैयार रहें, सूखे के लिए तैयार रहें, बाढ़ के लिए तैयार रहें, भीषण गर्मी के लिए तैयार रहें, भू-स्खलन के लिए तैयार रहें, नई-नई बीमारियों के लिए तैयार रहें।**


पवन नागर

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने वाला भारत जब तकनीक में इतना संपन्न है तो धरती पर यह तकनीक काम क्यों नहीं करती? पिछली गर्मी में बारिश के कारण किसानों की फसलें खराब हो गई थीं, जबकि मानसून में कहीं सूखे के कारण तो कहीं अधिक वर्षा के कारण किसानों की फसलों को बहुत नुकसान हुआ। ऐसे में किसानों के इस नुकसान का पूर्वानुमान लगाने वाली कोई तकनीक अभी तक हमारे पास क्यों नहीं है?

जलवायु परिवर्तन ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। आने वाले सालों में यह और भी खतरनाक हो सकता है। अभी हमारे देश के कुछ राज्य सूखे का सामना कर रहे हैं तो कई राज्यों को अधिक वर्षा के कारण बाढ़ और भू-स्खलन की घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन का असर सिर्फ भारत में ही हो रहा है। पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन का असर हो रहा है जिसके कारण दुनियाभर के लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं।

गौरतलब है कि जलवायु परिवर्तन से किसानों को सबसे ज़्यादा परेशानी का सामना करना पड़ेगा, खासकर उन किसानों को जिनके पास खेती के अलावा और कोई आजीविका नहीं है। मतलब छोटे और मध्यम किसानों पर इसका सीधा प्रभाव पड़ेगा, जिसके कारण न सिर्फ इनके परिवार संकट में आएँगे, बल्कि खेती-किसानी से जुड़े सभी लोग प्रभावित होंगे और खाद्यान्न संकट पैदा होगा सो अलग। जलवायु परिवर्तन के कारण किसानों की फसलें खराब हो रही हैं जिससे खाद्य सामग्रियों के दाम अप्रत्याशित रूप से बढ़ रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन की समस्या से निजात पाने में हर व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। चूँकि इस समस्या के उत्पन्न होने में हर व्यक्ति का हाथ है, इसलिए इसके समाधान में भी हर व्यक्ति को भागीदार होना होगा। जिस प्रकार से हमने पर्यावरण को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, ठीक वैसे ही हम सबको पर्यावरण को ठीक करने के लिए कमर कस लेना चाहिए।



यदि अभी भी आप इस समस्या को हल्के में लेना चाहते हैं तो भविष्य में आने वाले खतरों का सामना करने के लिए तैयार रहें। महँगाई से मुकाबला करने के लिए तैयार रहें, खाद्यान्न संकट के लिए तैयार रहें, जल संकट के लिए तैयार रहें, सूखे के लिए तैयार रहें, बाढ़ के लिए तैयार रहें, भीषण गर्मी के लिए तैयार रहें, भू-स्खलन के लिए तैयार रहें, नई-नई बीमारियों के लिए तैयार रहें।

दूसरा विकल्प यह है कि आप अपनी जीवन-शैली में परिवर्तन करें और प्रकृति को नुकसान पहुँचाने वाली आदतें त्यागें। विकास का जो बेढंगा मॉडल अभी दुनिया भर में चल रहा है, उस पर पुनर्विचार करें। जंगलों और पहाड़ों पर मानवीय हस्तक्षेप की रोकथाम करें। प्रकृति का चीरहरण बंद करें। अन्यथा प्रकृति की व्यवस्था में देर तो है, परंतु अंधेर बिलकुल भी नहीं है। पूरी दुनिया तभी तक बची हुई है जब तक प्रकृति का धैर्य है, जिस दिन यह धैर्य टूटा कि प्रकृति का तांडव देखने को मिलेगा।

ऐसा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन का संकट सिर्फ एक दिन में खड़ा हो गया है और एक दिन में इसका हल निकल जाएगा। यह धीरे-धीरे होने वाली एक घटना है और इसका समाधान भी धीरे-धीरे ही होगा। वैसे तो देश-विदेश की सारी समस्याओं की चर्चा आमजन कर ही लेते हैं, परंतु जलवायु परिवर्तन पर चर्चा करने के लिए किसी के पास समय नहीं है, बल्कि कहना चाहिए कि जलवायु परिवर्तन की समस्या को आमजन कोई समस्या ही नहीं मानते। इसीलिए यह समस्या इतनी विकराल हो गई है।

जैसे भोजन की गुणवत्ता पर किसी का ध्यान नहीं है, वैसे ही जलवायु परिवर्तन पर भी किसी का ध्यान नहीं है। 'हरितक्रांति' के बाद हमारे देश में रसायन आधारित खेती के कारण शुद्ध और पोषणयुक्त भोजन का अभाव हो गया है। हमारा देश ही नहीं, अपितु विश्वभर के लोग रसायनयुक्त भोजन करने पर मजबूर हैं। जिस भोजन से जीवन चलना है उस पर किसी का ध्यान ही नहीं कि उसे किस विधि से उत्पादित किया जा रहा है या उसको उपजाने में कितने ज़हरीले रसायनों का इस्तेमाल हो रहा है। इसी कारण विभिन्न बीमारियों का जन्म हो रहा है।

जिस प्रकार हमने रसायनों का अंधाधुंध इस्तेमाल करके अपने भोजन को पोषण-विहीन बना दिया है, ठीक उसी प्रकार आधुनिक और सुविधाजनक जीवनशैली के लिए पर्यावरण को प्रदूषित कर दिया है। हम नादानों की तरह जंगलों की कटाई कर रहे हैं। बेशकीमती पानी को सहेजने की जगह उसका अंधाधुंध दोहन करने में लगे हुए हैं। पहाड़ों को भी हमने नहीं छोड़ा है जो कि हमारे रक्षा कवच हैं। शहर-दर-शहर पहाड़ियों को छलनी कर दिया है।

प्रकृति हमको जीवन जीने के सारे बहुमूल्य तत्व मुफ्त में प्रदान करती है, पर हम इन बहुमूल्य तत्वों को बर्बाद करने में लगे हुए हैं। जबकि हम सबको बस इतना करना है कि जिन प्रकृति-प्रदत्त तत्वों का इस्तेमाल कर रहे हैं, उतना ही हिस्सा प्रकृति को हमें वापस लौटाना होगा। यह ज़िम्मेदारी हरेक व्यक्ति की होनी चाहिए। इस समस्या को न तो सरकारों के हवाले किया जाना चाहिए और न ही किसी 'जी-20' जैसे संगठन के। यह तो धरती पर निवास कर रहे हर व्यक्ति की अपनी निजी ज़िम्मेदारी होनी चाहिए कि वह सालभर में जितना पानी इस्तेमाल करे, उतना ही पानी वापस धरती को लौटाए।

जितनी ऑक्सीजन साल भर में पौधों से ले, उतनी वापस करने के लिए उतने पौधे हर साल लगाए। यदि प्रकृति साल भर तरह-तरह के फल खाने को दे रही है तो मेरी भी जिम्मेदारी है कि फलदार वृक्ष लगाऊँ। यदि जंगलों से वर्षा हो रही है तो जंगलों को बचाने, बनाने में सहयोग करूँ। नदियों से हमारा जीवन चल रहा है तो हमको नदियों को बचाकर रखना होगा, न कि उनको प्रदूषित करना है। इस प्रकार प्रकृति हमको जीवन जीने के लिए जो भी कुछ दे रही है, उसे कीमती समझकर उसका सम्मान करें और उसको नुकसान पहुँचाने वाला कोई भी कार्य न करें। जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने की दिशा में यही सबसे बड़ा कदम होगा।

किसानों से अपेक्षा है कि वे खेती करने के वर्तमान तरीकों को बदल लें और देश-काल-परिस्थिति के हिसाब से खेती करें, प्रकृति को नुकसान हो ऐसी खेती नहीं करें। रसायन आधारित खेती के दुष्परिणाम अब पूरे विश्व के सामने आने लगे हैं। इन रसायनों के कारण ही भू-जल ज़हरीला हो रहा है, वायु प्रदूषण फैल रहा है और मृदा की उर्वरा शक्ति भी कमज़ोर हो रही है, जबकि खेती के लिए इन तीनों चीज़ों का शुद्ध होना बहुत ज़रूरी है। इनके बिना खेती की कल्पना करना बहुत ही मुश्किल है। इसलिए जितनी जल्दी हो, इन रसायनों से तौबा कर लें। सजग रहें, सतर्क रहें। (सप्रेस)

अध्यात्म

## विश्वास और प्रार्थना हमें टूटने नहीं देते

विश्व की सभी मुख्य धार्मिक परंपराएं व्यक्ति को खुश रहने के समान अवसर प्रदान करती हैं। इन धार्मिक परंपराओं द्वारा विकसित विश्वास की शक्ति लाखों लोगों के जीवन में गुंथी हुई है। उसी गहन धार्मिक विश्वास की मदद से असंख्य लोग कठिन परिस्थितियों में जीवित रह पाए हैं। कभी-कभी यह विश्वास छोटे और शांत तरीके से काम करता है और कभी-कभी यह बहुत गहरे परिवर्तन लाता है। हम सभी लोगों ने अपने जीवनकाल में कभी-न-कभी, निश्चित तौर पर, अपने किसी परिवार के सदस्य, मित्र या परिचित पर इस शक्ति को महसूस किया है। कई बार, आस्था और विश्वास के ऐसे उदाहरण अखबार के मुख्य पृष्ठ पर भी नजर आते हैं। बहुत-से लोग एक आम इनसान टेरी ऐंडरसन से परिचित हैं, जिसका 1985 में अचानक एक दिन सुबह बेरुत की एक सड़क से अपहरण कर लिया गया था। उसे अत्यंत कठिन परिस्थितियों में रखा जाता था। जब अंत में उसे छोड़ा गया तो पूरे विश्व ने उसे देखा। वह व्यक्ति अपने परिवार से मिलकर बहुत खुश हुआ लेकिन हैरानी की बात यह थी कि उसके मन में अपने अपहरणकर्ताओं के लिए जरा भी कटुता या घृणा नहीं थी। जब पत्रकारों ने उसकी जबर्दस्त ताकत का कारण पूछा, तो उसने बताया कि विश्वास एवं प्रार्थना के बल पर ही उसने उस पीड़ा को सहन किया। संसार में ऐसे उदाहरण भरे पड़े हैं, जहां धार्मिक विश्वास ने कष्ट के समय लोगों की सहायता की है। व्यापक सर्वेक्षण इस बात की पुष्टि करते हैं कि धार्मिक विश्वास व्यक्ति को खुश रहने में बहुत योगदान देता है।कभी-कभी मजबूत धार्मिक विश्वास के लाभ किसी विशिष्ट परंपरा के खास सिद्धांतों और मतों के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में नजर आते हैं। उदाहरण के लिए, अनेक बौद्धधर्मियों को कर्म सिद्धांत में दृढ़ विश्वास के चलते पीड़ा को सहन करने में मदद मिलती है। इसी तरह ईश्वर में आस्था रखने वाले लोग, अपने सर्वव्यापी ईश्वर, जिसकी योजना अभी हमसे छिपी हो सकती है, लेकिन इसके बावजूद अंत में इसी विश्वास के सहारे जीवन में आए भयंकर कष्ट सहन कर लेते हैं। बाइबल की शिक्षा के सहारे, वे अपने रोमन्स 828 जैसे छंदों में सुकून प्राप्त करते हैं, जिसमें लिखा है 'जो लोग ईश्वर से प्रेम करते हैं, जो उसके उद्देश्य में आस्था रखते हैं, उनके लिए सब कुछ अच्छा होता है।' दृढ़ धार्मिक विश्वास से व्यक्ति को अपना उद्देश्य समझ आता है, जो जीवन को अर्थ प्रदान करता है। यह विश्वास कठिनाई, पीड़ा और मृत्यु के समय में, व्यक्ति को आशा बंधाता है। इससे शाश्वत दृष्टिकोण विकसित करने में सहायता मिलती है।

# मरियम ने पाक पंजाब की पहली महिला मुख्यमंत्री बनकर रचा इतिहास

**मरियम को नवाज शरीफ का उत्तराधिकारी और पी.एम.एल.-एन. का भावी नेता माना जाता था। वह अपनी तीखी बयानबाजी और भीड़ को खींचने और उत्तेजित करने की क्षमता के लिए जानी जाती हैं और कहती हैं कि उन्होंने बड़े पैमाने पर पुरुषों के प्रभुत्व वाले राजनीतिक क्षेत्र में खुद को स्थापित किया है। मरियम ने डॉक्टर बनने का इरादा किया, इसलिए 1980 के दशक के अंत में किंग एडवर्ड मैडीकल कॉलेज में दाखिला लिया; परंतु प्रवेश पर विवाद पैदा होने के बाद उन्हें अपनी डिग्री पूरी किए बिना कॉलेज छोड़ना पड़ा। 1992 में उन्होंने सफदर अवान से शादी की। सफदर उस समय पाकिस्तानी सेना में कैप्टन के पद पर कार्यरत थे और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में नवाज शरीफ के कार्यकाल के दौरान उनके सुरक्षा अधिकारी थे।**


राज सदोष

तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज शरीफ ने पाकिस्तान के पंजाब की पहली महिला मुख्यमंत्री बनकर इतिहास रच दिया। इससे पहले भारतीय पंजाब में राजिंद्र कौर भट्ठल 1996 से 1997 तक पंजाब की 14वीं मुख्यमंत्री रहीं। पाकिस्तान में पंजाब विधानसभा 371 सीटों के साथ देश का सबसे बड़ा निर्वाचित सदन है, जिसमें 297 सामान्य सीटें और 74 आरक्षित सीटें हैं, जिनमें 66 महिलाओं के लिए और 8 अल्पसंख्यकों के लिए हैं। पंजाब की आबादी 127,688,122 है। लाहौर की संस्कृति अद्वितीय है, इसे सांस्कृतिक राजधानी या पाकिस्तान का दिल भी कहा जाता है।

मरियम को नवाज शरीफ का उत्तराधिकारी और पी.एम.एल.-एन. का भावी नेता माना जाता था। वह अपनी तीखी बयानबाजी और भीड़ को खींचने और उत्तेजित करने की क्षमता के लिए जानी जाती हैं और कहती हैं कि उन्होंने बड़े पैमाने पर पुरुषों के प्रभुत्व वाले राजनीतिक क्षेत्र में खुद को स्थापित किया है। मरियम ने डॉक्टर बनने का इरादा किया, इसलिए 1980 के दशक के अंत में किंग एडवर्ड मैडीकल कॉलेज में दाखिला लिया; परंतु प्रवेश पर विवाद पैदा होने के बाद उन्हें अपनी डिग्री पूरी किए बिना कॉलेज छोड़ना पड़ा।

1992 में उन्होंने सफदर अवान से शादी की। सफदर उस समय पाकिस्तानी सेना में कैप्टन के पद पर कार्यरत थे और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में नवाज शरीफ के कार्यकाल के दौरान उनके सुरक्षा अधिकारी थे। सफदर अवान से उनके तीन बच्चे हैं-बेटा जुनैद और दो बेटियां महनूर तथा मेहर-उन-निसा। 1999 के पाकिस्तानी तख्तापलट के बाद, शरीफ परिवार के सदस्यों के साथ सऊदी अरब में निर्वासन में भेजे जाने से पहले वह 4 महीने तक घर में नजरबंद रहीं। नवम्बर 2011 में, नवाज शरीफ ने उन्हें राजनीति में प्रवेश करने की अनुमति दे दी। अपने राजनीतिक पदार्पण के दौरान उन्होंने शिक्षा और महिलाओं के अधिकारों पर भाषण देने के लिए शैक्षणिक संस्थानों का दौरा करना शुरू किया। जनवरी 2012 में, मरियम ने ट्वीट किया, ''मैं केवल नवाज शरीफ को उनके साइबर सैल की निगरानी करने में सहायता कर रही हूं। चुनावी या व्यावहारिक राजनीति में शामिल होने का कोई इरादा नहीं है।''

वह 2013 तक काफी हद तक सुर्खियों से बाहर रहीं, जब उन्हें पाकिस्तान के आम चुनाव के दौरान नवाज शरीफ के चुनाव अभियान का प्रभारी बनाया गया, जहां उन्होंने एक प्रमुख भूमिका निभाई। मरियम को पी.एम.एल.-एन. द्वारा युवाओं के प्रति संतुलन के रूप में तैनात किया गया था। उनके पिता के सत्ता संभालने और प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्हें नवंबर 2013 में प्रधानमंत्री युवा कार्यक्रम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। बाद में, मरियम ने पी.टी.आई. द्वारा प्रस्तुत चुनौतियों का समाधान करने के लिए पी.एम.एल.-एन सोशल मीडिया का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया। मार्च



2017 में, मरियम को बी.बी.सी. ने 100 शक्तिशाली महिलाओं में से एक के रूप में चुना। दिसम्बर 2017 में, उन्हें न्यूयॉर्क टाइम्स की वर्ष 2017 की दुनिया भर की 11 शक्तिशाली महिलाओं की सूची में शामिल किया गया।

जून 2018 में, मरियम को निर्वाचन क्षेत्र एन.ए.- 127 (लाहौर) और पी.पी.- 173 से 2018 का आम चुनाव लडऩे के लिए टिकट आबंटित किया गया था। जुलाई में, उन्हें राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एन.ए.बी.) द्वारा दायर एवेनफील्ड मामले में भ्रष्टाचार के आरोप में 7 साल जेल की सजा सुनाई गई, जबकि उनके पिता नवाज शरीफ को 9 महीने की लम्बी सुनवाई में 10 साल की सजा मिली थी। अपने पिता की संपत्तियों को छुपाने में सहायक पाए जाने के बाद उन्हें उकसाने के लिए भी 7 साल की सजा मिली, जिसमें एन.ए.बी. के साथ असहयोग के लिए 1 साल की सजा भी शामिल थी। परिणामस्वरूप, उन्हें 10 साल के लिए राजनीति से अयोग्य घोषित कर दिया गया, जिसके बाद पी.एम.एल.-एन. ने अली परवेज और मलिक इरफान शफी खोखर को क्रमश-निर्वाचन क्षेत्र एन.ए.- 127 और पी.पी.- 173 से 2018 का चुनाव लडऩे के लिए नामित किया।

मरियम को 8 अगस्त 2019 को एन.ए.बी. लाहौर द्वारा चौधरी शूगर मिल्स भ्रष्टाचार मामले के सिलसिले में एक और गिरफ्तारी का सामना करना पड़ा। उन्हें कोट लखपत जेल में हिरासत में ले लिया गया, जहां वह अपने पिता नवाज शरीफ से मिलने के लिए साप्ताहिक यात्रा पर थीं। इसके बाद उन्होंने लाहौर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिसने 6 नवम्बर 2019 को उन्हें जमानत दे दी और रिहा करने का आदेश दिया। यूनाइटिड किंगडम में अपने पिता के 4 साल के आत्म-निर्वासन के दौरान मरियम राजनीति में तेजी से शामिल हो गईं। 2019 में उन्हें पी.एम.एल.-एन. के उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। इसके बाद उन्होंने पूरे देश में महत्वपूर्ण सरकार विरोधी रैलियों का नेतृत्व किया और अपने पिता को सत्ता से बाहर करने और कथित तौर पर तत्कालीन पी.टी.आई. अध्यक्ष को सत्ता में लाने में मदद करने के लिए इमरान खान, पी.टी.आई., साथ ही सेना और न्यायपालिका की जमकर निंदा की।

यह पता चलने के बाद कि नवाज शरीफ यूनाइटेड किंगडम में अपने 4 साल के आत्म-निर्वासन को समाप्त करने के बाद अक्तूबर 2023 में पाकिस्तान लौट रहे हैं, मरियम पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए नवाज शरीफ की योजनाओं पर जोर देने के लिए सक्रिय हो गईं। उन्होंने अपने पिता की वापसी से पहले पार्टी कार्यकर्त्ताओं को एकजुट करना शुरू कर दिया और कहा कि यह देश में किसी व्यक्ति की वापसी नहीं बल्कि समृद्धि और आशा की वापसी होगी। 2024 के आम चुनाव में पी.एम.एल.-एन. के उम्मीदवार के रूप में पहली बार चुनाव लड़ रही मरियम पंजाब की प्रांतीय असैंबली के लिए चुनी गईं।

चुनाव के बाद, मरियम नवाज को पी.एम.एल.-एन. द्वारा पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया गया। परिणामस्वरूप, उन्होंने पंजाब की मुख्यमंत्री की भूमिका निभाने के लिए एन.ए.- 119 में अपनी सीट छोड़ दी और पी.पी.- 59 में अपनी सीट बरकरार रखी। 23 फरवरी को, मरियम ने पहली बार पंजाब विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। मुख्यमंत्री बनने से पहले उन्होंने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आई.टी. क्षेत्रों में सुधार पर ध्यान केंद्रित करते हुए पंजाब में विकास का एक नया युग लाने का वादा किया। दोनों पंजाब राज्यों के लोगों को उम्मीद है कि अब व्यापार बहाल हो जाएगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपको घुटनों में पीड़ा हो सकती है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। जॉब को लेकर कुछ तनाव में रहेंगे। शरीर में आलस्य की अधिकता रहेगी।

**वृषभ**
नये सम्बन्ध बनने के योग बन रहे हैं। पुराने मित्रों से कई दिनों बाद मिलाप होगा। बॉस आप पर जिम्मेदारियों का बोझ डाल सकता है।

**मिथुन**
चलते हुये कार्यों में बाधायें आ सकती हैं। प्रियजनों का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है। दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें।

**कर्क**
सरकारी कार्यों में आ रही रुकावट दूर होगी। कार्यक्षेत्र का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। विरोधी अपने षड्यन्त्र में विफल होंगे।

**सिंह**
सहकर्मियों पर विश्वास कम होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मेहनत करने की आवश्यकता है। फार्मा सेक्टर से जुड़े लोगों को धन लाभ मिल सकता है।

**कन्या**
आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। जॉब में आपको तरक्की मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा।

**तुला**
अनैतिक कार्यों में सन्लिप्तता नुकसानदेह साबित होगी। कोई न कोई परेशानी भरा माहौल रहेगा। अधीनस्थ लोगों का अच्छा खासा समर्थन और सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक**
नये व्यावसायिक अनुबन्ध हो सकते हैं। दूसरों की भावनाओं का सम्मान करेंगे। आपका आत्मबल और ऊर्जा स्तर बढ़ेगा। प्रियजनों के साथ सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे।

**धनु**
घर के माहौल को शान्त रखने की कोशिश करेंगे। कार्यों में ज्यादा व्यस्तता रहेगी। जीवनसाथी आपसे अतिरिक्त देखभाल की उम्मीद करेगा। भूमि-भवन से जुड़े मामले अटक सकते हैं।

**मकर**
अपने रुके हुये कार्यों को आसानी से पूरा कर लेंगे। छात्र उच्च शिक्षा के लिये किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। जॉब इन्टरव्यू में सफलता मिलने की पूरी सम्भावना है।

**कुंभ**
अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिये दिन अच्छा नहीं है। पुराना अनुभव आपके लिये हितकारी होगा। अनावश्यक धन खर्च होने से थोड़े क्रुद्ध हो सकते हैं।

**मीन**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। मन में कई दिनों से जो शंका थी उसका आज समाधान हो सकता है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समय का सदुपयोग करें।

# कचरा प्रबंधन : हर घर से होगा कचरा का उठाव

## ई रिक्शा व ठेले के माध्यम से कचरा का किया जाएगा निस्तारण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत रानीपरती पंचायत में डबल्यूपीयू यूनिट का शुक्रवार को उद्घाटन बीडीओ आलोक कुमार सिंह, प्रखंड समन्वयक हरिनाथ सिंह, मुखिया विनोद पासवान, समाजसेवी नीतीश कुमार उर्फ युवराज रमाकांत राय ने फीता काट कर किया।



बीडीओ आलोक कुमार सिंह ने बताया कि ठोस तरल कचरा प्रबंधन को लेकर डबल्यूपीयू भवन निर्माण कार्य कराई गई थी। इससे लोहिया स्वच्छ अभियान के तहत पंचायत के विभिन्न वार्डों के लाभुकों के बीच कचरा उठाव कार्य आरंभ हो गया है। वहीं लोगों के बीच साफ सफाई की ख्याल में रखते हुए नियुक्त कर्मी ठेला गाड़ी द्वारा डोर टू डोर कचरा उठाव कार्य किया जाएगा। बीडीओ के द्वारा आमजनों से गांव व पंचायत को साफ रखने व इस अभियान को सफल बनाने की अपील की गई है। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के द्वितीय चरण के तहत अब ग्रामीण इलाकों में कचरा निस्तारण को लेकर जागरूक किया जा रहा है। घर-घर से कचरा उठाव को लेकर प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को ठोस व तरल कचरा प्रबंधन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कचरा निस्तारण के लिए रानीपरती पंचायत में एक ई रिक्शा 13 ठेला वितरण किया गया है। बीडीओ व अखंड समन्वयक एवं मुखिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान ग्रामीणों को ठोस एवं तरल कचरा निस्तारण की जानकारी दी गई। मुखिया विनोद पासवान ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करने की अपील किया।

कहा कि गांव समाज अगर गंदगी से दूर रहता है तो अनेक प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है। साफ सफाई पर ध्यान देना हम सबों का काम है। एक आदमी के प्रयास से कोई भी मिशन सफल नहीं हो सकता। इस मिशन को सफल करने के लिए सबको एक साथ चलना होगा। मौके पर सरपंच भोला पासवान, रंजीत कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक मनीष कुमार सिंह, जयकंत राय, चंदन साहनी, स्वच्छाग्रही अनिल कुमार सहनी सहित सभी वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## मृत जानवरों को नदी में बहाने से जल हो रहा दूषित : भास्कर

**आरा।** भोजपुर जिला के मुख्यालय आरा के मझौंवा में बहने वाली गंगा की सहायक नदी में हमेशा मृत जानवरों के शव बहते हुए दिखने एवं विभिन्न पूजा के बाद मूर्तियों के ढांचें भी बड़ी मात्रा में इसमें बहते हुए दिखना आम बात हो गई है। सामाजिक कार्यकर्ता भास्कर मिश्रा ने बताया कि इससे यह नदी तो प्रदूषित हो ही रही है साथ ही गंगा नदी को भी प्रदूषित कर रही है।इस नदी में एक साथ पांच से ज्यादा जानवरों के शव इधर उधर बहते हुए दिखे। भारत सरकार की नमामि गंगे अभियान को यह दृश्य अप्रभावी साबित कर रहा है। नदियों में इस तरह जानवरों के शव ना बहाएं जाएं इसके लिए श्री मिश्रा ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि जानवरों के लिए भी विद्युत शवदाह गृह का निर्माण प्रखंड वार करना चाहिए। इससे नदियां प्रदूषित नहीं होंगी जिसके कारण लोगों को काफी लाभ होगा। वर्तमान केंद्र सरकार की अधिकतम योजनाएं और अभियान केवल लूट खसोट का माध्यम बन कर रह गया है।

## आज से बनेगा आयुष्मान कार्ड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शाहपुर (भोजपुर)।** प्रखंड में आयुष्मान कार्ड आज से बनना शुरू होगा। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी शाहपुर द्वारा आदेश निर्गत किया गया है। यह आदेश दिनांक 02 मार्च से प्रारंभ होकर कार्य समाप्ति तक लागू रहेगा। सरकार के सचिव खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा सूचित किया गया है कि मुख्य सचिव, बिहार एवं अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग, बिहार पटना से प्राप्त आदेश एवं जिला पदाधिकारी, भोजपुर आरा द्वारा निर्गत आदेश एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न बैठक में प्राप्त निर्देश के आलोक में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु सभी पंचायतों में जन वितरण प्रणाली विक्रेता के दुकान पर जन सेवा केंद्र स्थापित की गई है। आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जन वितरण प्रणाली विक्रेता के विक्रय स्थल पर जन सेवा केंद्र के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु पंचायतवार सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता के विक्रय स्थल पर जन सेवा केंद्र को संबद्ध किया गया है तथा जिला पदाधिकारी, भोजपुर के निर्देशानुसार पंचायत सरकार भवन या पंचायत कार्यालय भवन में कार्यरत कार्यपालक सहायक को संबद्ध किया गया है। जिला पदाधिकारी, भोजपुर के आदेश के आलोक में पंचायत स्तरीय नोडल पदाधिकारी तथा दो पंचायत पर एक पर्यवेक्षकीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनाया जायेगा। इसके लिए किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। इस संबंध में यदि किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होगी तो उसे पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## जगदीशपुर में पात्र लाभार्थियों का आज से बनेगा आयुष्मान कार्ड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** जगदीशपुर नगर और प्रखंड क्षेत्र में दो मार्च आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। जिलाधिकारी राजकुमार के आदेश के आलोक में राशन कार्डधारी के जितने भी सदस्य हैं उनका पीडीएस दुकान पर निशुल्क कार्ड बनाया जाएगा। अभियान के लिए बीडीओ व एमओ को निर्देश दिया गया है। शुक्रवार को प्रखंड सूचना प्रौद्योगिक भवन, जगदीशपुर के सभागार में बीडीओ सुदर्शन कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में उक्त योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इसमें पंचायत स्तर के सभी कर्मियों को लाभार्थियों का सहयोग करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग करने की अनुरोध की गई। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि जितने भी राशन कार्डधारी हैं उनका आयुष्मान कार्ड हर हाल में बनाना है। राशनकार्डधारी के जितने भी सदस्य हैं उनके डीलर का दायित्व है कि आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर बीपीआरओ अरुण कुमार, मनरेगा पीओ शिवनारायण लाल सिंह, रेफरल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर एस किशुन, प्रखंड कल्याण पदा0 राजेश कुमार, जीविका के बीपीएम सत्येंद्र कुमार, मुखिया उमेश कुमार सिंह, सुषुमलता कुशवाहा, विजय शंकर चौबे उर्फ टूना चौबे, प्रियरंजन सिंह, सुरेश सिंह, अजय यादव सहित अन्य पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## 3 मार्च को महागठबंधन रैली में शामिल होने पहुंचेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं प्रखंड अध्यक्षों के साथ तैयारी समिति के पदाधिकारियों की एक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय पर की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ मनोज पांडये ने की।

डॉ पांडेय ने 3 मार्च को गांधी मैदान पटना में महागठबंधन द्वारा आयोजित जन विश्वास महारैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, युवा नेता राहुल गांधी, पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सहित महागठबंधन की नेताओं की बातों को सुनने की अपील की। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत के लिए संकल्पित होने की बात की। डॉ पांडे ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से काशी पटना शताब्दी एक्सप्रेस से टिकट के साथ पटना चलने की बात की। इसके लिए तैयारी समिति के सात सदस्यीय कमेटी प्रखंड से लेकर गांव का दौरा कर रही है। डॉ पांडे ने आगे बताया कि जिनको 2 मार्च को रात्रि में पहुंचना है दलबल के साथ में उनके रहने और खाने की व्यवस्था पटना में की गई है। सभी कार्यकर्ताओं ने आगामी महागठबंधन रैली में उत्साहपूर्वक पहुंचने की बात की। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डॉ प्रमोद ओझा और विनय सिंह ने संयुक्त रूप से एक ही बात दोहराते हुए कहा कि बक्सर से कांग्रेस कार्यकर्ता आगामी 3 मार्च को गांधी मैदान पहुंचेंगे। बैठक के दरम्यान जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता संजय दुबे, त्रिजोगी नारायण मिश्र, जय राम, अजय ओझा, वीरेंद्र राम, महिमा उपाध्याय, भोला ओझा, महेंद्र चौबे, सुनील पांडे, बबन तुरहा, दीपक कुमार, छोटू, विवेक इत्यादि उपस्थित रहें।

## विकास मित्रों को जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने से संबंधित दिये गये दिशा निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सूचना प्रौद्योगिक भवन के सांख्यिकी पदाधिकारी के कक्ष में शुक्रवार को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में बैठक हुई। अध्यक्षता सांख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार और कल्याण पदाधिकारी राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में विकास मित्रों को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने से संबंधित आवश्यकताओं, पंजीकरण की अवधि इत्यादि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए सुझाव के साथ निर्देश दिया गया।



सांख्यिकी पदाधिकारी ने जन्म प्रमाण पत्र की उपयोगिता के बारे में बताया कि जन्म की तारीख का प्रमाण का यह प्रमाणित दस्तावेज है। स्कूल में दाखिला के लिए उपयोगी है। जल्द ही स्कूलों में नामांकन की प्रक्रिया चालू होगा। ऐसे में महादलित टोले के बच्चों और बच्चियों का विद्यालय में नामांकन से वंचित न रह जाये। वैसे बच्चों और बच्चियों का उनके परिवार को जरूरी कागजात जुटाने में सहयोग के साथ विकास मित्रों को जन्म प्रमाण पत्र का फार्म भरवाने के लिए निर्देश दिया गया है। आगे बताया की जन्म के 21 दिन के अंदर पंजीकरण कराकर निःशुल्क प्रमाण पत्र बनाया जाता है। वही प्रखंड कल्याण पदाधिकारी द्वारा भी महादलित परिवार के लिए चलाए जा रहे हैं जनकल्याण योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस मौके पर डाटा एंट्री ऑपरेटर अभिषेक, विकास मित्र मुकेश कुमार, पुष्पा कुमारी, मंजय कुमार, हरेंद्र प्रसाद, रंगलाल राम, दिनेश कुमार राम, पूजा कुमारी, रीना कुमारी सुशीला देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

## सांसद की बातों को गलत ढंग से किया जा रहा प्रचारित : छोटे सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता तेज प्रताप सिंह उर्फ छोटे सिंह ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि बक्सर सांसद अश्वनी कुमार चौबे के द्वारा विश्वामित्र महोत्सव में किए गए संबोधन को गलत ढंग से परिभाषित कर भाजपा के खिलाफ में कुछ तथाकथित लोगों द्वारा माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसकी भारतीय जनता पार्टी घोर निंदा एवं भर्त्सना करती है। अश्वनी कुमार चौबे ने अपने संबोधन में बक्सर को आध्यात्मिक एवं महर्षि विश्वामित्र के विषय में चर्चा के दौरान कहा था कि श्रीराम कर्मभूमि न्यास सिद्धाश्रम बक्सर के द्वारा बक्सर के आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के लिए ही सनातन संस्कृति समागम का आयोजन किया गया था, जिसका तथाकथित संत के रूप में विरोध किया गया। किसी संत के द्वारा अध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का विरोध करना उचित नहीं है। एक तरफ से अपने को संत कहना और महर्षि विश्वामित्र प्रभु श्री राम के महत्व के लिए किए गए आयोजन का विरोध करना यह कहां तक उचित है। अश्वनी कुमार चौबे ने बक्सर की अध्यात्मिक प्रतिष्ठा को स्थापित करने के लिए अपने संकल्प को व्यक्त किया और कुछ लोगों के द्वारा विरोध स्वरूप भाजपा का तथाकथित कार्यकर्ता बनकर पुतला फूंकना उचित नहीं है, क्योंकि भाजपा का कार्यकर्ता जिसने पंच निष्ठा की शपथ ली है वह भाजपा का एवं प्रतिनिधि का कभी विरोध कर ही नहीं सकता। यह तथाकथित लोग विरोधियों के प्रलोभन बस भाजपा की झूठी चादर ओढ़ कर विरोध का नाटक कर रहे हैं। कुछ लोग दल विरोधी कार्यो के लिए दल से निकल जाने के बाद लोकसभा क्षेत्र की मतदाताओं के ठेकेदार बनकर सोशल मीडिया के माध्यम से भाजपा के प्रतिनिधि को धमकाना जिसकी भारतीय जनता पार्टी घोर निंदा एवं भर्त्सना करती है।

## सभी हल्के में कैंप के माध्यम से आवेदनों का होगा निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में सभी अंचलाधिकारियों एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता की बैठक समाहरणालय परिसर अवस्थित कार्यालय कक्ष में की गई।



बैठक में विभागीय निर्देश के आलोक में सभी हल्का में तीन दिन मंगलवार, बुधवार एवं गुरूवार को कैम्प आयोजित करने का निर्देश दिया गया। जिसमें पूर्व से सृजित जमाबंदी में छूटे हुए खाता, खेसरा, रकबा एवं लगान को अद्यतन करने, पारिवारिक बंटवारा हेतु वंशावली बनाने का कार्य हेतु आवेदन प्राप्त किए जायेंगे। इस शिविर में रैयत उपस्थित होकर निम्न साक्ष्य के साथ आवेदन दे सकते है:- मृत जमाबंदी रैयत की वंशावली, आपसी खानगी बंटवारा, ऑनलाईन जमाबंदी में खाता, खेसरा, रकबा एवं लगान की प्रविष्टि एंव छुटी हुई जमाबंदी की प्रविष्टि, फटी हुई जमाबंदी के पुर्नसृजन। सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि तीनों दिन शिविर में हल्का कर्मचारी उपस्थित रहेंगे एवं इसका अधिक से अधिक माईकिंग के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाय। भूमि सुधार उप समाहर्ता बक्सर एवं डुमराँव को शिविर का मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। सभी अंचलाधिकारियों को आरटीपीएस काउंटर का औचक निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया गया। कोई भी बिचौलिया या दलाल औचक छापेमारी में पकड़े जाते है तो तुरंत एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया। आवेदक आरटीपीएस काउंटर पर स्वयं ही आवेदन देंगे। किसी अन्य के माध्यम से दिया गया आवेदन नहीं लिया जाएगा। बैठक में सभी अंचलाधिकारी एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता बक्सर व डुमराँव उपस्थित थे।

## चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** थाना की पुलिस ने एक चोरी की बुलेट मोटर साईकिल के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपित लक्ष्मण पासवान दाउदनगर शहर के अमृत बिगहा के रहने वाला है. वह दाउदनगर थाना कांड संख्या 70/24 का अप्राथमिकी आरोपित है. थानाध्यक्ष फहीम आजाद खां ने बताया कि चोरी की बाइक को बरामद करते हुए उसे अरवल जिले के किंजर थाना क्षेत्र के इलाके से गिरफ्तार किया गया है। 27 फरवरी को हसपुरा निवासी खुशवंत मणि द्वारा एक प्राथमिकी दाउदनगर थाना में दर्ज कराई गयी थी।

## एक नजर

### शिवाजीनगर थाना परिसर में जब्त देसी-विदेशी शराब को किया गया नष्ट



**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शुक्रवार को शिवाजीनगर थाना परिसर में अलग अलग 6 कांडों में जब्त लगभग 70 लीटर देशी एवं 33 लीटर विदेशी शराब को किया गया विनिष्टिकरण जानकारी देते हुए शिवाजी नगर थानाध्यक्ष छोटेलाल सिंह ने बतलाया की अलग अलग कांड में जब्त किए गए गए लगभग 70 लीटर देशी एवं 33 अंग्रेजी शराब को नष्ट करते हुए जेसीबी से मिट्टी की खुदाई कर दवा दिया गया, मौके पर शिवाजी नगर थाना अध्यक्ष छोटेलाल सिंग एवं अंचलाधिकारी बीना भारती, सी आई कपिल देव झा, प्रशिक्षु शंकर कुमार चौधरी, एस आई राजेश कुमार सरवन कुमार पासवान प्रदीप कुमार आदि थे।

### अविश्वास के बाद सिन्हा पंचायत के उप मुखिया बने देवनाथ पांडेय

**बड़हरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड अंतर्गत सिन्हा पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन के परिसर में सिन्हा पंचायत मुखिया पिंकी देवी की अध्यक्षता एवं पर्यवेक्षक मिराज खान की उपस्थिति में उप मुखिया का चुनाव संपन्न हुआ। बताया जाता है कि सिन्हा पंचायत के उप मुखिया पद पर देवनाथ पांडे चयनित किए गए। देवनाथ पाण्डेय के पूर्व सिन्हा पंचायत के उप मुखिया पद पर लालमति देवी विद्यमान थी। लेकिन वार्ड सदस्यों द्वारा उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। अविश्वास प्रस्ताव के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी के दिशा निर्देश में उप मुखिया पद के चयन हेतु उपचुनाव का आयोजन किया गया।सिन्हा पंचायत में वार्ड सदस्यों की संख्या 17 है। लालमति देवी को 3 मत एवं देवनाथ पांडे को 14 मत प्राप्त हुआ। देवनाथ पाण्डेय को सिन्हा पंचायत का उप मुखिया घोषित किया गया। इसी के साथ उप मुखिया बने देवनाथ पाण्डेय के चाहने वालों के बीच खुशी का लहर छा गया। इस मौके पर सिंह पंचायत के मुखिया पिंकी देवी के पति धनजी प्रसाद एवं राम अवतार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### अपग्रेडेशन के बाद कृष्णगढ़ थाने में पहली एफआईआर दर्ज

**बड़हरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड अंतर्गत स्थित कृष्णगढ़ थाना में पहला एफ आई आर दर्ज किया गया। कृष्णगढ़ थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि जब कृष्णगढ़ ओपी के रूप में था तो केस दर्ज करवाने हेतु थाना से 12 किलोमीटर दूर स्थित बड़हरा थाना भेजा जाता था जिससे किसी केस में त्वरित कार्रवाई करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने आगे बताया कि अपग्रेडेशन के बाद कृष्णगढ़ थाना परिसर में मेरे द्वारा आज पहला एफआईआर दर्ज किया गया। अब मुकदमा दर्ज कराने हेतु बड़हरा नहीं जाना पड़ेगा। बड़हरा जाने में काफी समय लगता था। साथ ही थाना बनने से पुलिस बल ज्यादा संख्या में उपलब्ध होगा जिससे त्वरित कार्रवाई करने में कोई परेशानी नहीं होगी।

### ओवरलोडिंग के खिलाफ चलाया गया अभियान, दो ट्रैक्टर जब्त

**बड़हरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड अंतर्गत कृष्णगढ़ थाना के बभनगांवा गांव के पास ओवरलोडिंग के खिलाफ सघन वाहन जांच अभियान चला कर ओवरलोडिंग बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया। बताया जाता है कि कृष्णगढ़ थाना प्रभारी पवन कुमार की नेतृत्व में कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बभनगांवा गांव के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया जिसमें दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया। वही दोनों ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहे। साथ ही दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई करने हेतु खनन पदाधिकारी को सूचित किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि ओवरलोडिंग एवं अवैध रूप से बालू परिचालन करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। यह अभियान हमेशा चलता रहेगा। ओवरलोडिंग बालू लदे ट्रैक्टर जब्त होने से अवैध रूप से बालू परिचालन करने वाले तस्करों एवं चालकों के बीच हड़कम्प मचा हुआ है।

### डीटीओ ने डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

**जगदीशपुर (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए नगर स्थित सवारथ साहू उच्च विद्यालय के खेल मैदान को डिस्पैच सेंटर चयन किया गया है। शुक्रवार को भोजपुर डीटीओ ने निरीक्षण किया। उन्होंने बीडीओ सुदर्शन कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बता दे कि चुनाव से संबंधित वाहन पड़ाव को लेकर पर्याप्त जगह चाहिए। इसके लिए विधानसभा क्षेत्र के तहत खेल मैदान चयन किया गया है। यहां से चुनाव में लगे कर्मियों एवं पदाधिकारी बूथों पर सामग्री लेकर पहुंचेंगे।

### जनविश्वास रैली की सफलता को लेकर बैठक

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला कंग्रेस कमिटी कि बैठक जिलाध्यक्ष अशोक राम की अध्यक्षता में कंग्रेस कार्यालय शहीद भवन में आगामी 3 मार्च को गांधी मैदान पटना में आहूत महागठबंधन कि जन विश्वास रैली कि सफलता को लेकर किया गया जिसमें भारत के लोकप्रिय जन नेता राहुल गांधी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे भी शिरकत करेंगे। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अशोक राम ने कहा कि उक्त रैली में भोजपुर जिला कंग्रेस कि भूमिका हमेशा की तरह ऐतिहासिक होगी शहीद भवन से दर्जनों गाड़ियों से सैकड़ों लोग जानें कि पुरी तैयारी कर चुके हैं तथा बहुत सारे लोग ट्रेन से भी जानें कि तैयारी किए हुए हैं। इसके साथ ही शहर के चौंक चौराहा पर महागठबंधन का होल्डिंग बैनर लगाए जाने के साथ साथ जन जागरूकता का कार्य भी किया जा रहा है। जिले वासियों से अपील करते हैं कि जिले कि उपस्थित अधिक से अधिक सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में शशि कुमार सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि घनश्याम उपाध्याय, पन्नग कुमार त्रिपाठी, संतोष पाण्डेय, पार्टी प्रवक्ता बिरेन्द्र मिश्रा, सत्य प्रकाश राय, रजी अहमद, डा. अमित द्विवेदी, राकेश त्रिपाठी, योगेन्द्र सिंह, नन्द जी राम अरविंद सिंह, रविन्द्र तिवारी, आदित्य नारायण सिंह आदि उपस्थित थे।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना : हर घर के 15 हजार रुपये बचाएगी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एक केंद्रीय योजना है जिसका लक्ष्य भारत में वैसे एक करोड़ परिवारों को मुफ्त बिजली प्रदान करना है, जो छत पर सौर बिजली इकाई स्थापित करने का विकल्प चुनते हैं। ऐसे परिवारों को हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिल सकेगी। यह 75,021 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 29 फरवरी को केंद्रीय मंत्रिमंडल से स्वीकृत एक महत्वाकांक्षी योजना है। यह योजना 2 किलोवाट क्षमता तक के सिस्टम के लिए सौर इकाई लागत का 60 प्रतिशत और 2 से 3 किलोवाट क्षमता के बीच के सिस्टम के लिए अतिरिक्त सिस्टम लागत की 40 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान करती है। इस सब्सिडी को 3 किलोवाट क्षमता तक सीमित कर दिया गया है। तदनुसार, मौजूदा मानक कीमतों पर इसका मतलब 1 किलोवाट सिस्टम के लिए 30,000 रुपये, 2 किलोवाट सिस्टम के लिए 60,000 रुपये और 3 किलोवाट या उससे अधिक सिस्टम के लिए 78,000 रुपये होगी। सबसे पहले इसके इच्छुक उपभोक्ता को राष्ट्रीय पोर्टल www.pmsurya-garh.gov.in पर पंजीकरण कराना होगा। इसमें राज्य और बिजली वितरण कंपनी का चयन करना होगा। राष्ट्रीय पोर्टल उपयुक्त सिस्टम आकार, लाभ की गणना, विक्रेता रेटिंग आदि जैसी प्रासंगिक जानकारी प्रदान करके इच्छुक परिवारों की सहायता करेगा। उपभोक्ता विक्रेता और रूफ टॉप सोलर यूनिट का चयन कर सकते हैं जिसे वे अपनी छत पर लगाना चाहते हैं। कोई परिवार 3 किलोवाट तक के आवासीय आरटीएस सिस्टम की स्थापना के लिए वर्तमान में लगभग 7 प्रतिशत की दर से बिना किसी गारंटी के कम ब्याज पर ऋण ले सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर तय की गई प्रचलित रेपो दर से यह ब्याज दर 0.5 प्रतिशत अधिक आंकी गई है। यदि रेपो दर, जो वर्तमान में 6.5 प्रतिशत है, घटकर 5.5 प्रतिशत हो जाए, तो उपभोक्ता के लिए प्रभावी ब्याज दर वर्तमान 7 प्रतिशत के बजाय 6 प्रतिशत हो जाएगी।

# 'एमएसएमई कॉम्पेटिटिव लीन योजना' विषय पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कार्यालय, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार, पटना द्वारा शुक्रवार को कार्यालय सभागार में एक दिवसीय 'एमएसएमई कम्पिटीटीव लीन योजना' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार के एमएसएमई चैंपियन्स योजना के एमएसएमई कम्पिटीटीव लीन योजना के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य, उद्यमियों के बीच राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना, एमएसएमई को प्रशिक्षित लीन सलाहकारों की मदद से लीन विनिर्माण उपकरणों का इस्तेमाल करके वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने में मदद करना, देश के विभिन्न औद्योगिक क्लस्टर में लागू करना एवं एमएसएमई कम्पिटीटीव लीन योजना में उपलब्ध वित्तीय सहायता एवं विभिन्न प्रक्रियाओ के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना था। लीन टूल्स इस्तेमाल करके, एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों को प्रोध्योगिकी उन्नयन और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता, संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख सीएसएस राव, आई.ई.डी.एस. ने की। मुख्य अतिथि के रूप में, राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, पटना के क्षेत्रीय निदेशक जे. के. सिंह रहे। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में विवेक कुमार, महाप्रबंधक प्रभारी, जिला उद्योग केंद्र ,पटना, प्रदीप कुमार झा, उप महाप्रबंधक, सिडबी, पटना, उषा झा, अध्यक्ष, बिहार महिला उद्योग संघ, पटना, आशीष रोहतगी, उपाध्यक्ष, बिहार उद्योग संघ, पटना, कैप सत्यप्रकाश, अध्यक्ष, डिक्की, बिहार चैप्टर, सुमन शेखर, महासचिव, लघु उद्योग भारती, बिहार चैप्टर, सुधांशु सुमन, वैज्ञानिक-बी, भारतीय मानक ब्यूरो, पटना एवं अन्य अतिथिगण इत्यादि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन एवं समन्वयन सम्राट एम. झा, आई.ई.डी.एस., सहायक निदेशक, एमएसएमई - ड़ीएफओ, पटना ने किया। कार्यक्रम का उदघाटन आए हुए अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौक़े पर सम्राट एम. झा, आई.ई.डी.एस., सहायक निदेशक, एमएसएमई - ड़ीएफओ, पटना ने कार्यक्रम उदेश्य के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुये, उद्यमियों /भावी उद्यमियों के बीच राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के वैश्विक स्तर पर एमएसएमई कम्पिटीटीव लीन योजना द्वारा प्रतिस्पर्धी बनने, योजना की प्रक्रियाओ, इस संबंध मे विभिन्न जानकारी दी।

# भारत की मिट्टी वीरों की शहादत की ऋणी : गिरीराज सिंह

## गणेशदत्त महाविद्यालय में शहीद ऋषि द्वार का केन्द्रीय मंत्री ने किया उद्घाटन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** गणेशदत्त महाविद्यालय में केंद्रीय मंत्री सह सांसद गिरिराज सिंह और ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी द्वारा शहीद ऋषि द्वार का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर अतिथि द्वारा स्थानीय सांसद विकास निधि से सभागार सह परीक्षा भवन का शिलान्यास और पुस्तकालय भवन के द्वितीय तल पर बने सभागार का उद्घाटन किया गया। आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह हम सबके लिए सौभाग्य है कि हम अपने सपूत की स्मृति को श्रद्धांजलि देने के लिए यहां पर खड़े हैं। भारत की मिट्टी वीरों की शहादत के लिए सदैव ऋणी है। आज जो भी भारत की एकता अखंडता को खंडित करने का काम करेगा उसे हमारे देश के युवा जोरदार जबाव देंगे। वही कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने कहा की आज हम सब शहीद को सम्मान देने के लिए नहीं बल्कि शहीद की शहादत से हम सब लोग आज सम्मानित हो रहे हैं। यह हम सबके लिए फक्र है कि शहीद ऋषि के नाम पर हमने महाविद्यालय को सजाने का काम किया है। वहीं उन्होंने महाविद्यालय के शिक्षक और कर्मचारियों से कहा कि मेरे लिए सबसे बेहतर यह होगा यहां पर अध्ययन और अध्यापन का कार्य हो। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा की कहानियों और वह आडंबरों से हमें बचने की जरूरत है। समस्याओं के बीच ही हमें अपने आप को निखारने की जरूरत है जो भी समस्याएं हैं उसका निराकरण किया जाएगा और महाविद्यालय को शिक्षण व्यवस्था से लैस किया जाए। वही स्वागत भाषण करते हुए प्रो कमलेश कुमार ने कहा कि महाविद्यालय सतत अपने विकास को लेकर सजग है। यह अलग बात है कि हमारे पास कई समस्याएं हैं जहां एक तरफ शिक्षकों की कमी है वही शिक्षकों का मानदेय भी कई महीने से लंबित है। अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य प्रो राम अवधेश कुमार ने कहा कि महाविद्यालय अपने समस्याओं के बीच निदान का रास्ता निकालते हुए आगे बढ़ रहा है। महाविद्यालय में शिक्षण व्यवस्था हो इसको लेकर हम सब शिक्षकों के साथ काम कर रहे हैं। खास करके छात्रों की जो समस्याएं हैं उसका निदान कैसे हो इसके लिए हम सब विस्तार केंद्र के माध्यम से उसे आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ कुन्दन कुमार और धन्यवाद ज्ञापन प्रो अनिल कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो अजीत कुमार के नेतृत्व में एनसीसी के बच्चों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री और कुलपति द्वारा के पी जायसवाल पुरातात्विक संग्रहालय का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर डॉ चंद्रभूषण प्रसाद सिन्हा प्रो अंजनी कुमार डॉ देवनीति प्रसाद सिन्हा डॉ शशिकांत पांडेय प्रो कृष्ण कुमार प्रो जिकरुल्ला खान प्रधान सहायक कामेश्वर सिंह मो इब्राहिम सहित अन्य उपस्थित थे।

# माडर को हरा फाइनल मैच का विजेता बनी बेलौटी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के बडकी सलैया जनता उच्च विद्यालय +2 के खेल मैदान में नवज्योति युवक क्लब के तत्वावधान में खेले जा रहे स्व रामनरायण सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच शुक्रवार को इमर्जिंग स्टार क्रिकेट क्लब माडर एवं बेलौटी के बीच खेला गया। क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन समाज सेवी किरण प्रभाकर, जिला पार्षद रेशमा कुमारी, जद यू नेता संजीव कुमार, पैक्स अध्यक्ष वरुण कुमार, मुखिया प्रतिनिधि संतोष गौतम, पूर्व मुखिया रामाकांत पाण्डेय के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। बेलौटी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवरों में 6 विकेट खोकर 179 रन बनाया। वही जवाबी पारी खेलने उतरी इमर्जिंग स्टार क्रिकेट क्लब माडर की टीम 16 ओवर में आठ विकेट खोकर 138 रन ही बना सकी। बेलौटी की टीम ने 41 रनों से मैच को जीत लिया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संजीव कुमार सिंह ने कहा कि खेल का मैदान कोई जाति धर्म नही होता है खेल आपसी सदभाव और भाईचारे का खेल है। कहा कि स्व. रामनारायण सिंह का शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रहा है जिन्होने विद्यालय भवन निर्माण के लिए जमीन दान किया था। समाजसेवी किरण प्रभाकर ने कहा कि गांव में इस तरह का आयोजन होने से गांव में छिपी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। आज सासाराम का एक लड़का आकाशदीप राष्ट्रीय टीम में चयनित हो सासाराम का नाम रौशन कर रहा है। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बेलौटी टीम के विकास कुमार कौ को तथा मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार माडर टीम के ही किशु कुमार को दिया गया। मैच में अंपायर की भूमिका हिमांशु सिंह एवं अंकु सिंह ने निभाया। वही स्कोरर की भूमिका गौतम पांडेय एवं कमेंटेटर की भूमिका शैलेश पांडेय ने पूरा किया। मौके पर जगत सिंह, क्लब के अध्यक्ष शिवम सिंह, कोषाध्यक्ष हिमांशु सिंह,अभय सिंह, टिंकू सिंह, अमन सिंह, शुभम सिंह, राहुल विश्वकर्मा समेत नव ज्योति नवयुवक क्लब के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# जन विश्वास महारैली को राजद कार्यकर्ताओं ने की बैठक



**नवीनगर (औरंगाबाद)।** नवीनगर नगर पंचायत के बसन बिगहा मोड़ स्थित राजद कार्यालय में शुक्रवार को आगामी तीन मार्च को पटना में होने वाले जन विश्वास महारैली को लेकर राजद कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जगन यादव ने की। बैठक में आगामी 3 मार्च को पटना में आयोजित होने वाले जन विश्वास महारैली के तैयारी को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित राजद कार्यकर्ताओं से प्रखंड अध्यक्ष जगन यादव ने भारी संख्या रैली मे भाग लेकर आरजेडी पार्टी के पुर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव को हाथों को मजबूत करने का निर्णय लिया। कार्यकर्ताओं ने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए अपनी पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए अपने अपने पक्ष को रखा।बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करने के हित में कई अहम फैसले भी लिए गए। मौके पर नगर अध्यक्ष संतोष सिंह, प्रमोद यादव,मो रमजान अली, दिवाकर चंद्रवंशी, पूनम यादव, विनोद यादव, प्रमोद कुमार सिंह, विनय यादव आदि थे।

# मुजफ्फरपुर में क्रिकेट एकेडमी ऑफ पठान्स के 34वें केन्द्र का शुभारम्भ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** क्रिकेट एकेडमी ऑफ पठान्स (सीएपी) को यह घोषित करते हुए हर्ष हो रहा है कि बिहार के मुजफ्फरपुर में तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन (शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय) में उसके अद्ययावत केन्द्र का शुभारम्भ किया गया। इस बहुप्रतीक्षित शुभारंभ के अवसर पर विख्यात पूर्व-क्रिकेटर युसूफ पठान उपस्थित थे और यह समारोह इस क्षेत्र के उभरते क्रिकेटर्स के लिए एक सुनहरा अवसर था।

सीएपी के निदेशक युसूफ पठान ने छात्रों से संवाद किया और उनके अनुठे क्रिकेट करीअर से जुड़े अहम अनुभव उन्होने बताए। उनकी उपस्थिति से मुजफ्फरपुर के प्रतिभाशाली युवाओं को अत्यधिक प्रेरणा मिली।

सीएपी प्रबन्ध निदेशक हरमीत वसदेव ने मजफ्फरपुर में इस एकेडमी के विस्तार पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 30 से अधिक केन्द्रों के नेटवर्क के द्वारा सीएपी ने 10,000 से अधिक छात्रों के विकास में योगदान दिया है। भारत के सभी इलाकों में क्रिकेट की प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए यह प्रतिबद्ध है। मुजफ्फरपुर में हमारा विस्तार उभरते क्रिकेटर्स को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण और इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता दर्शाता है। सीएपी ने प्रतिभाशाली खिलाडियों को प्रशिक्षण देने का कार्य सफलता से किया है और विभिन्न सीएपी केन्द्रों से आनेवाले 300 से अधिक क्रिकेटर्स ने जिला, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपने हुनर का उदाहरण प्रस्तुत किया है। रणजी प्रतियोगिता, विजय हजारे प्रतियोगिता, सी. के. नायडू प्रतियोगिता और कूच बिहार प्रतियोगिता जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में उन्होने सक्रिय सहभाग लिया है। सीएपी को विश्वास है कि मुजफ्फरपुर के छिपे प्रतिभासम्पन्न खिलाडियों को भी वह सामने लाएगी तथा भविष्य के क्रिकेट खिलाडी बनने के उनके सपने और उनकी क्षमता को साकार करने के लिए उनकी सहायता करेगी। क्रिकेट प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में अद्ययावत तकनीक तथा आधुनिक नवीनताओं के समावेश के सात सीएपी समय के साथ आगे बढ़ रही है। सेंटर में स्टान्स बीम जैसी टेक्नोलॉजीज होती हैं जो खिलाडियों को रिअल टाईम में फीडबॅक देती हैं तथा उनके खेल के विश्लेषण द्वारा उनके खेल में सुधार करने में सहायता करती हैं। आनेवाले समय में सीएपी इस वर्ष युवाओं को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण देने हेतु टायर 2 और टायर 3 शहरों में 25 से अधिक केन्द्र शुरू करने जा रही है। सीएपी जल्द अपने केन्द्र कर्नाल, गोध्रा, दिब्रूगढ़, भिलवाडा, बेहरामपूर, अलवर और अन्य स्थानों में शुरू करने जा रही है।

# चरखा पार्क में 'हमारा संकल्प विकसित भारत' विषय पर फोटो प्रदर्शनी सह जागरुकता कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/मोतिहारी।** संघर्ष तथा सत्याग्रह की धरती चंपारण के मोतिहारी में शुक्रवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना द्वारा फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का उदघाटन मोतिहारी के सांसद राधा मोहन सिंह ने किया।

इस अवसर पर प्रमोद कुमार, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार मोतिहारी, पिपरा विधायक श्याम बाबू प्रसाद यादव, हरसिद्धि विधायक कृष्णनंदन पासवान, सच्चिंद्र सिंह, पूर्व विधायक, मोतिहारी, लाल बाबू गुप्ता, उप महापौर, मोतिहारी, प्रकाश अस्थाना, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सूचना प्रसारण मंत्रालय के अधिकारी और कर्मचारी द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि बीते 9 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताने के लिए आज इस संघर्ष और सत्याग्रह की धरती मोतिहारी के चरखा पार्क में 'हमारा संकल्प विकसित भारत' विषय पर 09 दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम 09 मार्च तक चलाया जायेगा। सांसद ने इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य को लोगों समझाते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रहे विभिन्न योजनाओ जैसे उज्ज्वला, आयुषमान कार्ड, घर-घर बिजली, कामगारों के लिए विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आदि के बारे में लोगों को बताना है। आगे उन्होंने ये भी बताया की अभी तो जो वर्ग इन योजनाओं से वंचित रह गए हैं वो इन योजनाओ का लाभ अवश्य उठाएं। जिसके लिए इस कार्यक्रम में भी बहुत सारे योजनाओ के काउंटर लगाए गए हैं। सांसद ने लोगों से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए चलाए जा रहे विभिन्न मत्वकांक्षी योजना का हिस्सा बनने के लिए अपील भी की ताकि कोई वर्ग गरीब और वंचित न रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमोद कुमार, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज पूरा देश भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में एक साथ खड़ा हैं और इस कार्यक्रम के माध्यम से उन वंचितों लोगों तक पहुंचकर योजनाओं का लाभ पहुंचाना जो अभी तक भी सरकारी योजनाओं से वंचित रह गए है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी जावेद अख्तर हुए कहा कि विकसित भारत का बनाने का संकल्प हर भारतीय का स्वप्न है जिसकी पूर्ति के लिए यह कार्यक्रम हो रहा है।

कार्यक्रम के दौरान विभाग के पंजीकृत सांस्कृतिक दल के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका दर्शकों ने आनंद उठाया।

मौके पर प्रमोद कुमार, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार मोतिहारी, पिपरा विधायक श्याम बाबू प्रसाद यादव, हरसिद्धि विधायक कृष्णनंदन पासवान, सच्चिंद्र सिंह, पूर्व विधायक, मोतिहारी, लाल बाबू गुप्ता, अप महापौर, मोतिहारी, प्रकाश अस्थाना, सामाजिक कार्यकर्ता, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी जावेद अख्तर सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पीएम नरेन्द्र मोदी के आगमन को लेकर आज बेगूसराय में चहुंओर दिख रहा उत्साह

**बेगूसराय।** देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उलाव हवाई अड्डा में जनसभा को संबोधित करेंगे इसके लिए जिलेवासियों में अपने ओजस्वी प्रधानमंत्री की एक झलक देखने और सुनने के लिए चहुंओर अच्छा खासा उत्साह देखने को मिल रहा है वहीं प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए इंतजाम इतना तगड़ा है कि कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। आपको बता दें कि आमजनता के चहेते पीएम का बेगूसराय में तीसरा जनसभा होने जा रहा है यह बेगूसराय की धरती के लिए गौरव की बात है हर कोई की जुबान पर गली मोहल्ले चौक चौराहे चाय पैन की दुकानों पर चर्चा का विषय बना हुआ है कि पीएम हज़ारों करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास के साथ इस जिले को और क्या सौगात देंगे। जिलेवासियों की मांगों के अनुसार तो बहुत कुछ उम्मीद पर टकटकी लगाए हैं लेकिन आश्चर्य जनक सौगात क्या मिलेगा बात इस पर निर्भर करती है। लोगों का कहना है कि उनकी सभा जहां कहीं भी होती सरकारी योजनाओं के साथ स्थानीय मांगो की भी पूर्ति का आश्वासन दिया जाता है अब देखना है कि आज जिलेवासियों को क्या नया सौगात मिलने वाला है जिससे जनमानस की मांगों का कायाकल्प होगा विकास की रफ्तार तो दिख ही रही है लेकिन स्थानीय मांगो से चहुंओर खुशी का माहौल है। गौरतलब बात यह है कि उलाव हवाई अड्डे को उनके सुरक्षार्मियों द्वारा चार दिनों से अपने कब्जे में ले लिया गया है आमजन के आने और और उनकी सुरक्षा सहित वाहन पार्किंग की भी व्यवस्था प्रशासन के द्वारा घोषित किया जा चुका सुरक्षा के दृष्टिकोण से चप्पे चप्पे पर निगहबानी बनी हुई है जिला प्रशासन भी दिन रात एक कर अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। वहीं पार्टी के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ता भी कमल के झंडे से पाट दिया है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार पीएम के साथ चार केंद्रीय मंत्री बिहार के मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री सहित कड़ी बड़े नेता के शामिल होने की संभावना है क्योंकि बिहार में नई सरकार के गठन के बाद कुछ नया चेहरा सामने आए हैं जो उनके साथ शिरकत करेंगे और जनसभा को भी संबोधित करेंगे क्योंकि उनका इस बार का जनसभा अपने आप में खास मायने रखता है।

### कलश व शोभा यात्रा के साथ शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ शुरू



**एकमा (सारण)।** नगर पंचायत एकमा बाजार के एकमा गांव में स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में शुक्रवार को कलश व शोभायात्रा के बीच वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सात दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ हो गया। बैंड-बाजे के साथ कलश व शोभायात्रा में शामिल महिला-पुरुष श्रद्धालु ठाकुर बाड़ी स्थित राम जानकी मंदिर परिसर से चलकर एकमा बाजार का परिभ्रमण करते हुए पांडेय छपरा गांव के प्राचीन सरोवर पहुंचे। जहां कलश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना में जल भरकर पुनः राम जानकी मंदिर परिसर में पहुंच कर जलाभिषेक किया। यज्ञाचार्य पंडित रंजन द्विवेदी ने बताया कि मानव कल्याण के लिए इस दौरान विभिन्न तरह के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं। इस दौरान विजय सिंह, जितेन्द्र सिंह, व्यास मांझी, कृष्ण मोहन गुप्त, गीता देवी, आरती देवी, संगीता, माया, सुनीता देवी, अनन्त गुप्त, राकेश कुमार, राहुल कुमार, रेखा, ममता, संजय कुमार समेत काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महायज्ञ शुरू होते ही एकमा समेत आसपास का पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने क्लेम सैटलमेंट का उद्योग-अग्रणी अनुपात कायम रखा

**पटना।** वित्तीय नियोजन की अगर बात करें, तो जीवन बीमा इसका एक अनिवार्य घटक है, जो परिवार और आश्रितों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। यह पॉलिसीधारक की असामयिक मृत्यु की स्थिति में परिवार की वित्तीय भलाई सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा किया गया एक वादा है। इन अर्थों में यह किसी प्रियजन को खोने के कारण उत्पन्न वित्तीय संकट को कम करने का एक बेहतर तरीका है। जीवन बीमा के मामले में क्लेम एक सच्चाई है और इसलिए किसी को उसी ब्रांड से पॉलिसी खरीदना चाहिए, जिस पर वे भरोसा करते हैं। क्लेम सैटलमेंट अनुपात और दावा निपटान में लगने वाले औसत समय के मूल्यांकन के आधार पर ग्राहक अपने अनुकूल जीवन बीमाकर्ता का चुनाव कर सकते हैं। क्लेम सैटलमेंट के मामले में टर्नअराउंड समय भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह सुनिश्चित करता है कि लाभार्थियों को दावे की राशि शीघ्र प्राप्त हो। हालांकि जिम्मेदारी पूरी तरह से बीमा कंपनी की नहीं है। ग्राहक खरीदारी के समय सभी प्रकार की जानकारी का सच्चाई से खुलासा करने की जिम्मेदारी भी निभाते हैं, इससे नामांकित लोगों के लिए त्वरित और परेशानी मुक्त दावा अनुभव सुनिश्चित किया जा सकता है। नियमों के अनुसार, जीवन बीमाकर्ता तिमाही आधार पर अपने दावा निपटान अनुपात की घोषणा करते हैं। आखिरकार व्यक्ति यह सुनिश्चित करने के लिए जीवन बीमा खरीदते हैं कि किसी भी स्थिति में उनके आश्रित वित्तीय रूप से सुरक्षित रहें। खास बात यह है कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के पास लगातार दावा निपटान अनुपात ट्रैक रिकॉर्ड है, जिसमें वित्त वर्ष 2024 के शुरुआती नौ महीनों के लिए उल्लेखनीय 98.6 प्रतिशत दावा निपटान अनुपात शामिल है। दावा निपटान अनुपात में निरंतरता भी बहुत महत्वपूर्ण है।

# जनता दरबार में डीएम ने 50 लोगों की समस्याएं सुनीं, अधिकारियों को दिए निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिले में कल अतिविशिष्ट व्यक्तियों के परिभ्रमण को लेकर विधि व्यवस्था एवं अन्य तैयारी को लेकर आज जनता दरबार स्थगित किया गया था। परंतु आज दूर दराज से कई व्यक्ति आज जनता दरबार समझ कर समाहरणालय में पहुंच गए। जिला पदाधिकारी गया डॉ. त्यागराजन एसएम को जानकारी मिलते ही व्यस्ततम समय निकाल कर आये सभी व्यक्तियों के समस्याओं को अपने चैंबर में बारी-बारी से सुना। आज जनता दरबार में आये हुए लगभग 50 से अधिक व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आवेदकों के कई मामलों में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी यथा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है। जनता दरबार में प्रधानमंत्री आवास / मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बंटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए। उन सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी तथा थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबंधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए। जनता दरबार में जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने आए आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु आदेशित करें। इसके साथ ही प्राप्त कई आवेदनों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है। साथ ही जांच पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदन को अधिकतम 7 दिनों में जांच करते हुए दोषी कर्मी/ पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रेषित करें। जनता दरबार में कई व्यक्ति परिमार्जन के संबंध में आवेदन दिए जिस पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि परिमार्जन हेतु लंबित आवेदनों को तेजी से निष्पादन करें। टिकारी अनुमंडल क्षेत्र के कुछ महिला आवेदक ने राशन कार्ड बनवाने हेतु आवेदन दिया, इस पर डीएम ने अनुमंडल पदाधिकारी टेकारी को दूरभाष पर निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र के एमओ द्वारा कैम्प लगाकर राशन कार्ड बनवाने हेतु आवेदन प्राप्त करे। किसी भी व्यक्ति को बेवजह नहीं दौड़ाएं। राशन कार्ड बनवाने के लिये हर हाल में सहयोग करे।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर एसडीओ ने की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** प्रखंड कार्यालय सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी के अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने 226 शेरघाटी विधानसभा (शेरघाटी, डोभी, आमस) के पदाधिकारी के साथ बैठक किया जिसमें बीडीओ, सीओ, सीडीपीओ, बीपीआरओ, एसएचओ एक्साइज इंस्पेक्टर मौजूद रहे।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी शारा अशरफ एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डॉ के रामदास ने सभी सेक्टर पदाधिकारी को नियमित रूप से क्षेत्र एवं बूथ भ्रमण करने का निर्देश दिया। सभी थाना प्रभारी को आगामी होली का त्यौहार को देखते हुए विधि व्यवस्था बनाए रखने और शराब आदि मादक पदार्थों की जब्ती करने एवं वाहन चेकिंग बढ़ाने का निर्देश दिया गया। सभी बीडीओ, सीओ एवं थाना अध्यक्ष को संयुक्त रूप से तालमेल बनाते हुए सजग रहने का निर्देश दिया गया। साथ ही बूथों पर सभी व्यवस्था आदि सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।

## राजद नेताओं ने जन विश्वास महारैली को लेकर चलाया जन संपर्क अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड के गरारी, केर, खजुरी, कोंच समेत कई पंचायतों में राजद नेताओं ने जन विश्वास महारैली को लेकर शुक्रवार को जन संपर्क अभियान चलाया। जानकारी देते हुए प्रखंड राजद प्रभारी डॉ रामाशीष कुमार ने बताया कि महागठबंधन द्वारा जन विश्वास महारैली 3 मार्च को पटना के गांधी मैदान में है। महारैली में पटना चलें को लेकर प्रखंड के गरारी, केर, खजुरी, कोंच, मंझियावां, परसावां, अदई, काबर, आंती, कोराप, तिनेरी आदि पंचायतों में गाड़ी में राष्ट्रीय जनता दल का झंडा लगा माइकिंग के जरिए और लोगों से मुलाकात कर जन संपर्क अभियान चलाया गया है और 2 मार्च को ही सभी पंचायतों से लोग पटना के लिए बस व अन्य वाहनों से रवाना होंगे। उन्होंने सभी लोगों से राजद प्रखंड कार्यालय पर आने को कहा है और 2 बजे वहां से हरी झंडी दिखाकर गाड़ी खुलेगी। उन्होंने अपील किया है कि सभी लोग अपने साथ एक पानी बोतल एवं एक चादर अवश्य लेने को कहा है।

# मगध विवि अधिक सुविधाओं से लैस होगा : कुलपति

## मगध विश्वविद्यालय का 63वां स्थापना दिवस मनाया गया



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय का आज 63वां स्थापना दिवस समारोह भव्य तरीके से मनाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश शामिल हुए। इसके अलावा भी कई गणमान्य लोग मंचासीन हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मगध विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गान के साथ शुरू हुआ।

इस मौके पर मगध विश्वविद्यालय के कुलपति शशि प्रताप शाही ने कहा कि आज मगध विश्वविद्यालय का 63वां स्थापना दिवस समारोह मनाया जा रहा है। यह समारोह प्रति वर्ष मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के साल भर के किए गए क्रियाकलापों पर विस्तृत रूप से चर्चा करनी है। साथ ही, विश्वविद्यालय परिसर में और कैसे बेहतर माहौल बनाया जाए ? यहां सुविधा अधिक से अधिक हो, इन विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की जाती है। कार्यक्रम में कई विभागों के विभागाध्यक्ष और गणमान्य लोग एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुये। आने वाले समय में मगध विश्वविद्यालय और अधिक सुविधाओं से लैस होगा। शैक्षणिक सत्र भी सुधरेगा। इसके लिए हमलोग लगातार प्रयासरत है।

# मुख्यमंत्री 2005 से बिहारियों के विकास के लिए हैं तत्पर : अभय कुशवाहा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जनता दल यू के जिलाध्यक्ष अभय कुशवाहा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जिला कार्यालय में केक काट कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन विकास दिवस के रूप में मनाया। अभय कुशवाहा ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री वर्ष 2005 से लगातार बिहार एवं बिहारियों के विकास के लिए हमेशा तत्पर हैं इसलिए पूरा बिहार विकास दिवस के रूप में उनका जन्मदिन मना रहा है। नीतीश कुमार जन-जन के नेता हैं। उन्होंने न्याय के साथ विकास किया है।

जन्मदिन मनाने के लिए गया के सांसद विजय मांझी, पूर्व विधानपार्षद मनोरमा देवी, शौकत अली, कुंडल वर्मा, द्वारिका प्रसाद, आसिफ जफर, जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, अजीत शर्मा, प्रवीण मेहता, पिंकी कुमारी, जितेंद्र दास, वीरेंद्र शर्मा, अरविंद चरण प्रियदर्शी, शंकर चौधरी, जहांगीर खान, सोनम दास, पूनम कुशवाहा, कैलाश पासवान, अब्दुल कादिर, ज्योति सिंह, बलिराम चौधरी, अरुण राव, योगेंद्र कुशवाहा, सुलतान अहमद, लक्ष्मण वर्णवाल, बबन चंद्रवंशी, लालजी प्रसाद, पप्पू दांगी, दुर्गादत्त कुमार, मधुसूदन राय, असलम अंसारी, प्रकाश पटवा, विनोद कुमार, गीता वर्मा, पुष्पेंदु पुष्प, मुन्ना पटवा, राज कुमार शाह, संतोष चौधरी, भीम विश्वकर्मा, बजरंगी सिंह, श्रीकांत प्रसाद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिले में वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चलाया जागरुकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** आगामी लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, गया डॉ0 त्यागराजन एसएम के निदेशानुसार जिले में स्वीप गतिविधि लगातार चलाई जा रही है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज सभी प्रखंडों में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए वहां बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम किए गए। इसके तहत आम लोगों और स्कूली बच्चों के बीच चुनाव पाठशाला, रैली, मतदाता शपथ, मॉक पोल, रंगोली इत्यादि के माध्यम से जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया। साथ ही जिले में जीविका के माध्यम से संगोष्ठी कर आम जनों के बीच मतदान के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। जिले में सभी विभागों से आवश्यक समन्वय कर मतदाता जागरूकता गतिविधियों को कराने हेतु आवश्यक समन्वय स्वीप कोषांग द्वारा किया जा रहा है।


**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं. 313_2023-24, दिनांक 28.02.2024;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा (सीनि. डीईएन/1/हावड़ा के क्षेत्राधिकार के लिए) नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का विवरण:** एसएसई/पी. वे/बैण्डेल अनुभाग के अधीन (i) किमी 38/0-55/0, (ii) अप/डाउन नैहाटी शाखा लाइन किमी. 2.500-8/0, (iii) 0.00-2.00 अप/डाउन कटवा लाइन, (iv) एम 46/11-एम 49/11 अवॉयडिंग लाइन के बीच पी. वे रखरखाव कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 1,45,71,231; **बयाना राशि:** रु. 2,22,900; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 18.03.2024 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-520/2023-24)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ओ/एसी/टी/184 से 187/23-24 (ओपन), दिनांक: 29.02.2024;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, केस सं.** ओ-एसी-टी-184-23-24; **कार्य का नाम:** एईएन/2/आसनसोल के अधीन 60 किग्रा/52 किग्रा टंग रेल, बिल्ट अप क्रॉसिंग तथा प्वाइंटों एवं क्रॉसिंगों की सीएमएस क्रॉसिंगों की रीकंडीशनिंग के साथ अन्य सभी आनुषंगिक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 21,87,499.25। **बयाना राशि:** रु. 43,800; **क्रमांक 2, केस सं.** ओ-एसी-टी-185-23-24; **कार्य का नाम:** एईएन/एचक्यू/आसनसोल के अधीन डीएमओ अस्पताल इत्यादि जैसी विभिन्न कॉलोनियों में 12 महीने की अवधि के लिए हॉर्टिकल्चर सम्पत्तियों की मरम्मत तथा रखरखाव के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 39,84,551.63। **बयाना राशि:** रु. 79,700; **क्रमांक 3, केस सं.** ओ-एसी-टी-186-23-24; **कार्य का नाम:** एईएन/II/आसनसोल के अधीन पुल सं. 536, 539 एवं 541 की आर.सी.सी. जैकेटिंग के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 7,04,11,245.05। **बयाना राशि:** रु. 5,02,100; **क्रमांक 4, केस सं.** ओ-एसी-टी-187-23-24; **कार्य का नाम:** सीतारामपुर-प्रधानखांटा के बीच जीसी अनुभाग में पुल सं. 43 अप एवं 43 डाउन की आर.सी.सी. जैकेटिंग के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,37,89,326.09। **बयाना राशि:** रु. 2,19,000; **कार्य हेतु समापन अवधि:** प्रत्येक क्रमांक के लिए 12 महीने। **बंद होने की तारीख एवं समय:** प्रत्येक क्रमांक के लिए 28.03.2024 को दोपहर 12.00 बजे। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। (ASN-235/2023-24)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## सेवानिवृत्ति पर सहायक पुस्तकाध्यक्ष को दी गई भावभीनी विदाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** स्थानीय एसएन सिन्हा कॉलेज के सहायक पुस्तकाध्यक्ष मो. मिनहजउद्दीन अहमद को महाविद्यालय परिवार की ओर से उनके सेवानिवृत्ति के दिन भावभीनी विदाई दी गई। गुरुवार को महाविद्यालय के सभागार में आयोजित विदाई सह सम्मान कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार रजक, वित्तेक्षक डॉ. सुबोध कुमार झा, डॉ. एनपी सिंह, डॉ. अख्तर रोमानी, प्रो. ओम प्रकाश वर्मा, प्रो. इंतखाब आलम, मो. सिम्मी, डॉ. बबलू कुमार, डॉ. कविंद्र भगत, कुमारी मानसी, शशिभूषण कुमार, राजीव नयन, रासनारायण भगत, संजय कुमार, ब्रजेश कुमार, रंजन कुमार, राजीव कुमार सिंह, मो. शमीम, सुनील कुमार, संटू कुमार, आजाद कुमार, सुमेश कुमार, निरंजन प्रसाद, बीटू कुमार, भवभूति पाल, छात्र नेता सुरजीत कुमार, विक्की कुमार, अंकित सहित सभी शिक्षक एवं कर्मियों ने अपने-अपने उद्गार व्यक्त किये।

# 3 मार्च को इंडिया गठबंधन की जन विश्वास महारैली पिछला सभी रिकार्ड ध्वस्त करेगी : कांग्रेस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** आई ए न डी आई ए गठबंधन के तत्वावधान में 03 मार्च 2024 को पटना के गांधी मैदान में आयोजित होने वाली लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ, जन विश्वास महारैली भीड़ के मामले में पिछले सारे रिकार्ड को ध्वस्त करेगी। गया जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में जन विश्वास महा रैली की व्यापक सफलता हेतु जिला के नेताओं, कार्यकर्ताओं की बैठक जिला अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई है। बैठक में उपस्थित बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, युगल किशोर सिंह, प्रदीप शर्मा, विद्या शर्मा, दामोदर गोस्वामी, राजीव कुमार सिंह उर्फ लबी सिंह, मोहम्मद खैर उद्दीन, श्रवण पासवान, भुवन राम, शशि कांत सिन्हा, संजय रंजन, उमेश सिंह, बाल मुकुंद पांडेय, जय प्रकाश यादव, रंजीत कुमार सिंह, प्रदीप मांझी, बबलू शर्मा, जितेंद्र यादव, शिव नाथ प्रसाद, रामजी प्रसाद, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, शांति देवी, ब्रजेश राय आदि ने कहा कि जन विश्वास महा रैली आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। जन विश्वास महा रैली में 2 मार्च से ही लोग विभिन्न ट्रेनों, छोटी, बड़ी गाड़ियों से पटना रवाना होंगे जो 3 मार्च के सुबह तक लगातार जायेंगे। पटना में 2 मार्च को रात्रि में पटना में अभियंता सेवा संघ भवन, मिलर हाई स्कूल, एवं सदाकत आश्रम में ठहरने की भी व्यवस्था है। नेताओं ने कहा कि गया जिला से जन विश्वास महा रैली में जाने वाले सभी नेता, कार्यकर्ता अपने-अपने हाथों में पार्टी की झंडा जरूर रखना है, जैसा कल प्रदेश कांग्रेस कमिटी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह द्वारा दिशा निर्देश जारी किया गया है। नेताओं ने कहा कि गया जिला से हजारों, हजार की संख्या में कांग्रेस पार्टी के नेता कार्यकर्ता समर्थक सभी 24 प्रखंडों, 323 ग्राम पंचायतों के गांव-गांव जायेंगे।


**बिहार सरकार**

**कार्यालय, नगर पंचायत, नवीनगर (औरंगाबाद)**

**आम सूचना सं0–05/2023–24**

नगर पंचायत , नवीनगर द्वारा शहर का वित्तिय वर्ष 2024–25 के लिए वार्षिक बजट तैयार किया जा रहा है । नगर पंचायत , नवीनगर क्षेत्र के नागरिकों , व्यवसायिक प्रतिष्ठानों , स्कूल ,कॉलेज , सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं से अनुरोध है कि अपना बहुल्य सुझाव अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक – 05.03.2024 तक उपलब्ध कराया जा सकता है , ताकि नगर निकाय क्षेत्र का विकासोन्मुखी एवं परिणाम बजट तैयार किया जा सके । निम्न बिन्दुओं पर नगर पंचायत , नवीनगर शहर के नागरिकों के द्वारा अपना बहुमूल्य सुझाव प्रदान किया जा सकता है :–

1. नवीनगर शहर में प्रदुषण नियंत्रण पर सुझाव ।
2. नवीनगर शहर को स्वच्छ बनाने हेतु सुझाव ।
3. अन्य कोई बहुमूल्य सुझाव ।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 18552 ( B & C ) 2023-24

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, नवीनगर

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है


## अपहरण कांड में गिरफ्तार, गया जेल

**कोंच।** बाराडीह गांव से कोंच पुलिस ने अपहरण कांड में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। कोंच थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कोंच थाना कांड संख्या 90/24 के अभियुक्त सूरज कुमार पिता स्व.बिगन दास ग्राम बाराडीह थाना मुफसिल जिला गया को अपहरण के कांड में पुलिस बल के सहयोग से गिरफ्तार किया गया और जेल भेजा गया है।

## अपहृता बरामद, 164 के बयान को भेजा न्यायालय

**कोंच।** कोंच पुलिस ने एक अपहृता को मुफसिल थाना क्षेत्र से बरामद कर गुरुवार को 164 बयान के लिए न्यायालय भेजा गया है। जानकारी देते हुए कोंच थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव से लड़की के पिता ने बीते दो माह पूर्व बहला-फुसलाकर अपहरण करने का मामला कोंच थाना में दर्ज कराया था जिसे ए एस आई रामजी मुर्मू ने महिला पुलिस बल के सहयोग से मुफसिल थाना क्षेत्र से बरामद किया और उसे 164 का बयान कराने के लिए न्यायालय भेजा गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–17/ औरंगाबाद/2023–24**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–219 अनु0 दिनांक–03.02.2024 के द्वारा निर्गत ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–17/औरंगाबाद 2023–24 जिसका पी0आर0नं0 016842 (BCD) 2023–24 है का अपरिहार्य कारणवश अवधि विस्तार किया जाता है।

**कार्य का नाम– राज्य योजना स्कीम के अन्तर्गत औरंगाबाद जिलाअंतर्गत संयुक्त कार्यालय(G+5) एवं कोषागार भवन(G+2) का निर्माण कार्य**

| क्र0सं0 | विवरण | पूर्व में निर्धारित तिथि | नवसंशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड करने की) तिथि एवं समय | 19.02.2024 से 11.03.2024 तक 3:00 बजे अपराह्न तक | 05.03.2024 से 25.03.2024 तक 3:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर | केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर |
| 3 | निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय | 19.02.2024 से 11.03.2024 तक 3:00 बजे अपराह्न तक | 05.03.2024 से 25.03.2024 तक 3:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान | (i) दिनांक–28.02.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक मुख्य अभियंता(द0) भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय (ii) दिनांक–27.02.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय | (i) दिनांक–13.03.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक मुख्य अभियंता(द0) भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय (ii) दिनांक–12.03.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड) | दिनांक 12.03.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक | दिनांक 28.03.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड) | तकनीकी बीड के उपरांत | तकनीकी बीड के उपरांत |
| 7 | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1 कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल,औरंगाबाद का कार्यालय। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय। 3. मुख्य अभियंता(द0) भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना का कार्यालय | 1 कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल,औरंगाबाद का कार्यालय। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय। 3. मुख्य अभियंता(द0) भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना का कार्यालय |

**शेष सभी शर्तें पूर्ववत रहेगी।**

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 018646 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है। इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268

**कार्यालय नगर परिषद, दाउदगनर (औरंगाबाद)**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–11/2023–24**

**सैरात की बन्दोबस्ती वर्ष 2024–25 हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, दाउदनगर के विभिन्न सैरातों के वित्तीय वर्ष–2024–25 के लिए बन्दोबस्ती हेतु सशक्त स्थायी समिति की बैठक दिनांक–22.02.2024 के प्रस्ताव सं0–02 द्वारा सर्वसम्मत किये गये सुरक्षित जमा निर्धारण उपरान्त निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती हेतु दिनांक–11.03.2024, 12.03.2024 एवं 13.03.2024 को निर्धारित की जाती है। उक्त तिथि तक डाक बन्दोबस्ती नहीं होने की स्थिति में पुनः दिनांक–14.03.2024 को कार्यालय नगर परिषद् दाउदनगर के सभा–भवन में की जाएगी।

**इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित भार्त का पालन करते हुए डाक में भाग ले सकते हैं :–**

| क्र0 सं0 | सैरातों का नाम | दिनांक | वसूली का प्रकार | वसूली हेतु निर्धारित दर | सूरक्षित जमा राशि | अग्रधन की राशि | निर्धारित समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहर में परिचालित व्यवसायिक ट्रैक्टर डल्ला/बस/ट्रक/छोटी गाड़ी/टाटा मैक्सी | 11.03.2024 12.03.2024 13.03.2024 14.03.2024 | व्यवसायिक ट्रैक्टर डल्ला | 30 रू0 प्रतिदिन | 1201000/– | 121000/– | 12:00 बजे पूर्वाह्न। |
| | | | बस /ट्रक | 40 रू0 प्रतिदिन | | | |
| | | | छोटी गाड़ी/टाटा मैक्सी | 30 रू0 प्रतिदिन | | | |
| 2 | शहर में परिचालित टेम्पू तीन चक्का पेट्रौल/तीन चक्का डिजल टेम्पू/चार चक्का डिजल टेम्पू ई– रिक्शा | 11.03.2024 12.03.2024 13.03.2024 14.03.2024 | टेम्पू तीन चक्का पेट्रॉल | 05 रू0 प्रतिदिन | 1151000/– | 116000/– | 12:30 बजे पूर्वाह्न। |
| | | | तीन चक्का डिजल टेम्पू | 12 रू0 प्रतिदिन | | | |
| | | | चार चक्का डिजल टेम्पू | 20 रू0 प्रतिदिन | | | |
| | | | ई–रिक्शा | 10 रू0 प्रतिदिन | | | |
| 3 | रोड साईड गुदड़ी, मछली मार्केट की वसूली, ठेला | 11.03.2024 12.03.2024 13.03.2024 14.03.2024 | एक ओड़िया | 04 रू0 प्रतिदिन | 551000/– | 55500/– | 01:00 बजे पूर्वाह्न। |
| | | | प्रति ठेला | 10 रू0 प्रतिदिनि | | | |
| 4 | स्लाटर हाउस | 11.03.2024 12.03.2024 13.03.2024 14.03.2024 | प्रति भैंसा | 30 रू0 प्रति जानवर | 131000/– | 13500/– | 01:30 बजे पूर्वाह्न। |
| 5 | होर्डिंग | 11.03.2024 12.03.2024 13.03.2024 14.03.2024 | – | – | 101000/– | 10500– | 02:00 बजे पूर्वाह्न। |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, दाउदनगर

PR- 018471 (B & C) 2023-24

मुख्य पार्षद
नगर परिषद, दाउदनगर

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# एसपीजी मानक के अनुसार सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : जिलाधिकारी

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में 150 कैमरे से होगी सभा स्थल की निगरानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पीएम मोदी की जनसभा को लेकर सुरक्षा मानकों के अनुसार विधि-व्यवस्था का खास इंतजाम किया गया है। यह बात समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कही। उन्होंने कहा कि 2 मार्च को शहर के एनएच-19 से सटे रतनुआ के समीप सभा स्थल बनाया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपीजी की पूरी टीम ने सभा स्थल पर कमान संभाल लिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर अनुमानित करीब 750 गाड़ियां शहर में प्रवेश करेगी। पार्किंग की व्यवस्था शहर के आस-पास ही किया गया है। जिला प्रशासन ने ट्रैफिक प्लान बनाया है जिसमें आज प्रातः सुबह 9 से शाम 6 बजे तक



औरंगाबाद में एनएच 19 पर बड़े ट्रेलर, केमिकल, इंडस्ट्रियल कंटेनर, पेट्रोल, डीजल भरे ट्रक, ट्रैक्टर, भारी मालवाहक आदि वाहनों को पूरी सख्ती से आवागमन पर रोक रहेगी, जबकि अग्निशमन वाहन एवं एंबुलेंस आदि आपातकालीन वाहन पर रोक नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि सभास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में सभी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने आम जनता से अनुरोध किया कि अपने साथ कार्यक्रम स्थल पर केवल मोबाइल फोन के अलावा किसी कोई अन्य सामग्री नहीं लाएं। जिला प्रशासन के नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि इस संबध में पार्टी नेताओं के साथ हमारी बैठक की गई है जिसमें जरूरी बिंदुओं पर बातचीत हुई हैं, ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सभा स्थल को रेड जोन घोषित किया गया है, इसके आस-पास कोई भी ड्रोन वर्जित रहेगा। उन्होंने कहा कि आसपास के जिले गया, अरवल, रोहतास एवं पलामू के डीएम-एसपी से बात हुई है जिसमें उनसे सहयोग की अपील की गई। मामले में हर तरह की एहतियात बरती जा रही है। डीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा रेलवे, जल शक्ति मंत्रालय एवं आईटीआई की योजनाओं का लोकार्पण होगा जो करीब 21 हजार करोड़ से उपर की योजनाएं होगी। पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि एसपीजी के मानक के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था की गई है। हर गतिविधियों से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय है। सभास्थल के आसपास के बड़ी संख्या में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की जाएंगी, जिसमें लेयर और मल्टी लेयर की सुरक्षा प्रदान की जाएगी। प्रवेश द्वार पर सघन जांच-पड़ताल की जाएगी। इस दौरान महिलाओं के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। एसपी ने लोगों से अपील करते हुऐ कहा कि केवल मोबाइल फोन के अलावा अन्य कोई सामग्रियां सभास्थल के अंदर नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे सभास्थल पर 150 कैमरे लगाए गए हैं। इससे रियल टाइम मॉनिटर करेंगे ताकि हर गतिविधियों पर नजर रखा जाएगा। इस दौरान भीड़ से निपटने के लिए पुलिस बल को लगाया गया है। इसके अलावा एसपी स्तर के सात पदाधिकारी कार्यक्रम को मॉनिटर करेंगे। ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा जिसमें आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। बड़े वाहनों को जिले के बार्डर इलाकों में रोका जाएगा ताकि ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित न हो।

# विवाहिता की मौत, पति पर हत्या का आरोप

■ मृतका के पति राशिद साह को पुलिस ने लिया हिरासत में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज।** प्रखंड के पचार गांव में गुरुवार की रात्रि राशिद शाह की 30 वर्षीया पत्नी मुनी शाह की मौत हो गई है। मृतका के परिजनों ने पति को आरोपित बनाते हुए मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। गुरुवार की रात्रि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति राशिद शाह को हिरासत में लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि आवेदन प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि राशिद शाह ने वर्ष 2011 में गांव के ही मुन्नी के साथ प्रेम विवाह किया था। दोनों के दाम्पत्य जीवन से दो पुत्र एवं एक पुत्री है।

## चुनाव को लेकर आम बैठक छह मार्च को

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** विधिक संघ दाउदनगर के नये पदाधिकारीयों का चुनाव के लिए संघ के सदस्यों की आम बैठक आगामी छह मार्च को होगी। संघ के महासचिव धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नौ अप्रैल को तीन वर्ष पूरा हो जायेगा, इसलिए चुनाव कराया जाना निश्चित है। छह मार्च को संघ के आम सदस्यों की बैठक बुलाई गयी है, जिसमें चुनाव के तिथि का निर्धारण किया जायेगा और चुनावी प्रक्रिया की तैयारी की जायेगी।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर मेधावी छात्र पुरस्कृत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय औरंगाबाद में देश के महान वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन पर नवंबर महीने में बिहार सरकार के विज्ञान, प्रोवैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित सर सीवी रमन टैलेंट सर्च इन साइंस परीक्षा में शामिल कक्षा 8वी एवं 9वी के औरंगाबाद जिले के टॉप 10 छात्रों को महाविद्यालय परिसर में मेडल, कैश प्राइज एवं सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। सम्मानित होनेवाले छात्र-छात्राओं में शालिनी प्रकाश, आल्यसा करीम, शारदा भारती, सफक कैनात, दीपक कुमार, आनन्द कुमार, कसीस कुमार, निखिल कुमार, ओमकार दुबे, शबा आष्मीन, आस्था कुमारी, अनुपम कुमारी, मोहित कुमार, भारती कुमारी, साक्षी कुमारी एवं सुरभि कुमारी शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग के जितेंद्र कुमार मौजूद रहें। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि एवं प्राध्यापक द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्रों को विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना है। महाविद्यालय के एकेडेमिक इंचार्च एवं कार्यक्रम के संयोजक प्रो. चन्दन कुमार ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय द्वारा कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों को महाविद्यालय के प्रोफेसर्स द्वारा प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है, जिसमे कोई भी छात्र आकर शिक्षा प्राप्त कर सकता है। इस कार्यक्रम के उपरांत सभी स्कूली छात्रों को महाविद्यालय परिसर एवं प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया गया।

# निशांत राज ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पुराना शहर वार्ड संख्या दो निवासी चंद्रवंशी चेतना मंच एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग चेतना मंच के अध्यक्ष निशांत राज ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इससे पूर्व वे जदयू युवा प्रकोष्ठ में थे। पटना स्थित रविन्द्र भवन में चंद्रवंशी चेतना मंच द्वारा आयोजित धन्यवाद सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राज्यसभा सांसद डॉ. भीम सिंह ने उन्हें अंग वस्त्र देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, डॉ. प्रेम कुमार, नितिन नवीन, संजय चौरसिया आदि उपस्थित थे। निशांत राज को पूरे बिहार में अति पिछड़ा समाज को संगठित करने का निर्देश दिया गया।

# सेवानिवृत शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (प्रखंड)।** ओबरा स्थित राजकीय मध्य विद्यालय सदीपुर-तकेया में सेवानिवृत्त सहायक शिक्षिका कुमारी नीलम देवी को प्रधानाध्यापक मृत्युंजय कुमार के अध्यक्षता में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित की गई। शिक्षक नेता कमलेश कुमार विकल, बुधन सिंह, सुनील कुमार विकल व सेवानिवृत प्रधानाध्यापक सह शिक्षक संघ के नेता अजीत कुमार ने कहा कि कुमारी नीलम देवी का विद्यालय में शैक्षणिक कार्यकलाप व गतिविधियां बेहद प्रशंसनीय रहा। वहीं राजकीय माध्यमिक विद्यालय गौरी सोनबरसा में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कपिल देव राम को विद्यालय के वरीय सहायक शिक्षक रविनंदन कुमार की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षक नेता बुधन सिंह, मनोज कुमार, मोहम्मद नसीबुद्दीन, मोहम्मद रेजा, धर्मेंद्र कुमार, सत्येंद्र नारायण सिंह व सेवानिवृत प्रधानाध्यापक सह शिक्षक नेता अजीत कुमार ने उनके विद्यालय के शैक्षणिक गतिविधि व विकास के लिए विशेष रूप से चर्चा करते हुए उन्हें एक आदर्श प्रधानाध्यापक बताया। वहीं राजकीय मध्य विद्यालय खुदवां में प्रधानाध्यापक सुनील कुमार को विद्यालय परिवार व ग्रामीण अभिभावकों ने विशेष रूप से गाजे-बाजे के साथ विदाई समारोह का आयोजन किया गया तथा उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करते हुए उन्हें एक सुयोग्य व कर्मठ प्रधानाध्यापक बताया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विदाई गीत की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को भाव विह्वल कर दिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया गया।




## एक नजर

### प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में श्रीराम निवास ने संभाला पदभार

**ओबरा (औरंगाबाद)।** सदर प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय जम्होर के प्रधानाध्यापक पुरुषोत्तम शर्मा बीते 29 फरवरी को सेवानिवृत हो हुऐ थे। उन्होंने विद्यालय के वरीय शिक्षक श्रीराम निवास राम को प्रभारी प्रधानाध्यापक का पदभार सौंपा। प्रभार लेने के बाद प्रभारी प्रधानाध्यापक ने कहा कि विद्यालय में छात्रों को गुणवतापूर्ण शिक्षा को ले हम भी दृढ़ संकल्पित रहेंगे। बता दे कि सेवानिवृत प्रधानाध्यापक पुरुषोत्तम शर्मा को 3 मार्च को भव्य विदाई समारोह विद्यालय परिसर मे आयोजित की जाएगी। इस समारोह में कई जिले के अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवी भाग लेंगे।

### एक साथ तीन ट्रैक्टरों से बैट्री की चोरी

**हसपुरा।** हसपुरा थानाक्षेत्र के टाल गांव में बीती रात एक साथ तीन ट्रैक्टरों से बैट्री चोरी होने का मामला सामने आया है। जिसे लेकर ट्रैक्टर मालिक पिन्टू कुमार ने हसपुरा थाना में लिखित आवेदन देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया जाता है कि तीनों ट्रैक्टर घर के आगे खड़ी थी। चोरी की घटना से टाल गांव के ग्रामीण दहशत में है। पिन्टू कुमार ने बताया कि प्रतिदिन की तरह चालक ट्रैक्टर लगाया था। सुबह जब ट्रैक्टर के पास गए तो देखा कि ट्रैक्टर का बैट्री बॉक्स टूटी हुई है।

# प्रधानमंत्री की सभा में दिखेंगे कई दिग्गज

■ जेडीयू सहित एनडीए के अन्य सहयोगी दलों के प्रतिनिधि होंगे सम्मिलित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नरेंद्र मोदी की शनिवार को प्रस्तावित आमसभा में कई दिग्गज मंच पर नजर आएंगे। प्रधानमंत्री बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मंच तो साझा करेंगे ही, इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, केंद्रीय मंत्री आर के सिंह, सांसद छेदी पासवान, विजय कुमार, चंदेश्वर चंद्रवंशी भी मौजूद रहेंगे। औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह तो मेजबान की भूमिका में है ही, भाजपा के वरिष्ठ नेता और मंत्री प्रेम कुमार, काराकाट के सांसद महाबली सिंह भी मौजूद रहेंगे। वजीरगंज विधायक वीरेंद्र सिंह के भी आने की सूचना है। उपेंद्र कुशवाहा के बारे में अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है कि वह औरंगाबाद की सभा में शामिल होंगे अथवा बेगूसराय की सभा में लेकिन उपमुख्यमंत्री विजय सिंह तथा सम्राट चौधरी के औरंगाबाद की सभा में उपस्थित होने की पूरी संभावना है। चिराग पासवान को लेकर भी अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है कि वह कल की सभा में औरंगाबाद में उपस्थित रहेंगे अथवा नहीं लेकिन इतना तय है कि उनकी पार्टी से कोई वरिष्ठ व्यक्ति जरूर मौजूद रहेगा। जहां तक संगठन का सवाल है भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक सहित राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर के कई बड़े नेता औरंगाबाद पहुंच चुके हैं तथा तैयारी का जायजा लिया है। प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा लगातार औरंगाबाद में कैंप किए हुए हैं वही संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया भी लगातार तैयारी पर निगाह रखे हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी के तमाम स्थानीय नेता जिसमें विधान पार्षद दिलीप सिंह, जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल कुमार सिंह सहित तमाम वरिष्ठ नेता शामिल हैं, लगातार सक्रिय हैं। भारतीय जनता पार्टी इस सभा को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। दूसरी और जनता दल यूनाइटेड ने भी इस सभा में अपनी सशक्त भागीदारी निभाने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं। जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष तथा पूर्व विधायक अशोक सिंह के नेतृत्व में एनडीए दलों की एक बैठक भी संपादित हो चुकी है जिसमें तैयारी को लेकर समन्वय स्थापित करते हुए काम किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# पीएम के कार्यक्रम में भाग लेने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज कारगिल शहीद एचपी गैस एजेंसी के संचालक सह भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति शिवदयाल प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में प्रखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को प्रधानमंत्री के आज के कार्यक्रम को लेकर आमंत्रित किया गया। श्री गुप्ता ने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2 तारीख को औरंगाबाद की धरती पर आगमन हो रहा है और उसी के मद्देनजर सभी से कार्यक्रम में भाग लेने हेतु निवेदन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी जिस उम्मीद से मुझे जिम्मेदारी दिया है, मैं उसे पर हमेशा तत्परता के साथ खड़ा उतारूंगा।

पूर्व मध्य रेल

**अधिसूचना**

पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 05 स्टेशनों 1. ऊँटारी रोड, 2 करवन्दिया 3. कष्ठा 4 मुठानी एवं 5. गंजख्वाजा के स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (एसटीबीए) की चयन हेतु अधिसूचना।
वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के एन.एस.जी.–6 श्रेणी के 05 स्टेशनों 1. ऊँटारी रोड, 2 करवन्दिया 3. कष्ठा 4. मुठानी एवं 5. गंजख्वाजा के लिए कमीशन बेसिस पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (एसटीबीए) के चयन हेतु 03 (तीन) वर्षों के लिए आवेदन आमंत्रित की जाती है।
**अधिसूचना संख्या**–काम/एसटीबीए/डी.डी.यू./24, दिनांक–28.02.2024
**1. कार्य का नाम एवं विवरणः** पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के एन.एस.जी.–6 श्रेणी के 05 स्टेशनों 1. ऊँटारी रोड, 2. करवन्दिया 3. कष्ठा 4. मुठानी एवं 5. गंजख्वाजा पर एसटीबीए का चयन, **2. कार्य की अवधिः** (03) तीन वर्ष, **3. अग्रधन राशिः** एन.एस.जी.–6 श्रेणी के लिए रू. 2000/– प्रति आवेदक, **4. आवेदन पत्र गिराने की तिथि, समय एवं स्थान :** आवेदन पत्र बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक, कोरियर, साधारण डाक अथवा स्वयं हाथो हाथ जमा करने की अंतिम तिथि 20.03.2024 तक कार्यालय अवधि 11.00 बजे से 17.00 बजे तक मंडल रेल प्रबंधक/वाणिज्य, पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय के प्राप्ति अनुभाग में दे। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जायेगा। बंद लिफाफा दिनांक 20.03.2024 को 17.30 बजे खोले जायेंगे, **5. वेबसाईट का पता– जिससे आवेदन का प्रारूप एवं संबंधित अन्य सभी विवरण प्राप्त किया जा सकताः** www.ecr.indianrailways.gov.in (Division-DDU, department-commercial) पर उपलब्ध है। **नोटः**– सक्षम अधिकारी किसी भी आवेदन या सभी आवेदनो को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
पीआर/02415/डीडीयू/सीओएमएल/एन/23–24/56 कृते मंडल रेल प्रबंधक (वा.)/पूर्व मध्य रेल/डी.डी.यू.



# लूटकांड मामले में 4 अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** जिले की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुथुट फाइनेंस और बंधन बैंक लूटकांड का खुलासा किया है। पुलिस ने इस लूटकांड में शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से एक पिस्तौल, एक मैगजीन, एक देसी कट्टा, पांच कारतूस, चार मोबाइल और 1 किलो 50 ग्राम चरस बरामद किया है। पुलिस इन गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार चारों अपराधी केसरिया थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं, जिसमें चांद परसा के रहने वाले बब्लू कुमार सहनी उर्फ लालू सहनी, भगवतिया गांव के रहने वाले रमेश सहनी और दीपक कुमार उर्फ आदित्य के अलावा बेतिया बसंत के रहने वाले भास्कर सहनी शामिल हैं। गिरफ्तार चारों का आपराधिक इतिहास है। गिरफ्तार दीपक कुमार केसरिया थाना क्षेत्र के एक हत्याकांड का वांछित है। वहीं बब्लू कुमार सहनी केसरिया और नगर थाना क्षेत्र में लूट व धोखाधड़ी का वांछित है। एसपी कान्तेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पिपराकोठी थाना क्षेत्र में कुछ अपराधियों के इकट्ठा होने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद एएसपी सदर शिखर चौधरी के नेतृत्व में पिपराकोठी पुलिस की एक टीम बनाई गई। पुलिस टीम ने नाकेबंदी कर चार अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों की तलाशी लेने के बाद उनके पास से हथियार, कारतूस और मादक पदार्थ बरामद हुए। अपराधियों ने पूछताछ में पिपराकोठी थाना क्षेत्र में मुथुट फायनांस और कोटवा थाना क्षेत्र में बंधन बैंक लूटकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इसके अलावा कई कांडों में इनकी तलाश थी। वहीं एसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया इनलोगों की गिरफ्तारी जिला पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

## कंटेनर ने बाइक सवार को कुचला, एक की मौत, दूसरा घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र के एनएच 27 पर दिपऊ मोड़ पर डुमरिया घाट की तरफ आ रही कंटेनर ने बाइक सवार दो युवक को कुचल दिया। एक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज चल रहा है। मृतक केसरिया थाना क्षेत्र के कठान गांव निवासी बताया गया है। बतादे कि मृतक अरेराज से कार्ड चढा कर आ रहा था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क को जाम कर दिया। घटनस्थल पर पहुंची पुलिस ने आवागमन शुरू कराया। थानाध्यक्ष राजरुप राय ने बताया कि घायल का बेहतर इलाज के लिए मोतिहारी भेजा जा रहा है। वही शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों सौप दिया जाएगा।

## भारतीय संस्कृति, संस्कृत और योग में निहित है विश्व कल्याण की भावना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मानविकी एवं भाषा संकाय के द्वारा 'संस्कृत - संस्कृति एवं योग' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया । इस व्याख्यान में अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने किया तथा मुख्यवक्ता महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ भूषण उपाध्याय रहे। मानविकी एवं भाषा संकायाध्यक्ष प्रो0 प्रसून दत्त सिंह ने अतिथियों का स्वागत वक्तव्य दिया, आपने कहा कि आज के मुख्य अतिथि एवं वक्ता महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ भूषण कुमार उपाध्याय संस्कृत विषय के विशिष्ट अध्येता रहे हैं। आपने संस्कृत और योग का विशिष्ट अध्ययन किया है और इन विषयों पर शोध करने के साथ ही प्रसिद्ध पुस्तकों का लेखन भी किया है । आपकी उपस्थिति से विश्वविद्यालय कृतकृत्य हो गया है। तदनन्तर समस्त समागत अतिथियों एवं विश्वविद्यालय के प्राचार्यों और छात्रों का समेकित स्वागत करते हुए इस व्याख्यान के विषय 'संस्कृत, संस्कृति और योग' की प्रस्तावना रखी। मुख्य वक्ता डॉ भूषण कुमार उपाध्याय ने कहा कि भारतीय संस्कृति सभी समुदाय के लोगों की मंगलकामना करती है जबकि अन्य किसी समुदाय, वर्ग, जाति, पन्थ में ये बात नहीं दिखलाई पड़ता है । वहीं सर्वत्र मंगलकामना के साथ ही जन समुदाय के अतिरिक्त प्रकृति में भी शान्ति की स्थापना की बात की गई है। यहां विश्व के सभी समुदाय, वर्ग के सुख - समृद्धि की बात को बताया गया है - 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।' महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.संजय श्रीवास्तव ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति हमें विनम्रता और सम्मान करना सिखाती है। प्राचीन भारतीय इतिहास और संस्कृति में हमें विभिन्न समस्याओं का समाधान मिल जाता है।

## 9 माह से 5 साल का एक भी बच्चा मिजील्स एवं रुबेला के टीके से नहीं रहे वंचित : सीएस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. शरत चंद्र शर्मा द्वारा बताया गया कि 2 वर्षों तक कोविड महामारी के दौरान 2020 से 2021 तक नियमित टीकाकरण प्राभावित रहा। 2022 से नियममित टीकाकरण को पुनः सुदृढ़ किए जाने के क्रम में कई कदम उठाए गए एवं अभी भी उठाए जा रहे हैं। जिले में मीजल्स एवम रुबेला के केस अभी भी मिल रहे हैं जबकि इसमें अपेक्षित कमी आई है। फिर भी यह आवश्यक है कि और कुछ कदम उठाए जाएं जिससे मीजल्स और रुबेला को नियंत्रित किया जाय। इसी क्रम में 1मार्च 2024 से 25 मार्च 2024 तक विशेष कार्ययोजना बनाकर, आशा द्वारा गहन सर्वे करवाया जायेगा, जिसमे छूटे हुए 9 माह से 5 साल के बच्चो की सूची तैयार की जाएगी, जिसको चरणबद्ध तरीके से आंगनबाड़ी केंद्रों पर बुलाकर अगले 1 माह में टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ श्रवण पासवान ने सभी प्रभारी चिकत्सा पदाधिकारी को जूम मीटिंग के माध्यम से आदेशित किया कि बीसीएम को नोडल बनाते हुए आशा द्वारा 1 सप्ताह में गहन सर्वे के पश्चात लाइन लिस्ट तैयार करवाते हुए इगख्र को सबसेंटर कार्ययोजना हेतु उपलब्ध करवाएं, ताकि उनका टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके।

## महापौर ने मेडिकल सेंटर का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** शहर के छतौनी बाजार नियर बस स्टैंड जलाल मेडिकल सेंटर में स्वर्ण पदक विजेता और पटना पीएमसीएच में कार्यरत, अल्ट्रासाउंड में फैलोशिप आईवीएफ में फैलोशिप स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमन तसलीमा का क्लिनिक का उद्घाटन शुक्रवार को मोतिहारी शहर की महापौर प्रीति गुप्ता के द्वारा फीता काटकर विधिवत तरीके से किया गया। श्री गुप्ता ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में एक बेशुमार नाम डॉ जलालुद्दीन साहब का है। डॉक्टर ऐमन तसलीमा मोतिहारी शहर में स्त्री रोग विशेषज्ञ और इनफर्टिलिटी के क्षेत्र में पहली ऐसी महिला चिकित्सा है जिनके यहां सर्जरी की भी व्यवस्था है। डॉक्टर ऐमन ने कहा कि हमारे यहां गर्भावस्था के समस्या का संपूर्ण इलाज, प्रसूति की उत्तम व्यवस्था, बच्चेदानी के कैंसर का इलाज मानसिक संबंधित बीमारियों का इलाज, परिवार नियोजन की सुविधा, स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन, बार - बार गर्भपात होने का इलाज, दूरबीन से बच्चेदानी निकालने की सुविधा ,बच्चा रोकथाम के उपाय आदि का सफल इलाज किया जाता है।

## जनता दरबार में 42 आवेदनकर्ताओं की हुई सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मोतिहारी।** डॉ राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिले भर के विभिन्न प्रखंडों से आए 42 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर सुनवाई की गई। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अपर समाहर्ता ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से कार्रवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधि सम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति, पंचायती राज विभाग, भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, वहीं राजस्व विभाग से संबंधित अधिकांश आवेदन प्राप्त हुए जिसका शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## फरार आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** जिले के रसूलपुर थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के असहनी गांव में छापेमारी कर एक अरसे से हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे आरोपित दिलीप सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। बताया जाता है कि फरार आरोपित दिलीप सोनी की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण छपरा व्यवहार न्यायालय में मामला लंबित चल रहा था।

## लोस चुनाव को लेकर सीमा पर सतर्कता बनाये रखें : कमांडेंट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**लोक सभा चुनाव को ले सीमा पर बढ़ाई गई चौकसी**

**प्रशिक्षित श्वान दस्ता से भी कराई जा रही चेकिंग**

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)।** आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 71वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल मोतिहारी के तत्वधान में सभी सीमा चौकियों को और सतर्क व चौकस रहने का निर्देश दिया गया है। एसएसबी कमांडेंट प्रफुल कुमार ने जानकारी देते बताया कि सीमा के पारंपरिक मार्गो पर चेकिंग और बढ़ा दिया गया है ताकि असामाजिक तत्वों या उपद्रवियों के कार्ययोजनाओं पर अंकुश लगाया जा सकें। एसएसबी के अधिकारी और स्थानीय प्रशासन संयुक्त रूप से मिलकर चुनाव के दौरान होने वाले आपातकालीन स्थितियों से निपटारे हेतु कार्ययोजना बनाई जा रही है। सीमा पर एसएसबी के जवानों द्वारा श्वान दस्ता की मदद से चेकिंग किया जा रहा है। जवानों के द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर आने-जाने वाले हर व्यक्तियों के पहचान पत्र की जांच पड़ताल की जा रही है तथा उनके आने-जाने के कारण को भी पूछा जा रहा हैं। एसएसबी द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों को भी चुनाव हेतु जागरूक किया जा रहा है। वही एसएसबी तथा नेपाल एपीएफ का सीमा पर ज्वाइंट पेट्रोलिंग भी किया जा रहा है।

## रूस में चल रहे वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल में बिहार की बेटी लहराएगी परचम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** रूस के सोची शहर में 1 मार्च से 7 मार्च 2024 तक चलने वाले वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल 2024 में पटना के भारत का प्रतिनिधित्व कर रही है। बिहार से एकमात्र कृतिका सुमन का चयन यंग सोशल जर्नलिस्ट की कैटेगरी में हुआ है। कृतिका सुमन पटना जिले के पालीगंज निवासी सतीश चन्द्र खत्री के पुत्री हैं। वह मैराथन, डांडिया, ग्रुप डांस के साथ ही बिहार- झारखंड में युवाओं की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक स्थिति पर पीपीटी भी पेश करेगी।

## ईस्ट चम्पारण डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन को मिला पिच रोलर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** ईस्ट चम्पारण डिस्ट्रिक्ट क्रिकेटएसोसिएशन को बहुप्रतीक्षित अपना पिच रोलर मिल गया हैं। स्थानीय गांधी मैदान मोतिहारी में आज रोलर का विधिवत उद्घाटन सम्पन्न हुआ। बीसीए गवर्निंग काउंसिल के कन्वेनर ज्ञानेश्वर गौतम के हवाले से जानकारी देते हुए इसीडीसीए मीडिया प्रभारी प्रीतेश रंजन ने बताया कि जिला प्रशासन पू.च. के सौजन्य से आज क्रिकेट एसोसिएशन पू.चं. को पिच रोलर प्राप्त हो गया। स्थानीय गांधी मैदान मोतिहारी के ग्राउंड - 3 पर उप विकास आयुक्त समीर सौरभ, सदर अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी श्रेष्ठ अनुपम, खेल पदाधिकारी गौरव कुमार, डीपीआरओ ज्ञानेश्वर प्रकाश, बीसीए गवर्निंग काउंसिल कन्वेनर ज्ञानेश्वर गौतम ने संयुक्त रूप से रोलर का उद्घाटन किया। उदघाटन के उपरांत पिच रोलर इसीडीसीए को समर्पित किया गया। जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी प्रीतेश रंजन ने बताया कि पूर्व जिला पदाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने अपने कार्यकाल के दौरान जिला में क्रिकेट के विकास के लिए इसीडीसीए को 10 लाख रुपये अनुमोदित किया था। उक्त राशि से ही लगभग 7 लाख रुपये मूल्य का यह पिच रोलर खरीदा गया हैं। शेष 3 लाख रुपये का उपयोग जिला में टर्फ विकेट के निर्माण कार्य मे किया जाएगा। मौके पर इसीडीसीए सचिव रवि राज, क्लब प्रतिनिधि अय्याज अहमद, खिलाड़ी प्रतिनिधि मधुरेन्द्र सिंह, गुलाब खान, प्रशिक्षक अभिषेक कुमार छोटू सहित क्रिकेट खिलाड़ियों व प्रशंसको की उपस्थिति रही।

## राजनीति विज्ञान के पहले शोधार्थी को मिली उपाधि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिहार के राजनीति विज्ञान विभाग के लिए एक ऐतिहासिक गाथा का स्वर्णिम पल रहा एवं शैक्षिक व अनुसंधान के विकास के क्रम में आशुतोष आनंद, राजनीति विज्ञान विभाग का पहला शोधार्थी रहा, जिसने अपने शोध को संपूर्ण कर पीएचडी उपाधि हेतु प्रस्तुति दी। डॉ. नरेंद्र सिंह, सहायक आचार्य, एमजीसीयुबी, के मार्गदर्शन में आशुतोष आनंद ने अपना शोध कार्य पूर्ण किया। आशुतोष आनंद के शोध का विषय ''प्रोफ़ेशनलाइजेशन ऑफ एलेक्शनिअरिंग इन इंडिया : अनलाइजिंग प्रोफेशनल कंसल्टैंट्स इम्पैटस ऑन एलेक्शंस (भारत में चुनाव प्रचार का व्यावसायीकरणः चुनावों पर रणनीतिकारों के प्रभाव का विश्लेषण)'' पर सफल मौखिकी परीक्षा के संपन्न होने के बाद शोध उपाधि प्रदान करने हेतु मौखिक परीक्षा समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गई। यह विषय अकादमिक समुदाय के लिए अत्यधिक महत्व रखता है, क्यों कि यह भारत में इस क्षेत्र में पहला डॉक्टरेट शोध है। वर्तमान परिदृश्य में इस शोध का महत्व अधिक दिखाई देता है, क्योंकि राजनीतिक दलों में रणनीतिकारों की बढ़ती भूमिका, इस बात का प्रतीक है। भारत में चुनावी परिदृश्य को बदलने में चुनावी रणनीतिकारों की भूमिका को देखते हुए यह विषय बहुत ही प्रासंगिक है। देश में चुनावी रणनीति बनाने वाली एजेंसीज के सन्दर्भ में दिशा - निर्देश देने वाली नीतियों की आवश्यकता पर चल रहा विमर्श इस शोध को अत्यंत ही समसामयिक बनाता है।

## केक काटकर मनाया नीतीश कुमार का जन्मदिन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गोह (औरंगाबाद)।** शुक्रवार को गोह प्रखंड मुख्यायल स्थित युवा जदयू कार्यालय में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 73वां जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान उपस्थित नेताओं व कार्यकर्ताओं ने केक काटकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विकास पुरूष के नाम से ऐसे ही नही जाने जाते हैं, बल्कि उन्होंने धरातल पर विकास की गंगा बहाई है। इस मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विनय पटेल, सांसद प्रतिनिधि अमरेश पटेल, गोह युवा जदयू प्रखंड अध्यक्ष राहुल चंद्रवंशी, युवा प्रखंड प्रवक्ता सौरव वर्मा, अतिपिछड़ा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष चंद्रशेखर बिंद, कौशलेंद्र सिंह, अरुण सिंह, रंजय सिंह,आत्मेश चंद्रवंशी, बिट्टू चंद्रवंशी सहित कई जदयू कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चोरी गई बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** चोरी गई बुलेट बाइक के साथ एक आरोपित को दाउदनगर थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपित अरवल जिले के किंजर थाना क्षेत्र के अमृत बिगहा गांव निवासी लक्ष्मण पासवान है। घटना के संबध में बीते 27 फरवरी को प्राथमिकी दर्ज कराई थी और बाइक का तलाश की जा रही थी, इसी क्रम में वाहन चेकिंग के दौरान आरोपित पकड़ा गया जिसमें पूछताछ के दौरान उसने आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। थानाध्यक्ष फहीम आजाद खां ने बताया कि चोरी गई एक बाइक के साथ आरोपित को गिरफ्तार किया गया है जिसके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया। चुनाव के मद्देनजर वाहन चेकिंग अभियान के तहत चलाया जा रहा है।

## बिहटा ने कंचन नगर को पराजित कर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** प्रखंड के देवहरा निवासी शहीद संतोष मिश्रा के स्मृति में आयोजित नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को देवहरा-पथरौल गांधी मैदान में बिहटा बनाम कंचन नगर के बीच खेला गया जिसमें टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बिहटा की टीम ने निर्धारित 20 ओवर से पहले सभी विकेट गंवाकर 157 रन का लक्ष्य रखा। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी कंचन नगर की टीम 17वें ओवर में 120 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। बेहतरीन खेल प्रदर्शन के लिए विजेता टीम के अर्जुन को मैन ऑफ द मैच व बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार दिया गया। वहीं मैन ऑफ द सीरीज उप विजेता टीम के रंजीत को चुना गया। विजेता टीम को बड़ी ट्राफी के साथ 40 हजार रुपए व उप विजेता टीम को छोटी ट्राफी के साथ 10 हजार रुपए खेल प्रोत्साहन के लिए आयोजकों द्वारा दिया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी एक से बढ़ कर एक खिलाड़ी हैं सिर्फ उनको उचित मंच की जरूरत है। अन्य अतिथियों में भाजपा नेता मोहन शर्मा, टूर्नामेंट आयोजक राजीव मिश्रा, संरक्षक मुन्ना सिंह, अजित बारी, पैक्स अध्यक्ष संजय गुप्ता, महावीर सोशल फाउंडेशन के बड़े-छोटे, मुखिया प्रतिनिधि सुनील प्रसाद, धीरज सिंह चौहान, गुड्डू गुप्ता, अजय सोनी के साथ मैच के अंपायर अंशु कुमार, सुजीत कुमार, स्कोर अमरजीत, विक्की, कॉमेंटेटर समर सिंह, नितीश यादव के साथ दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## वंशावली जमाबंदी को लेकर पंचायतवार शिविर आयोजित

**हसपुरा।** प्रखंड के सभी पंचायतों में शिविर लगाकर जमाबंदी का वंशावली बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसकी जानकारी सीओ कौशल्या कुमारी ने दी। उन्होंने बताया कि संबंधित राजस्व कर्मचारी से जमीन मालिक संपर्क करें और दाखिल-खारीज (जमाबंदी) के लिए आवेदन कुमार ललन सिंह को मलहारा एवं टाल, महेंद्र कुमार चौधरी सोनहथु एवं कोईलवां, विनय कुमार शर्मा ईटवां एवं अमझरशरीफ, विनय कुमार पीरू एवं पुरहारा, अभिषेक कुमार जैतपुर एवं अहियापुर, दिवाकर कुमार डुमरा, विवेक देव डिण्डीर एवं धुसरी तथा हसपुरा पंचायत का सुमित कुमार जमाबंदी सबंधी कार्य को देखेंगे।

## सांसद ने माता सती स्पोर्ट्स कप विजेता पंजाब हाता टीम को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड क्षेत्र में स्थित रसूलपुर के सती स्थान परिसर में माता सती स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में एकमा, एकारी, सरयुपार व पंजाब हाता की टीमों ने अपने अनुशासित एवं उम्दा प्रदर्शन से सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। विजेता टीम पंजाब हाता ने उपविजेता एकारी को 3-1 से मात देते हुए जीत हासिल किया। खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने नौजवानों से एक स्वस्थ एवं अनुशासित समाज के निर्माण की पहल के साथ कार्यक्रम की खूब सराहना की। मैच का उद्घाटन करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी के साथ स्पोर्ट्स क्लब की स्थापना के समय से ही कार्यक्रम में हमेशा सक्रिय रहने वाले पूर्व विधायक धूमल सिंह ने कहा कि खेलकूद एवं यह सामाजिक पहल युवाओं को एक नया दिशा देगी। माता सती स्पोर्ट्स क्लब के विशेष सहयोगी रहे श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन पटना के अध्यक्ष प्रण शर्मा ने अपने प्रतिनिधि प्रकाश चंद झा के माध्यम से खिलाड़ियों के लिए विशेष पुरस्कार की व्यवस्था के साथ समाज के सर्वांगीण विकास के लिए इन कार्यो को एक अद्‌भुत पहल बताया। मौके पर सभी टीमों का उत्साहवर्धन करते हुए समाजसेवी संदीप पांडेय ने पंजाब हाता के भोलू कुमार को मैन ऑफ द सीरीज के रूप में साइकिल प्रदान किया। इस आयोजन में विजेता रहे पंजाब हाता व उपविजेता रहे एकारी के अद्‌भुत खेल प्रदर्शन के बीच दर्शकों की भीड़ के साथ राष्ट्रीय एथलेटिक विकास सिंह राठौर व शूटिंग प्लेयर मनु ओझा ने नकद पुरस्कारो के साथ खिलाड़ियों में जोश भरने का काम किया। कार्यक्रम के बीच अभिभावक सम्मान समारोह व सैनिक सम्मान समारोह में शौर्य चक्र से सम्मानित विक्की कुमार पांडेय व डिप्टी कमांडेंट के साथ कोबरा कमांडो बंटी उपाध्याय, जवान अफसर अली चंदन कुशवाहा, डॉ अमित तिवारी आदि जैसे काफी संख्या में सैनिकों को सम्मानित करते हुए भजन गायक रमेश सजल द्वारा देशभक्ति गीत व रत्नेश रतन के सुपुत्र बाल कलाकार रौनक रतन के गीत ''गांव मेरा मुझे याद आता रहा..!

# सड़क किनारे खेत में पलटी कार, बाल-बाल बचे सवार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग-19 के समीप बारून थाना क्षेत्र के सनथुआ व सिंदुरिया गांव के बीच एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे खेत में पलट गई। इस घटना में कार सवार दो लोग बाल-बाल बच गये। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के शाहपुर मुहल्ला निवासी अखिलेश कुमार अपने एक दोस्त के साथ कार में सवार होकर अमौना गांव गृह प्रवेश का कार्ड बाटने गये थे। वापस लौटने के दौरान सनथुआ व सिंदुरिया गांव के समीप कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चार्ट में पलट गयी। हालांकि कार सवार अखिलेश व उनका दोस्त बाल-बाल बच गये। उस सुनसान इलाके में कार में दबे होने के बावजूद किसी तरह दोनों बाहर निकले। इस दौरान कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। सूचना पर औरंगाबाद शहर से यशवंत कुमार, अमरेंद्र कुमार व अन्य लोग घटनास्थल पर पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त कार को सीधा कर खेत से सड़क पर पहुंचाया।

## ट्रक की ठोकर से वृद्ध घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** एनएच 139 के भखरूआं मोड़ पर ट्रक के धक्के से एक वृद्ध घायल हो गय। घायल की पहचान शहर के पुराना शहर वार्ड संख्या-9 कुर्मी टोला निवासी विश्वकर्मा सिंह के रूप में की गई है। बताया जाता है कि वे अपने घर से किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुंगेर के जमालपुर जाने हेतु भखरूआं मोड़ पहुंचे थे, एक ट्रक ने धक्का मार दिया और वे गंभीर रूप से जख्मी हो गये। स्थानीय लोगों के सहयोग से अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया है।

# ट्रकों से बेतरतीब जाम लगने से जनजीवन त्रस्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर से अनुग्रह नारायण रोड जानेवाली सडक पर आए दिन बेतरतीब ट्रकों के आवाजाही एवं जाम लगने से आम जीवन त्रस्त हो गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं बिहार सरकार से मांग किया है कि इस तरह के जाम से निजात पाने के लिए बाईपास का निर्माण किया जाए एवं जब तक बाईपास का निर्माण ना हो जाए तो ऑफिशियल एवं बच्चों के कोचिंग, स्कूल के समय में ट्रकों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए। जब जाम लग जाती है तो विद्यालय के बच्चों को परेशानी होती है एवं पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। दुर्घटना की हमेशा आशंका भी बनी रहती है। कभी-कभी ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों की ट्रेने भी छूट जाती हैं। साथ ही साथ यह भी मांग किया कि स्टेशन परिसर एवं बस स्टैंड पर यातायात पुलिस की ड्यूटी भी लगाई जाए। मोर डिहरी से स्टेशन होते हुए बाजार जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण किया जाए।

CMYK

# देश के लिए नजीर बनी बिहार में लागू 'प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना'

## ऊर्जा के क्षेत्र में मिली अभूतपूर्व सफलता, राजस्व में इजाफा के साथ ही बिजली चोरी पर कसा शिकंजा

मुरली मनोहर श्रीवास्तव

**पटना।** वर्ष 2005 से पहले बिहार को लालटेन युग से जाना जाता था। यहां पर बिजली की खास्ता हालत थी। गांव की बात छोड़िए, शहर में 24 घंटे लोग बिजली के लिए तरसते थे लेकिन वर्ष 2005 में नीतीश कुमार के सत्ता संभालने के बाद धीरे-धीरे ही सही बिहार में बिजली की स्थिति में सुधार देखने को मिलने लगा। पहले सरकार ने शहरों में 24 घंटे बिजली देने के लक्ष्य को पूरा किया और फिर सुदूर गांवों में भी बिजली के तार और ट्रांसफॉर्मर लगाए गए लेकिन बिहार में बिजली चोरी नासूर बन चुकी थी। शहर हो या गांव टोका फंसाकर और मीटर में छेड़छाड़ कर बिजली चोरी करना आम प्रचलन में था। इससे सरकार को राजस्व की जबरदस्त हानि हो रही थी। सरकार ने बिजली चोरी रोकने के लिए छापेमारी दस्ते का गठन किया। छापेमारी होने लगी, फाइन भी होता था लेकिन कुछ दिनों बाद फिर वही कहानी शुरू हो जाती। ऊर्जा विभाग लोगों के टोका फंसाकर और मीटर में छेड़छाड़ कर बिजली चोरी से परेशान हो चुकी थी लिहाजा इस लाइलाज बीमारी को जड़ से ठीक करने के लिए सरकार के द्वारा प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना लाई गई। इससे टोका फंसाकर और मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी करनेवाले लोगों पर शिकंजा कसा गया। इससे सरकार को राजस्व में हो रही हानि पर भी अंकुश लगा। साथ ही लोगों को कई फायदे भी हुए। बिजली चोरी रोकने, बिल भुगतान, मीटर रीडिंग और अन्य तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए बिहार के सभी घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का काम शुरू किया गया है। बिहार दुनिया का इकलौता राज्य है जहां गांव-गांव में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। बिजली बिल में गड़बड़ी और बिल जमा करने की समस्या से लोगों को छुटकारा मिला। लोगों को अपनी खपत के मुताबिक मीटर रिचार्ज करने की सुविधा मिली। अपने सुविधानुसार मीटर बंद और चालू करने की सहूलियत से लोगों को काफी फायदा हुआ। सबसे बड़ी बात कि लोग अब अपने मोबाइल के जरिए ही प्रीपेड स्मार्ट मीटर को हैंडल कर पाते हैं। बिहार देश का पहला और एकमात्र राज्य है जिसने अपने यहां प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना की शुरुआत की। हालांकि शुरू में इसको लेकर काफी विरोध हुआ, बिल में गड़बड़ी की शिकायत की गई लेकिन जब इसके फायदे सामने आने लगे तो आज देश के अन्य राज्य भी इस योजना को अपनाने पर विचार कर रहे हैं। वर्ष 2019 में स्मार्ट प्री-पेड बिजली मीटर के कई लाभों को देखते हुए सभी बिजली उपभोक्ताओं के मौजूदा मीटर को स्मार्ट प्री-पेड मीटर से




बदलने की योजना बनाई गई। फरवरी 2021 में ईईएसएल ने अपने स्मार्ट मीटर राष्ट्रीय कार्यक्रम के हिस्से के रूप में बिहार में 2.34 मिलियन स्मार्ट प्रीपेड मीटर की स्थापना के लिए साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की पटना में 13वीं बैठक में बिहार के स्मार्ट प्रीपेड मीटर की सराहना की गई है। बिहार सरकार की ओर से गुड प्रैक्टिस के रूप में स्मार्ट प्रीपेड मीटर संबंधी प्रस्तुतीकरण दिया गया जिसमें सदस्य राज्यों ने बिहार के इस प्रैक्टिस को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के लिए चयनित भी कर लिया। अब इस प्रैक्टिस को परिषद की अगली बैठक में अन्य राज्यों द्वारा लागू करने पर विचार किया जाएगा। हाल ही में बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिहार में लगनेवाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लिए नया कानून बनाने और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने की जिम्मेदारी ली है। बिजली कंपनी की ओर से बिहार विद्युत विनियामक आयोग से कहा गया है कि बिहार में स्मार्ट मीटर रेगुलेशन बनाने के लिए आयोग को ही रेगुलेशन का ड्राफ्ट जारी करना होगा। ड्राफ्ट जारी होने के बाद इसपर जनता की राय ली जाएगी। कंपनी भी अपनी ओर से अपना पक्ष रखेगी। कंपनी ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर को और कारगर बनाने हेतु आयोग के समक्ष कुछ और प्रस्ताव भी पेश किए हैं, मसलन उपभोक्ता मोबाइल पर तीन बार मैसेज आने के बावजूद मीटर रिचार्ज नहीं कराता है तो बिजली काट दी जाएगी। इसके बाद यदि उपभोक्ता दुबारा कनेक्शन लेता है तो उससे कितना चार्ज लिया जाए? बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड (बीएसपीएचसीएल) ने देश में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी ने अबतक 20 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का आंकड़ा पार कर लिया है जो देश में कुल लगाए गए स्मार्ट प्रीपेड मीटर का 80 प्रतिशत से भी अधिक है। बिहार में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। वर्ष 2018 में नॉर्थ और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनर्जी एफिशियंसी सर्विसेज लिमिटेड से करार किया और इसके बाद वर्ष 2019 में मंत्रिमंडल की बैठक में स्मार्ट प्रीपेड मीटर राज्य में लगाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही पावर होल्डिंग कंपनी ने वर्ष 2024 तक पूरे बिहार में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह बिजली कंपनी की अबतक की सबसे बड़ी योजना है। मुख्यमंत्री ने हाल ही में राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के शेष 112 लाख उपभोक्ताओ के परिसर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए राज्य योजना अंतर्गत 12509.74 करोड़ रुपये की लागत की योजना का कार्यारंभ किया है। बिहार में हुए बिजली सुधार को कोई नकार नहीं सकता है। जदयू, राजद, भाजपा, कांग्रेस या कम्युनिस्ट पार्टियों के अलावे जो भी पार्टियां सत्ता में रही हों या विपक्ष में अपने चुनावी भाषण में बिजली सुधार का फायदा लेती रही है। इस बीच, बिहार में लागू स्मार्ट प्रीपेड मीटर को अब पूरे देश में लागू करने का प्रस्ताव दिया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश आम बजट में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को देशभर में लागू करने का प्रस्ताव दिया है। केंद्र की इस घोषणा के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने काफी प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि यह स्वागत योग्य कदम है। प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की बिहार की योजना अब पूरे देश में लागू होगी।




### औरंगाबाद-बेगूसराय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा आज

# कार्यक्रम को लेकर बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को बिहार आ रहे हैं। 2 मार्च को औरंगाबाद और बेगूसराय में पीएम मोदी का कार्यक्रम निर्धारित है। पीएम के आगमन को लेकर बिहार में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। वहीं दोनों शहरों में ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। शनिवार को दोनों जिलों के कार्यक्रमों को लेकर निर्धारित रूटों पर वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी।

### औरंगाबाद में ट्रैफिक को लेकर रहेगी ये पाबंदी

औरंगाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर शनिवार को एनएच दो पर बड़े वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी। बड़े वाहनों के आवागमन पर यह पाबंदी सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक रहेगी। इसको लेकर प्रशासन द्वारा आवश्यक निर्देश जारी कर दिया गया है। औरंगाबाद जिला मुख्यालय से सटे रतनुआ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर यह सूचना जारी की गयी है। निर्देश के अनुसार बड़े ट्रेलर, केमिकल, इंडस्ट्रियल कंटेनर, पेट्रोल, डीजल से भरे ट्रक, ट्रैक्टर, भारी मालवाहक आदि वाहनों के आवागमन पर पूरी सख्ती से रोक रहेगी। वहीं अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस आदि आपातकालीन वाहन पर रोक नहीं रहेगी।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या वीवीआईपी गतिविधियों से संबंधित कोई सूचना देना हो तो औरंगाबाद पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 06186-291016 पर संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम को लेकर सभी आमलोगों से अपील की गयी है कि अपने साथ कार्यक्रम स्थल पर केवल मोबाइल फोन के अलावा कोई भी अन्य सामग्री नहीं ले जायेंगे। जिला प्रशासन द्वारा दिए गए नियमों का पालन सख्ती से कराया जाएगा।

### बेगूसराय में पीएम मोदी की जनसभा

वहीं 2 मार्च को बेगूसराय के उलाव हवाई अड्डा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा होगी। इसको लेकर सभी आवश्यक प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में है। यह बातें कारगिल भवन में डीएम रोशन कुशवाहा एवं एसपी मनीष ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कही। डीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में वी-वीआईपी पार्किंग की व्यवस्था एनएच-31 पर अवस्थित पोलटेक्निक कॉलेज एवं इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रांगण में की गयी है।

### वाहनों की पार्किंग

पटना, मोकामा एवं लखीसराय से आने वाले वाहनों की पार्किंग बीहट चांदनी चौक रिफाइनरी रोड होते हुए सावित्री उच्च विद्यालय के मैदान में की गयी है। बरौनी जीरोमाइल की तरफ से आने वाले वाहन की पार्किंग देवना इंडस्ट्रियल एरिया कैंपस में की गयी है। बीएमपी-8 की तरफ से आने वाले वाहन और मटिहानी एवं अन्य स्थानों से गुप्ता लखमिनिया बांध होते हुए आने वाले वाहनों की पार्किंग बीएमपी-8 में की गयी है। खगड़िया एवं साहेबपुरकमाल की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था जीडी कॉलेज, जेके प्लस टू विद्यालय तथा सेंट पॉल (नियर जीडी कॉलेज) में की गयी है। मंझौल की तरफ से आने वाले वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था बाजार समिति एवं आईटीआई मैदान में की गयी है। डीएम ने बताया कि 02 मार्च को सुबह 08:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक राजेन्द्र पुल पर वन-वे रहेगा। जहां पटना की ओर से बरौनी, बेगूसराय की तरफ गाड़ी आयेगी। वहीं शाम 04:00 बजे से रात 10:00 बजे तक बरौनी बेगूसराय की तरफ से मोकामा पटना की ओर गाड़ी जायेगी। 2 मार्च को प्रधानमंत्री कार्यक्रम को लेकर वाहनों के परिचालन के लिये वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गयी है। मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, दरभंगा से खगड़िया, मुंगेर, पूर्णिया जाने के लिए दलसिंहसराय, रोसड़ा, दौलतपुर, मालीपुर के रास्ते जायेगी। पटना से भागलपुर, पूर्णिया जाने के लिये पटना, हाजीपुर, मुसरीघरारी, रोसड़ा, बखरी के रास्ते जायेगी। बरौनी-जीरोमाइल से खगड़िया जाने के लिये भगवानपुर, वीरपुर, मंझौल, बखरी होते खगड़िया जायेगी।







# पीएम मोदी की सभा में लोगों को आमंत्रित करने सड़क पर उतरे औरंगाबाद सांसद



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री की शनिवार को प्रस्तावित जनसभा में लोगों को आमंत्रित करने के लिए औरंगाबाद के सांसद सुशील सिंह सहित तमाम वरिष्ठ नेता शुक्रवार को सड़कों पर उतरे तथा बाइक रैली, रोड शो एवं पदयात्रा कर लोगों को इस जनसभा में आने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभ हुआ है और देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। प्रधानमंत्री द्वारा संचालित योजनाओं से देश में गरीबी कम हुई है तथा लोगों को आयुष्मान भारत योजना, खाद्यान्न सुरक्षा सहित कई स्तरों पर सहायता प्राप्त हुई है। महिलाओं के सम्मान तथा उनकी सुरक्षा के लिए महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रधानमंत्री के द्वारा कई महत्वपूर्ण काम किए गए हैं। यह ऐतिहासिक अवसर है जब प्रधानमंत्री औरंगाबाद में आ रहे हैं और इस दौर में वे औरंगाबाद सहित बिहार को कई बड़ी सौगातें देंगे। ऐसी स्थिति में औरंगाबाद के निवासी अधिक से अधिक संख्या में सभा स्थल में पहुंचकर प्रधानमंत्री के प्रति अपना आभार, प्रेम और स्नेह प्रदर्शित करेंगे। भाजपा नेताओं ने कहा कि अयोध्या में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा कश्मीर में धारा 370 का हटाया जाना प्रधानमंत्री के नेतृत्व कौशल का ही प्रतीक है। सांसद के साथ कई प्रमुख नेता भी इस रैली में मुख्य पार्षद उदय गुप्ता, भाजपा के वरीय नेता सुनील सिंह, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष शुभेन्दु शेखर, पंकज वर्मा, पिन्टू गुप्ता, शिव गुप्ता, पुरूषोत्तम कुमार एवं अन्य लोग लोग शामिल रहे।









# गिरफ्तार नेताओं की रिहाई को लेकर किसानों ने निकाला प्रतिरोध मार्च

## पीएम के कार्यक्रम में मौन जुलूस निकालने जा रहे किसान नेताओं को पुलिस ने लिया हिरासत में




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** पुलिस की दमनकारी नीति के खिलाफ व किसान नेताओं की रिहाई को लेकर शुक्रवार को किसान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले जिले के किसानों द्वारा प्रतिरोध मार्च निकाला गया। यह मार्च अखलासपुर से जिला मुख्यालय एकता चौक होते हुए सदर थाना परिसर पहुंचा। किसान आक्रोश मार्च का नेतृत्व जिलाध्यक्ष विमलेश पाण्डेय ने किया। इस दौरान किसानों ने जमकर जिला प्रशासन व पुलिस तंत्र मुर्दाबाद के नारे लगाए। मौके पर मौजूद किसान संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष विमलेश पाण्डेय ने मीडिया को बताया कि 2 मार्च को औरंगाबाद में पीएम मोदी की सभा होनी है। आयोजित होने वाली सभा के ठीक पहले औरंगाबाद में मौन जुलूस निकालने के जिला के सैकड़ों किसान जा रहे थे। इस बात की सूचना कैमूर पुलिस को हुई। इसके बाद पुलिस द्वारा औरंगाबाद जा रहे किसान नेता पशुपतिनाथ सिंह को गिरफ्तार कर भभुआ थाने में बैठा दिया गया है एवं भारतीय किसान यूनियन बिहार के अध्यक्ष दिनेश सिंह को गिरफ्तार कर सर्किट हाउस मोहनियां में बैठा दिया गया है। गिरफ्तार नेताओं की रिहाई के लिए किसान यह आक्रोश मार्च निकालकर थाने पर आए हुए हैं। इस दौरान थाना परिसर पहुंचे किसानों ने कहा कि गिरफ्तार किसान नेताओं को रिहा करो वर्ना हम सभी को भी गिरफ्तार करो। हालांकि किसानों के प्रतिरोध को देखते हुए पुलिस की नर्मी देखी गई और हिरासत में लिए दोनों नेताओं को रिहा कर दिया। इस प्रतिरोध मार्च से अभिमन्यु सिंह, अनिल सिंह, कमला सिंह, अजय सिंह, विक्की सिंह, अमित रंजन सिंह, प्रभात सिंह, श्याम नारायण सिंह, संजय सिंह, वकील सिंह, लाला सिंह, छोटू प्रजापति, वकील हसन आदि शामिल रहे।

# ईवीएम स्थल का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** अनुमंडल क्षेत्र के जवाहरलाल नेहरू कॉलेज में डीएम नवीन कुमार तथा एसपी विनीत कुमार ने अनुमंडलस्तरीय विधि व्यवस्था की समीक्षा बैठक की।

राज्य में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जिला प्रशासन जुट गया है। जिला मुख्यालय स्थित ईवीएम व वीवीपैट भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने ईवीएम मशीन के रख-रखाव की स्थिति से रूबरू हुए। साथ ही उप निर्वाचन पदाधिकारी को कई निर्देश दिया गया। इस दौरान डीडीसी विजय कुमार पांडेय, एसडीएम सूर्यप्रताप सिंह, एएसपी शुभांक मिश्रा, अवर निर्वाचन पदाधिकारी संतोष कुमार आदि थे।

# तेज रफ्तार कार ने महिला को कुचला, मौत




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** प्रखंड क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर डढांव गांव के समीप एक तेज रफ्तार कार ने युवती को धक्का मार दिया जिससे उसकी मौत हो गयी। महिला को ग्रामीणों द्वारा आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। महिला अरविंद खरवार की पत्नी मीरा देवी बतायी गयी है। आनन-फानन में ग्रामीणों ने तत्काल दिनारा थाना को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना को अंजाम देकर वाहन भागने में सफल रहा। पुलिस वाहन की तलाश कर रही है।

# पंचायत समिति की बैठक में कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** स्थानीय प्रखंड स्थित बहुद्देशीय भवन में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक हुई। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, मनरेगा, आपूर्ति, आवास योजना, नल-जल सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर समीक्षा के साथ चर्चा हुई। प्रखंड प्रमुख घुरा सिंह यादव की अध्यक्षता व बीडीओ दृष्टि पाठक की देख रेख में बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व की पंचायत समिति की बैठक में ली गयी योजनाएं सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में बड़कागांव पंचायत के मुखिया अमरेंद्र पाण्डेय ने कहा कि मेरी पंचायत समेत पूरे प्रखंड युवा सूखे नशा का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन में जागरूकता लाने की अपील की। वही उप प्रमुख सुनील यादव ने कहा कि 2011 के सर्वे के अनुसार ही लोगों का आयुष्मान कार्ड बना है जिसमें बहुत लोगों का नहीं बन पाया है। पीएचसी प्रभारी ने बताया कि अब कार्ड बन रहा है हो सकता है इसमें बने। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि सरकार की जो भी योजना चल रही है, उसकी सूचना जन प्रतिनिधियों को दी जाए। उन्होंने कहा कि अमीर का राशन कार्ड बन गया वही गरीब इससे वंचित रह गए। उन्होंने कहा कि कुछ कर्मियों द्वारा आपसी रंजिश के कारण लोगों का राशन कार्ड आज तक नहीं बनने दिया। इस पर बीडीओ ने कहा कि किसी भी कल्याणकारी योजनाओं को गलत रिपोर्ट देने वाले कर्मियों के ऊपर दंडात्मक कार्यवाई की जाएगी। प्रमुख ने कहा कि कर्मचारी का कोई आता पता नहीं चलता है। सीओ अनु कुमारी ने कहा कि सभी कर्मचारी आधार सीडिंग को लेकर क्षेत्र में ही है। उन्होंने कहा कि मंगलवार, बुधवार व गुरुवार को जमाबंदी को लेकर शिविर लगाया जा रहा है, जो पंचायत सचिव से वंशावली बनाकर देनी है। मौके पर पीएचसी प्रभारी रमेश कुमार, बीपीआरओ दिव्य शक्ति, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तेजश्वी आनंद, पीओ प्रसून कुमार, जीविका बीपीएम अनिल कुमार चौबे सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# प्रधानाध्यापक के विदाई समारोह में बच्चे हुए भावुक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** डिहरी प्रखंड क्षेत्र के भूसहुला प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिंह को सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में दिखे अभिभावक स्कूली बच्चे एवं अध्यापक। बताया गया कि प्रधानाध्यापक लगभग 6 वर्षों से इस विद्यालय में सेवा देने का कार्य कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता भूतपूर्व अध्यापक हृदयानंद सिंह ने किया। समारोह में मौजूद लोगों ने प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिंह को फूलमाला और अंग वस्त्र भेंट करते हुए अबीर गुलाल लगाकर भींगी पलकों से विदाई किया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानाध्यापक का व्यक्तिगत स्वभाव बहुत ही मृदुल एवं सरल था जिसके कारण लोगों से एक अच्छा संबंध एवं विद्यालय के पठन-पाठन संचालन विधि व्यवस्था में कभी कोई परेशानी नहीं आई वही सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय परिसर में बिताया गया समय उनके लिए काफी महत्वपूर्ण था। विद्यालय के सही समय पर संचालन एवं बच्चों को उचित मार्गदर्शन का हमेशा कार्य किया गया है जिसके लिए सभी शिक्षक का सहयोग हमेशा रहता था।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बदल दी बिहार की तस्वीर : डॉ निर्मल कुशवाहा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मोहन विगहा स्थित पटेल स्मारक स्थल पर पटेल स्मारक समिति के अध्यक्ष मोद नारायण सिंह की अध्यक्षता में देश के सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री विकास पुरुष नीतिश कुमार का 74 वां जन्म दिन समारोह केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर निर्मल कुशवाहा ने कहा कि देश के सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री विकास पुरुष नीतीश कुमार का जन्मदिन समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बदल दी बिहार की तस्वीर। बिहार में आर्थिक सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्र में दशकों तक छाई जड़ता को हटाकर हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाना एक समय असंभव सा माने जाने वाला लक्ष्य कहा जाता था, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे संभव बनाया और विकास की गति तेज कर दी। इन्होंने सात निश्चय में आर्थिक हल युवाओं को बल आरक्षित रोजगार महिलाओं का अधिकार हर घर बिजली हर घर नल का जल, घर घर पक्की गली नालियां शौचालय निर्माण कर एक मिसाल कायम किया। मोद नारायण सिंह ने कहा कि नीतिश कुमार ने बिहार का नाम पूरे देश स्तर पर पहुंचाने का काम किया है। जद यू के जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के स्मारक के नीचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्म दिन समारोह मना रहे। उन्होंने उनके माता-पिता को भी प्रणाम करते हुए मुख्यमंत्री के विकास कार्यो की चर्चा की। जन्मदिन समारोह को राजकुमार पटेल उर्फ बंटी, अमित पटेल, कृष्णा पटेल, महाराणा प्रताप उर्फ गुड्डू पटेल, मुमताज अंसारी, सुनील कुशवाहा, अब्दुल कलाम आजाद, देवेंद्र प्रसाद गुप्ता, मुन्ना कुशवाहा, डब्लू कुशवाहा सहित कई लोगों ने अपने-अपने विचार प्रकट किया। इस मौके पर मंजू गुप्ता, मालती देवी, लीला देवी, सुशीला देवी, राम जी ठाकुर, प्रमोद कुशवाहा सहित काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# भाजपा के लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर कार्यशाला



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** स्थानीय भाजपा मंडल का लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला मंडल भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यशाला की शुरुआत भारत माता, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। 1 मार्च से 5 मार्च तक चलने वाले इस अभियान के कार्यशाला में लाभार्थी संपर्क अभियान के संबंध में कार्यकर्ताओं को जानकारी और प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर मौजूद प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि इस अभियान को कार्यकर्ता पूरी सक्रियता निभाते हुए घर-घर जनसंपर्क का लाभार्थी संपर्क अभियान को सफल बनाने का कार्य करेंगे। लाभार्थी संपर्क अभियान का उद्देश्य केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को व्यक्तिगत संपर्क करना है। इस अभियान के दौरान पार्टी के कार्यकर्ता रामगढ़ मंडल के सभी पंचायत स्तर पर लाभार्थियों के घर-घर पहुंचेंगे। कार्यकर्ताओं के द्वारा घर-घर लाभार्थियों से संपर्क कर प्रधानमंत्री का प्रणाम पहुंचना है तथा पत्रक देना, स्टीकर लगाना एवं लाभार्थियों के मोबाइल से मिस्ड कॉल करना है। लाभार्थियों के साथ फोटो एवं उनके अनुभव का वीडियो बनाकर सरल ऐप पर अपलोड करना है। मंडल के प्रत्येक कार्यकर्ता प्रदेश द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार ही लाभार्थी संपर्क अभियान को पूरा करेंगे। वहीं प्रशिक्षक के रूप में जिला महामंत्री राजीव श्रीवास्तव मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष धनंजय सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष मदन मोहन पांडेय, रामगढ़ विधानसभा के विस्तारक संजीव पांडेय, बूथ अध्यक्ष प्रमोद सिंह, बूथ अध्यक्ष शेषनाथ गुप्ता, भाजपा नेता संजय सिंह, मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बिहारी बिंद, पंचायत के संयोजक मांधाता श्रीवास्तव, महामंत्री वीरेंद्र खरवार, महामंत्री विजय तिवारी, नगर अध्यक्ष संजय जयसवाल, दीपक यादव, नीतीश यादव एवं अन्य कार्यकर्ता भाग लिए।

# संत शिरोमणि रविदास महायज्ञ में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**करगहर।** रोहतास अंतर्गत करगहर में 29 फरवरी 2024 को संत शिरोमणि रविदास महायज्ञ के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करगहर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी महेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। महेन्द्र प्रसाद गुप्ता अपने संबोधन में उपस्थित सभी ग्राम वासियों व प्रखंड वासियों का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया। लोगों से महायज्ञ में अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग एवं शारीरिक सहयोग करके सफल बनाने का आह्वान किया।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा प्रणाली के लिए संक्षिप्त निविदा सूचना सं.: एएसएन/08 ऑफ 2023-24, दिनांक 28.02.2024;** उप मुख्य अभियंता/निर्माण/I/पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए दो पैकेट प्रणाली में ई-निविदा हेतु निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नामः** अंडाल-दुर्गापुर स्टील एक्सचेंज यार्ड तथा एम्प्टी यार्ड में बुनियादी सुविधाओं में कमी से संबंधित बुनियादी सुविधाओं का विकास। **अनुमानित मूल्यः** रु. 12.75 करोड़। **बोली सुरक्षाः** रु. 7,87,700; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** 12 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 22.03.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोलियां उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव अगर प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

(CON-103/2023-24)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# श्री अरविंद का अभिव्यक्ति दिवस मनाया गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** श्री अरविंद पुदुचेरी में एक आध्यात्मिक अभ्यास विकसित किया जिसे उन्होंने इंटीग्रल योग कहा। उनकी दृष्टि का केंद्रीय विषय मानव जीवन का दिव्य शरीर में दिव्य जीवन के रूप में विकास था। वह एक आध्यात्मिक अनुभूति में विश्वास करते थे जिसने न केवल मानव प्रकृति को मुक्त किया बल्कि उसे रूपांतरित भी किया जिससे पृथ्वी पर दिव्य जीवन संभव हो सका। स्थानीय श्रीअरविंद सोसायटी बिहार प्रदेश के तत्वावधान में संपन्न हुए निबंध प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह एवं अतिमानस के अभिव्यक्ति दिवस (स्वर्णिम दिवस) पर प्रदेश अध्यक्ष नारायण लाल दास ने उक्त बातें कही।

# विहंगम योग समारोह 6 से 8 मार्च तक

## विहंगम योग अपनी सशक्त साधन पद्धति के लिए जाना जाता है : पीयूष



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सद्गुरु आचार्य श्री धर्मचंद्रदेव जी महाराज की 105 वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर 5100 कुण्डीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ एवं संत समागम महर्षि सदाफल देव आश्रम, कटार बडीहा, डिहरी में 6 से 8 मार्च तक विहंगम योग समारोह होगा। कार्यक्रम समन्वयक अमरंजय दूबे के अनुसार प्रथम परंपरा सद्गुरु आचार्य श्री धर्मचंद्र देव जी महाराज का परम पुनीत प्रादुर्भाव फागुन कृष्ण त्रयोदशी महाशिवरात्रि सन 1919 ईस्वी दिन शुक्रवार को हुआ था। आगे चलकर आपको सन 1954 ईस्वी माघ शुक्ल पंचमी को ब्रह्मविद्या विहंगम योग के प्रथम परंपरा सद्गुरु का पद विहंगम योग के प्रणेता अनंत श्री सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज द्वारा अपने शरीर का परित्याग करने के पूर्व प्रदान किया गया। प्रथम परंपरा सद्गुरु आचार्य श्री धर्मचंद्र देव जी महाराज वैदिक वांग्मय, दर्शन, संत-साहित्य के प्रकांड विद्वान थे। आपकी सशक्त लेखनी द्वारा जिन अद्वितीय आध्यात्मिक सद्ग्रंथों की रचना की गई है, वे सभी आपका यशोगान करते प्रतीत होते हैं। स्वर्वेद-भाष्य प्रथम एवं द्वितीय खंड आपकी रचनाओं में प्रमुख है। प्रथम परंपरा सद्गुरु ने विहंगम योग के सिद्धांत एवं साधना को स्पष्ट धरातल प्रदान किया।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर की सफलता को ले बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** प्रखंड के ग्राम खजुरा में सर्वेश्वरी समूह शाखा की देखरेख में बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता शाखा मंत्री प्रदीप कुमार सिंह उर्फ झुन्ना सिंह एवं संचालन मनीष कुमार सिंह सर्वेश्वरी समूह शाखा प्रयाग द्वारा किया गया। बैठक में 3 मार्च रविवार को 10+2 श्री बजरंग बली उच्च विद्यालय खजुरा में होने वाले निः शुल्क चिकित्सा शिविर को सफल बनाये जाने हेतु रणनीति बनायी गयी। इस शिविर में परामर्श दिया जाएगा और निः शुल्क दवा का भी वितरण किया जायेगा। हेमोग्लॉबीन, बीपी, शुगर एवं मलेरिया की निःशुल्क जांच भी की जाएगी। प्रयाग शाखा के वरीय पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि 3 मार्च को होने वाले निःशुल्क चिकित्सा शिविर में डॉक्टर एस पी सिंह विशेषज्ञ दंत चिकित्सक प्रयाग राज, डॉ यू पी सिंह बाल रोग विशेषज्ञ प्रयाग राज, डॉ सुधीर जनरल फिजिशियन एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ धनबाद, डॉक्टर रंजन नारायण हृदय रोग विशेषज्ञ रांची, डॉ हरिशंकर सिंह बाल रोग विशेषज्ञ बनारस, डॉक्टर संजय सिंह सर्जन प्रयाग राज, डॉक्टर एम एल गुप्ता जनरल फिजिशीय पटना, डॉ मंजू सिंह स्त्री रोग विशेषज्ञ बनारस, डॉ कमला मिश्रा स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रताप गढ़, डॉक्टर पद्मा मिश्रा स्त्री रोग विशेषज्ञ लखनउ, कर्नल डॉ विवेक सिंह दंत रोग विशेषज्ञ प्रयागराज, डॉ करण प्रयागराज, डॉ विश्व रत्न एक्युपंचर धनबाद, डॉ बी एन राय नेत्र रोग विशेषज्ञ डेहरी, डॉ संजय तिवारी नेत्र रोग विशेषज्ञ प्रयाग राज, डॉ आशुतोष प्रयाग राज, डॉ पंकज नेत्र रोग प्रयाग राज, डॉ उपेंद्र होमियो पैथ सासाराम, डॉक्टर विजय कुमार होमियो पैथ बनारस, डॉ के के सिंह होमियो पैथ बनारस, डॉ वैभव दन्त रोग विशेषज्ञ बनारस, डॉ शशि स्त्री रोग विशेषज्ञ गढ़वा, डॉक्टर विवेक जनरल फिजिशियन बनारस, डॉ रविशंकर तिवारी फिजीशियन कैमूर इत्यादि लोग उपस्थित होंगे।

# गर्मी के दबिश देने के साथ ही शीतल पेय पदार्थों की बिक्री बढ़ी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** कोचस प्रखंड के विभिन्न इलाकों में गर्मी के दबिश देते ही शीतल पेय पदार्थों की मांग बढ़ने लगी है। हालांकि अभी सुबह शाम लोगों द्वारा सर्दी महसूस की जा रही है। वहीं मौसम का मिजाज खराब होने पर लोगों को काफी सर्दी का अहसास महसूस हो रही है। फिर भी इसके बावजूद भी शीतल पेय पदार्थों की मांग में काफी उछाल देखने को मिल रही है। धीरे-धीरे दुकानदारों द्वारा थम्सअप से लेकर अन्य केमिकल पदार्थों से निर्मित पेय पदार्थों की दुकानें सजने लगी है, लेकिन शहर में सबसे अधिक मांग विभिन्न फलों के जूस की है। शहर में काफी नागरिकों द्वारा सेवन करते हुए कभी भी देखा जा सकता है। इस संबंध में कोचस चौक पर जूस निकाल बिक्री करने वाले दुकानदार अप्पू कुमार केशरी का कहना है कि यह धंधा सर्द मौसम में काफी कम था, लेकिन जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है। इसका मांग जोरों पर है।

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-कॉन-जीईएनएल-150-2024-एनआईटी, निविदा 27.02.2024; निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-कॉन-जीईएनएल-150-2024;** उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, 371-तेलकल घाट रोड, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन हेतु पर्याप्त वित्तीय क्षमता तथा समुचित अनुभव रखने वाले अनुभवी विद्युतीय ठेकेदारों, साझेदार फर्मों इत्यादि से ई-निविदा प्रक्रिया के जरिए खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नामः** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में कमारकुंडु तथा चंदनपुर में बॉक्स पुशिंग के जरिए एलएचएस के निर्माण के संबंध में पानी निकासी के लिए पम्प का प्रावधान तथा कमारकुंडु में स्टाफ क्वार्टरों के संबंध में विद्युतीय (जी) कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 1,52,56,792; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **बयाना राशिः** रु. 2,26,300; **समापन अवधिः** 06 (छह) महीने। **बंद होने की तारीख एवं समयः** 20.03.2024 को दोपहर 12.00 बजे। निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है तथा ऊपर उल्लेखित निविदा बंद होने की तारीख एवं समय को अथवा उससे पहले इस निविदा के तहत ऊपर उल्लेखित निविदा दस्तावेज की कीमत तथा बयाना राशि का ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत वहां बोलियां जमा की जा सकती है। इस निविदा के तहत ऊपर उल्लेखित सभी दस्तावेज के साथ सभी पहलुओं में परिपूर्ण निविदाएं **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा दस्तावेज, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी संशोधनी (यदि कोई हो) तथा अन्य मूल जानकारियां **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा सूचना का विस्तृत विवरण उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण, 371-तेलकल घाट रोड, हावड़ा-711101 के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

(CON-102/2023-24)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**कार्यालय :– नगर पंचायत, लातेहार**

**बन्दोबस्ती आम सूचना (2nd Call)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती वर्ष 2024–25 (01 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक) के लिये खुली डाक बोली द्वारा दिनांक– 09.03.2024 को 11.30 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी।

| क्र० सं० | सैरात का नाम | पूर्व की बन्दोबस्त राशिकी राशि | वर्ष 2024–25 की न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि सुरक्षित जमा राशि का 10% | सैरात का आवेदन शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बस स्टैण्ड, लातेहार | 1497120.00 | 1721690.00 | 172170.00 | 1000.00 |
| 02 | गुरूवार सप्ताहीक बाजार डुरूआ | 155000.00 | 178250.00 | 17825.00 | 1000.00 |
| 03 | कानी हाउस, लातेहार | 7000.00 | 8050.00 | 810.00 | 1000.00 |
| 04 | मुख्य सब्जी बाजार, धर्मपुर | 491000.00 | 564650.00 | 56470.00 | 1000.00 |
| 05 | नगर पंचायत, लातेहार अन्तर्गत चलने वाले रिक्सा, साईकिल एवं ठेला पर कर निर्धारण (टोकन लगाने) हेतु डांक। | 9372.00 | 10778.00 | 1080.00 | 1000.00 |
| 06 | कन्या मध्य विद्यालय, लातेहार के चाहर दिवारी के बगल में चयनित दो पहीया एवं चार पहीया पार्किंग स्थल हेतु डांक। | 231400.00 | 266110.00 | 26620.00 | 1000.00 |

नोट 1 छदम नाम से डाक बोलने वाले तथा भ्रम, अशान्ति पैदा करने वाले , न्यूनतम डाक की राशि से कम डाक की बोली बोलने वाले पर जमानत की राशि जब्त करते हुए कड़ी कानूनी कारवाई की जायेगी।

2 कार्यालय अवधि में कार्यालय सूचना पट्ट/कार्यालय से सम्पर्क कर इस कार्य हेतु लागु किये गये नियम एवं शर्तो को देखा जा सकता है या लातेहार जिला के वेवसाईड **www.latehar.nic.in** पर देखा या डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 321006 (Urban Development)23-24*D

**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।**

**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 16/2023–24**

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 188/जि0प0, दिनांक 28.02.2024 द्वारा प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में पलामू जिला के चयनित 12 पंचायत भवनों का मरम्मति कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त– 1 के अनुसार जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर निविदा आमंत्रित की जाती है :–

1 विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
2 परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 07.03.2024 से 09.03.2024 को अपराह्न 4:00 बजे तक
3 निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 11.03.2024 (अपराहन 1:00 बजे तक)
4 निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक 11.03.2024 (अपराहन 2:00 बजे से)
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
6 निविदा प्राप्ति/जमा करने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
7 निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
8 कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्राम पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पाँकी | पगार खूर्द | पंचायत भवन पगार खूर्द का मरम्मति। | 950000.00 | 19000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 2 | नीनाम्बर–पीताम्बरपुर | कुन्दरी | पंचायत भवन कुन्दरी का मरम्मति। | 944000.00 | 19000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 3 | नीनाम्बर–पीताम्बरपुर | रजहारा | पंचायत भवन रजहारा का मरम्मति। | 976000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 4 | नीनाम्बर–पीताम्बरपुर | हरतुआ | पंचायत भवन हरतुआ का मरम्मति। | 944000.00 | 19000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 5 | नीनाम्बर–पीताम्बरपुर | दारूडीह | पंचायत भवन दारूडीह का मरम्मति। | 944000.00 | 19000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 6 | नीनाम्बर–पीताम्बरपुर | पूर्णाडीह | पंचायत भवन पूर्णाडीह का मरम्मति। | 944000.00 | 19000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 7 | नीनाम्बर–पीताम्बरपुर | पीपरा खूर्द | पंचायत भवन पीपरा खूर्द का मरम्मति। | 973000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 8 | नीनाम्बर–पीताम्बरपुर | डबरा | पंचायत भवन डबरा का मरम्मति। | 976000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 9 | नीनाम्बर–पीताम्बरपुर | चौरा | पंचायत भवन चौरा का मरम्मति। | 845000.00 | 17000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 10 | नीनाम्बर–पीताम्बरपुर | कुराईन पतरा | पंचायत भवन कुराईन पतरा का मरम्मति। | 941000.00 | 19000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 11 | नीनाम्बर–पीताम्बरपुर | ओरिया कला | पंचायत भवन ओरिया कला का मरम्मति। | 976000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 12 | नीनाम्बर–पीताम्बरपुर | नीनाम्बर–पीताम्बरपुर | पंचायत भवन लेस्लीगंज का मरम्मति। | 946000.00 | 19000.00 | 2500.00 | 3 माह |

नोट–
1. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
2. परिमाण विपत्र की राशि किसी भी सरकारी बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (जो जिला अभियंता, जिला परिषद पलामू के पदनाम से होगा जो डालटनगंज मे भुगतेय होगा) जमा करना अनिवार्य होगा।
3. राशि की उपलब्धता के आलोक में ही योजनाओं पर भुगतान किया जा सकेगा।
निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते **www.palamu.nic.in** एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

PR 320990 District(23-24)D

# बिहार की सभी 40 सीटें मोदी की झोली में डालेंगे : अजय आलोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डाली जाएगी। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने शुक्रवार को औरंगाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सबका साथ सबका विकास के जिस नारे के साथ अपने कामकाज की शुरुआत की थी आज उसका असर चारों तरफ नजर आ रहा है। समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों तक भी सरकार की योजनाओं का लाभ सीधा पहुंच रहा है और आज 80 करोड़ लोगों को सरकार की ओर से मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबी मिटाने की दिशा में मुद्रा योजना जैसी योजनाओं ने क्रांतिकारी पहल की है तथा सामुदायिक स्वास्थ्य की दिशा में आयुष्मान भारत जैसी योजना ने एक नई क्रांति की है। उन्होंने कहा कि देश दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था में तब्दील हो चुका है और लगातार विकास दर ऊंची होती जा रही है। बिहार की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में सवा लाख करोड़ के पैकेज की घोषणा की थी जो आज समूचा बिहार इसे देख रहा है। यह जो गैस पाइपलाइन, नए नेशनल हाईवे, ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे बना रहे हैं जिसमें बक्सर हाईवे, सागर माला हाईवे आदि शामिल है, यह सब उसी पैकेज का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि बिहार को लगातार पैकेज मिल रहे हैं, बड़ी योजनाएं मिल रही हैं और नीति आयोग के गठन के बाद से बिहार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बिहार में यह परिवर्तन महसूस किया जा रहा है और इस वजह से बिहार की सभी सीटें इस बार लोकसभा के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दलों को प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश ने सामरिक मोर्चे से लेकर खेलों के मैदान तक बहुत ही बेहतर प्रदर्शन किया है। आज हम मंगल और चांद पर पहुंच चुक चुके हैं तथा विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने कहा कि धारा 370 हटाने जैसे मुद्दों को पूरी पारदर्शिता से और प्रतिबद्धता के साथ मोदी सरकार ने निष्पादित किया जिसका नतीजा है कि कश्मीर में पूर्ण शांति है और कश्मीर विकास के रास्ते पर बढ़ चला है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भारत की सांस्कृतिक एकता के प्रतीक के रूप में दुनिया के सामने है।

## प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में शामिल होंगे जीतन राम मांझी

**औरंगाबाद।** हम पार्टी के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में शनिवार को औरंगाबाद में शामिल रहेंगे। मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता श्याम सुंदर शरण ने बताया कि दिल्ली कार्यालय से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए श्री मांझी को निमंत्रण मिला है। वे वहां कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे।

## प्रधानमंत्री की सभा में उमड़ेगा जन सैलाब : सुशील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री के औरंगाबाद आगमन की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह दावा किया है कि प्रधानमंत्री की सभा में अभूतपूर्व जन सैलाब उमड़ेगा। इस प्रेस वार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक के साथ औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह, विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू गुप्ता, जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कुमार सिंह, मनीष पाठक, मितेंद्र कुमार सिंह, कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र प्रभारी उदय प्रताप सिंह एवं अन्य नेता मौजूद थे। सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर औरंगाबाद में खासा उत्साह है और यहां के लोग उन्हें देखने-सुनने को आतुर हैं। इससे साफ जाहिर है कि प्रधानमंत्री की जनसभा में अभूतपूर्व जन सैलाब उमड़ेगा तथा अब तक के सारे रिकॉर्ड टूट जाएंगे। दूसरी ओर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह वस्तुतः सरकारी कार्यक्रम है लेकिन जनता का इतना सहयोग, समर्थन, स्नेह मिल रहा है कि यह कैसे विशाल जनसभा में तब्दील हो गया यह हमें पता नहीं चला। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपार लोकप्रियता और जन स्वीकार्यता का सबसे बड़ा प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता से जुड़ी हुई पार्टी है जिसका नतीजा जनसभा में इस तरह से उमड़ती भीड़ है।

## मोदी को सुनने रोहतास-शाहाबाद से भी बड़ी संख्या में आएंगे लोग : राजू गुप्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू गुप्ता का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शनिवार को प्रस्तावित सभा में उन्हें सुनने के लिए रोहतास-शाहाबाद से भी बड़ी संख्या में लोग आएंगे। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जिले में इस सभा के आयोजन से पड़ोसी जिले रोहतास में भी उत्साह की लहर है। वहां से लोग स्वतः स्फूर्त तरीके से बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जिस तरह से समाज के सबसे पिछड़े और कमजोर तबके को ध्यान में रखकर अपनी योजनाएं बनाई और उनका दृढ़ता से अनुपालन किया इसको लेकर समाज के हर तबके में उत्साह की लहर है। लोग प्रधानमंत्री के प्रति अपना समर्थन तथा प्यार जताना चाहते हैं इसलिए वह औरंगाबाद की जनसभा में पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास तथा भारत की ऐतिहासिक सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक बन चुके हैं जिनके साथ अपार जन समर्थन है। लोगों ने उनकी नीतियों को बेहद पसंद किया है और उनकी नीतियों से आम लोगों को भी बहुत लाभ हुआ है।

## प्रधानमंत्री की सभा होगी ऐतिहासिक : अरविंद सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की औरंगाबाद की जनसभा ऐतिहासिक होने जा रही है क्योंकि आज तक औरंगाबाद के इतिहास में इतनी भीड़ कभी नहीं देखी गई होगी। यह बात भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हाल ही में राहुल गांधी तथा तेजस्वी यादव औरंगाबाद आए थे जिनकी सभाएं एक छोटे से मैदान में आयोजित की गई थी पर वह मैदान भी पूरा नहीं भर पाया था। इसकी तुलना अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा से की जाए तो अंतर साफ नजर आ जाता है। आज 20 एकड़ भूखंड पर सभा स्थल बनाया गया है लेकिन इस बात की पूरी आशंका है कि जितनी भीड़ आ रही है उसके लिए यह स्थान भी कम पड़ेगा। उन्होंने बताया कि गांव-गांव से लोग प्रधानमंत्री की आमसभा में शामिल होने के लिए कल सुबह से ही निकल पड़ेंगे और पूरा औरंगाबाद जिला मुख्यालय ही मोदी की सभा में तब्दील हो जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों को लेकर जिस तरह का उत्साह का वातावरण पूरे क्षेत्र में है उसे पता चलता है कि प्रधानमंत्री की लोकप्रियता कितनी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि हालाँकि यह सरकारी कार्यक्रम है लेकिन प्रधानमंत्री के प्रति आस्था की वजह से यह बहुत बड़ी जनसभा में बदल गया है।

## सतीश सिंह के नेतृत्व में मोदी की सभा के लिए चला जनसंपर्क अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में जिले के विभिन्न इलाकों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर समाज के हर तबके में काफी उत्साह है। लोग अपने नायक को देखने सुनने को उत्सुक है और इतना तय है कि प्रधानमंत्री की औरंगाबाद की जनसभा ऐतिहासिक जनसभा साबित होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित विकास योजनाओं का लाभ लोगों को सीधा मिला है और लोगों ने पहली बार जाना है कि उनके लिए भी विकास योजनाएं संचालित की जाती हैं। महिलाओं में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर विशेष उत्साह है क्योंकि महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रधानमंत्री ने कई महत्वाकांक्षी योजनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा औरंगाबाद को जनसभा के लिए चुना जाना यह बताता है कि प्रधानमंत्री के हृदय में औरंगाबाद को लेकर विशेष स्थान है। यहां से वे औरंगाबाद तथा बिहार के भविष्य के लिए कई बड़ी घोषणाएं कर सकते हैं जिसका लाभ आने वाली पीढियां को मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री की जनसभा को और बेहतर बनाने के लिए प्रयत्नशील है तथा जनसभा की तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

















